राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 359
लखनऊ, मंगलवार 01 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

पुठरी मंदिर महंत व उनके बेटे समेत चार पर मुकदमा दर्ज 10
अंकित हत्याकांड के दो शूटर मुठभेड़ में ढेर 03

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,56,920/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,43,850/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,730/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### पांच लाख तक आय वालों को भी मिलेगी इलाज में मदद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एससी-एसटी परिवारों के लिए गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता का दायरा बढ़ा दिया है। अब सालाना पांच लाख रुपये तक आय वाले परिवार भी इस सहायता के पात्र होंगे। पहले यह सीमा तीन लाख रुपये थी। हार्ट, ब्रेन व स्पाइन सर्जरी, कैंसर समेत गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दी जाने वाली सहायता राशि में भी बढ़ोतरी की गई है।

### हाईवे परियोजनाओं में एआई तकनीक अनिवार्य

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। अब 20 किलोमीटर से अधिक लंबाई और 500 करोड़ रुपये से ज्यादा लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में ऑटोमेटेड एंड इंटेलिजेंट मशीन-एडेड कंस्ट्रक्शन (एआई-एमसी) तकनीक अनिवार्य होगी। इसका इस्तेमाल एम्बैंकमेंट, सबग्रेड और ग्रैन्युलर सब-बेस समेत निर्माण की प्रमुख परतों में पूरे परियोजना क्षेत्र में किया जाएगा।

### 40 फीसदी ज्यादा ताकतवर हुआ अल नीनो

**नई दिल्ली।** एक अध्ययन के मुताबिक बीते 40 वर्षों में अल नीनो की तीव्रता पूर्व-औद्योगिक दौर की तुलना में करीब 40 फीसदी बढ़ी है। वैज्ञानिकों ने गैलापागोस द्वीपसमूह के आधुनिक और प्राचीन प्रवालों का अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकाला। शोधकर्ताओं के अनुसार, करीब 1000 वर्षों में अल नीनो की ऐसी तीव्रता असामान्य है। दिल्ली एसआईआर- ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, 47 लाख 56 हजार नाम हटाए गये

### दिल्ली एसआईआर : ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत सोमवार को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी गयी, जिसमें 97.53 लाख मतदाताओं के नाम हैं, जबकि 47,56,722 नाम हटाये गये हैं।

# प्रदेश में सियासी सेनाध्यक्ष सक्रिय

## जन-जन तक ले जाएं सरकार की सक्सेस स्टोरी : मुख्यमंत्री



- सेवा संकल्प अभियान में जेन जी व जेन अल्फा से विशेष संवाद पर जोर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही लोगों की जिंदगी की सफलता की कहानियां जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू होने वाला एक माह का 'सेवा संकल्प' अभियान केवल सेवा कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे सरकार के कामकाज को जनता के बीच पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनाया जाए।

सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सेवा संकल्प अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में योगी ने कहा कि प्रत्येक शक्ति केंद्र, बूथ और क्षेत्र में सरकार की योजनाओं से लाभान्वित परिवारों की ऐसी अनेक कहानियां हैं, जो बदलते भारत और बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर सामने रखती हैं। रोजगार पाने वाले युवाओं, आत्मनिर्भर बने परिवारों तथा बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने वाले लोगों के अनुभवों को जनता के बीच साझा किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर को प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से फल वितरण किया जाएगा।

## जनता में पार्टी की नीतियों को मजबूती से रखें : अखिलेश



- जिला और महानगर अध्यक्ष भाजपा की साजिशों से सावधान रहें

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के जिला और महानगर अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह सक्रिय रहने का आह्वान किया है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि वे कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संपर्क में रहें और जनता के बीच पार्टी की नीतियों तथा मुद्दों को मजबूती से रखें। उन्होंने भाजपा पर चुनावी माहौल को प्रभावित करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाते हुए पार्टी पदाधिकारियों से सतर्क रहने को कहा।

अखिलेश ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में सपा पदाधिकारियों से बात कर रहे थे। उनका जोर संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने पर है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि वे कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संपर्क में रहें और जनता के बीच पार्टी की नीतियों तथा मुद्दों को मजबूती से रखें। सपा नेतृत्व का मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में संगठन की सक्रियता और बूथ प्रबंधन निर्णायक भूमिका निभाएगा।

अखिलेश ने भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे किसी भी तरह के भ्रम, दबाव या राजनीतिक साजिश का मुकाबला एकजुट होकर करें।

## मायावती हुईं सक्रिय, युवाओं व जेन जी पर रहेगा फोकस



- पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों के साथ बसपा सुप्रीमो ने किया मंथन

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने चुनावी सक्रियता बढ़ा दी हैं। पार्टी की रणनीति में इस बार युवाओं और खासकर जेन-जी को जोड़ने पर विशेष जोर दिखाई दे रहा है।

मायावती ने सोमवार को लखनऊ में प्रदेश के सभी पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ मंथन किया। माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सितंबर माह में ही ज्यादातर टिकट फाइनल हो जाएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि %जेन-जी और जेन-अल्फा% तक को जनविरोधी रवैयों के कारण संघर्ष करना पड़ा, जिसके बाद उन्हें पुलिस के मुकदमे आदि जैसे सरकारी दमन का सामना करना पड़ा है। उन्होंने जेन जी की समस्याओं का समर्थन करते हुए सरकारों से उनका निस्तारण करने को कहा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के लोगों को महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन की वजह से मजबूरी में पलायन करना पड़ रहा है। सरकार जो भी घोषणाएं कर रही है वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान हैं। उन्होंने अन्य दलों की चुनावी रेवड़ियों से सावधान रहने को कहा।

उन्होंने कहा कि बसपा संस्थापक कांशीराम की 9 अक्तूबर को पुण्यतिथि का कार्यक्रम राजधानी स्थित कांशीराम स्मारक स्थल में होगा, जहां पश्चिम यूपी सहित पूरे प्रदेश भर के लोग जुटेंगे।

## सिंधु जल संधि पर हेग का फैसला भारत ने ठुकराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को सिंधु जल संधि को लेकर हेग स्थित मध्यस्थता न्यायालय के फैसले को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जिस तथाकथित कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ने यह फैसला दिया है, उसका गठन ही सिंधु जल संधि के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए हुआ था। इसलिए भारत न तो इसके अधिकार क्षेत्र को स्वीकार करता है और न ही उसके फैसले को मानने के लिए बाध्य है। मध्यस्थता न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि सिंधु जल संधि अब भी प्रभावी है और भारत की ओर से इसे स्थगित रखने का फैसला उचित आधार पर नहीं किया गया। उसने संधि के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच जल बंटवारे से जुड़े प्रावधानों को लागू रखने की बात कही है। इसके जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह न्यायालय विश्व बैंक द्वारा गठित किया गया था, जबकि भारत के अनुसार संधि की विवाद निपटान व्यवस्था में इस तरह समानांतर प्रक्रिया शुरू करने का प्रावधान नहीं है। मंत्रालय ने दोहराया कि न्यायालय का कोई भी आदेश भारत के संप्रभु फैसलों, जलविद्युत परियोजनाओं अथवा सिंधु जल संधि को स्थगित रखने के निर्णय को प्रभावित नहीं करेगा। सिंधु जल संधि सितंबर 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई थी। इसके तहत सिंधु नदी प्रणाली की छह प्रमुख नदियों के जल के उपयोग का ढांचा तय किया गया था।

## पटाखा फैक्ट्री में धमाकों से दहली मनौरी, 11 की मौत

- तीन मकान ढहे, कई के मलबे में दबे होने की आशंका

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**



कौशांबी के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मनौरी में सोमवार दोपहर पटाखा फैक्ट्री में आग लगने के बाद हुए भीषण विस्फोटों ने पूरे इलाके को दहला दिया। धमाके इतने जोरदार थे कि आसपास के तीन मकान भरभराकर गिर गए, जबकि चार-पांच अन्य मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। शाम पांच बजे तक मलबे से 11 शव बरामद किए जा चुके थे, जबकि करीब दो दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। मलबे में अभी कई लोगों के दबे होने की आशंका है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

हादसा एयरफोर्स स्टेशन के निकट मनौरी की बस्ती से कुछ दूरी पर स्थित एक मकान में हुआ। बताया गया है कि इस मकान में मनौरी निवासी आदिल पटाखा बनाने का काम करता था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक मकान से धुआं उठता दिखाई दिया। ग्रामीण कुछ समझ पाते, इससे पहले ही पटाखों में एक के बाद एक विस्फोट शुरू हो गए।

# युद्ध के बीच भारत का दुनिया को शांति का संदेश

## पुतिन से भेंट के बाद बोले मोदी, यूक्रेन युद्ध का अंत हो

**एजेंसी, बिश्केक।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से स्पष्ट शब्दों में शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में जारी यह संघर्ष अब समाप्त होना चाहिए। भारत युद्ध का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए चाहता है और इसके लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है।

बिश्केक में पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के सामने इस समय कई गंभीर चुनौतियां हैं। ऐसे में लंबे समय तक चलने वाले युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। उन्होंने संघर्ष के कारण आम लोगों को होने वाले नुकसान और वैश्विक स्तर पर पैदा हो रहे अस्थिरता के माहौल पर भी चिंता जताई। प्रधानमंत्री ने भारत के उस रुख को दोहराया कि युद्ध के मैदान में किसी विवाद का स्थायी समाधान नहीं निकाला जा सकता। उल्लेखनीय है कि किर्गिस्तान में एससीओ सम्मेलन चल रहा है। यहां पर प्रधानमंत्री मोदी की रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात हुई।

## ईरान के राष्ट्रपति मसूद ने प्रधानमंत्री से मांगी मदद



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने भारत से शांति प्रयासों में सक्रिय कूटनीतिक भूमिका निभाने की अपील की है। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान की मुलाकात में पेजेशकियान ने कहा कि भारत अपने व्यापक अंतरराष्ट्रीय संपर्कों का इस्तेमाल कर युद्ध और खूनखराबा रोकने के लिए संबंधित पक्षों को बातचीत की मेज पर ला सकता है।

पेजेशकियान ने कहा कि ईरान ने कभी युद्ध का स्वागत नहीं किया। लगातार संघर्ष से न ईरान को लाभ है और न पूरे क्षेत्र या मानवता को। उन्होंने भारत के साथ ईरान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों का उल्लेख करते हुए संवाद और समझौते को विवादों के समाधान का बेहतर रास्ता बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति की शांति और सुरक्षा संबंधी सोच का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पेजेशकियान क्षेत्र में शांति कायम करने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। किर्गिस्तान में एससीओ सम्मेलन चल रहा है। यहां पर दोनों नेताओं की वार्ता हुई।

### नेपाल की अंतहीन त्रासदी

## सुरंगों में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया तेज

- अब तक 919 मौतें
- 42 सौ से ज्यादा लापता

- सेना ने मलबे में दबे लोगों की तलाश की तेज
- शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच

**एजेंसी, काठमांडू।**



नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन के छह दिन बाद भी हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। नेपाल और तिब्बत में मृतकों की संख्या 919 पहुंच गई है, जबकि 4,200 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। नेपाल में अकेले 903 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। हजारों परिवार अपनों की तलाश में हैं। सेना, पुलिस और राहत दल मलबे में दबे लोगों की खोज में जुटे हैं। कई इलाकों में सड़कें और पुल बह जाने से राहत सामग्री पहुंचाना भी चुनौती बना हुआ है।

हाइड्रोपावर परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों को निकालना बचाव अभियान की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। त्रिशूली-3ए समेत कई परियोजनाओं की सुरंगों के मुहाने भारी मलबे और कीचड़ से बंद हैं। नेपाल के सुरक्षा बलों के साथ भारत और चीन के सुरंग बचाव विशेषज्ञ भी अभियान में शामिल हैं। भारी मशीनों और उपकरणों से मलबा हटाकर सुरंगों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। बचाव दल अंदर फंसे लोगों से संपर्क स्थापित करने का भी प्रयास कर रहे हैं।

बाढ़ के बाद बरामद हुए कई शवों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। नेपाल पुलिस ने लापता लोगों के परिजनों से डीएनए नमूने देने की अपील की है। माता-पिता और बच्चों के नमूनों का अज्ञात शवों के डीएनए से मिलान किया जाएगा। विदेशों में रहने वाले नेपाली नागरिक भी अपने लापता रिश्तेदारों के डीएनए की प्रोफाइलिंग कराकर रिपोर्ट नेपाल पुलिस को भेज सकते हैं। भारत ने 19 सदस्यीय फोरेंसिक टीम नेपाल भेजी है, जो शवों की पहचान में नेपाली अधिकारियों की मदद कर रही है।

बाढ़ ने नेपाल-चीन के प्रमुख व्यापारिक मार्ग रासुवागढ़ी-केरुंग को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। सीमा चौकी, फ्रेंडशिप ब्रिज और तिमुरे क्षेत्र का बड़ा हिस्सा बाढ़ की चपेट में आ गया। इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक आवाजाही प्रभावित हुई है।

## एफआईआर वापस लेने कोर्ट पहुंची सरकार

### जंतर मंतर प्रदर्शन

- कोर्ट ने कहा, सामान्य प्रदर्शनकारियों को ही फिलहाल राहत
- आपराधिक पृष्ठभूमि वालों पर न्यायालय अगल से करेगा विचार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मुकदमों को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की। केंद्र ने इसके लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत शीर्ष अदालत के विशेष अधिकार के इस्तेमाल का आग्रह किया है। मामले पर मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। अदालत का संकेत दिया है कि सामान्य प्रदर्शनकारियों को राहत दी जा सकती है, लेकिन आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को राहत देने पर अलग से विचार होगा।

### 5 सितंबर की रैली रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने पांच सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित सीजेपी के मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि फिलहाल ऐसी कोई ठोस परिस्थिति सामने नहीं है, जिसके आधार पर प्रदर्शन के दौरान अप्रिय घटना होने की आशंका मानी जाए।

## एयर इंडिया विमान उड़ाने की धमकी के बाद इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, अहमदाबाद।** सऊदी अरब के दम्माम से नई दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विमान के शौचालय में एक टिश्यू पेपर पर अंग्रेजी में 'बम' लिखा संदिग्ध संदेश मिला। सूचना मिलते ही पायलट ने एहतियाती कदम उठाते हुए विमान को अहमदाबाद डायवर्ट किया।

विमान की शाम करीब साढ़े चार बजे सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। पुलिस के अनुसार विमान में 32 यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। एक क्रूसदस्य को शौचालय में टिश्यू पेपर मिला, जिस पर बम होने का संदेश लिखा था। क्रू ने तत्काल इसकी जानकारी पायलट को दी।

## दिल्ली में 16 साल की छात्रा से चलती बस में गैंग रेप

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर शर्मसार हुई है। निर्भया कांड की याद दिलाने वाली वारदात में 16 वर्षीय कक्षा 11 की छात्रा के साथ चलती स्लीपर बस में कथित सामूहिक दुष्कर्म किया गया। ग्रेटर नोएडा के परी चौक से दिल्ली के कश्मीरी गेट तक करीब 47 किलोमीटर के सफर के दौरान छात्रा आरोपियों की दरिंदगी का शिकार होती रही। बस में पर्दे लगे होने के कारण बाहर से किसी को अंदर की गतिविधियों का पता नहीं चला।

दिल्ली पुलिस ने मामले में बस चालक कुलदीप और कंडक्टर संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल बस को जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक घटना 4 अगस्त की रात की है। पीड़िता उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली है। घरवालों से किसी बात पर नाराज होकर वह बिना बताए निकली थी।

### पॉजिटिव खबर

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच घरेलू मांग ने संभाला मोर्चा, अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार

# 7.8 प्रतिशत हुई भारत की जीडीपी, अनुमानों से काफी बेहतर

- विनिर्माण, निर्माण और सरकारी पूंजीगत खर्च से मिली मजबूती

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापारिक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत मजबूत प्रदर्शन के साथ की है। अप्रैल से जून 2026 की पहली तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह अर्थशास्त्रियों के अनुमान से काफी अधिक है। रॉयटर्स के 58 अर्थशास्त्रियों के सर्वे में पहली तिमाही की वृद्धि करीब 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। नई जीडीपी सीरीज के आधार पर पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में अर्थव्यवस्था 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

बेहतर जीडीपी आंकड़ों से संकेत मिलता है कि वैश्विक दबावों के बावजूद देश की घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है। उपभोक्ता मांग आर्थिक गतिविधियों को गति देती रही। भारत का बड़ा घरेलू बाजार वैश्विक मांग में कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की अनिश्चितता के असर को सीमित करने में मददगार साबित हुआ।

विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र ने भी वृद्धि को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। औद्योगिक गतिविधियों में मजबूती के साथ उत्पादन और निर्माण से जुड़े क्षेत्रों में गतिविधियां बढ़ीं। सरकारी पूंजीगत खर्च ने भी निवेश और




बुनियादी ढांचे से जुड़े कामों को गति देने में योगदान दिया। निर्यात ने भी आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।

पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि ऐसे समय दर्ज हुई है, जब अर्थव्यवस्था की रफ्तार में कुछ नरमी की आशंका जताई जा रही थी। निजी निवेश की धीमी गति, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और भू-राजनीतिक तनाव को लेकर चिंता थी। इसके बावजूद वास्तविक वृद्धि अनुमान से करीब 0.7 प्रतिशत अधिक रही।

आंकड़ा यह भी संकेत देता है कि भारत ने वित्त वर्ष 2026-27 में अपेक्षाकृत मजबूत आधार के साथ प्रवेश किया है। हालांकि आने वाले महीनों में इस रफ्तार को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

अर्थव्यवस्था के सामने आगे भी कई जोखिम हैं। भारत कच्चे तेल की जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में लगातार तेजी से उत्पादन और परिवहन लागत बढ़ सकती है और महंगाई पर दबाव पड़ सकता है।

इसके अलावा भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता का असर निर्यात तथा कारोबारी निवेश पर पड़ सकता है। नीति निर्माता अब निजी क्षेत्र के निवेश और कंपनियों के पूंजीगत खर्च पर भी नजर रखेंगे। लंबे समय तक तेज आर्थिक वृद्धि बनाए रखने के लिए निजी निवेश में निरंतर बढ़ोतरी अहम होगी। फिलहाल 7.8 प्रतिशत की वृद्धि ने वित्त वर्ष 2026-27 को मजबूत शुरुआत दी है। आने वाली तिमाहियों में खपत, निजी निवेश और निर्यात की मजबूती तय करेगी कि भारत इस विकास गति को कितनी दूर तक कायम रख पाता है।



> वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की सामूहिक ताकत को दर्शाती है। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी परेशानियों के बावजूद मजबूत वृद्धि हासिल करना महत्वपूर्ण।
>
> – नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

# रूपईडीहा-बहराइच ब्रॉडगेज रेल लाइन का लोकार्पण

- 4 नई ट्रेनों को सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी
- बोले: पटरी बड़ी होगी तो रास्ते-बाजार और व्यापार बड़ा होता है



**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से वाराणसी सिटी के लिए नई रेल सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। नानपारा-रूपईडीहा नेपालगंज रोड ब्रॉडगेज रेल लाइन और चार नई ट्रेनों का सीएम योगी आदित्यनाथ लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि आज का दिन दशकों पुराने सपनों को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह अवसर पड़ोसी देश नेपाल में आई त्रासदी के बीच उसके साथ खड़े होने और उसके दुख में सहभागी बनने का भी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नेपाल में त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि नेपाल की त्रासदी में भारत सरकार ने अपने मित्र राष्ट्र के लिए जिस तरह मदद का हाथ बढ़ाया है, उसके लिए वह आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल की साझी विरासत है। जनकपुर से अयोध्या और पशुपतिनाथ से बाबा विश्वनाथ तक यह सांस्कृतिक संबंध दिखाई देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कनेक्टिविटी होती है तो वह गति देती है और जब गति सकारात्मक दिशा में अपने गंतव्य की ओर बढ़ती है तो वही प्रगति का आधार बनती है। उन्होंने कहा कि बहराइच-लखनऊ, अयोध्या-बहराइच, गोरखपुर-बहराइच और बहराइच से नानपारा होते हुए नेपालगंज तक की कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि यह केवल रेलवे की कनेक्टिविटी नहीं बढ़ाएगी, बल्कि भारत और नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों को भी और सुदृढ़ करने में योगदान देगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने इस क्षेत्र को पिछड़ेपन का पर्याय बना दिया था। आज मीटर गेज से ब्रॉडगेज हो गया है। हमारे लिए यह क्षेत्र भारत के प्रवेश द्वार के रूप में रहा है। उन्होंने बताया कि 56 किलोमीटर लंबी ब्रॉडगेज रेल लाइन 730 करोड़ रुपए की लागत से पूरी हुई है। आज से चार ट्रेनों का संचालन शुरू हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली ट्रेन रूपईडीहा से बाबा विश्वनाथ की नगरी तक चलने जा रही है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस कनेक्टिविटी से क्षेत्र में विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। उद्योग लगेंगे, व्यापार बढ़ेगा और पर्यटन व कृषि को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग तक पहुंच भी सुगम होगी। अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्रों को जोड़ने में भी मदद मिलेगी।

# पुण्यतिथि पर याद आए आर.बी. पाल सेवा से दी गई सच्ची श्रद्धांजलि

- 125 अतिवंचित परिवारों के घर पहुंची मदद
- बच्चों को मिली ड्रेस और सूखा राशन



**समृद्धि न्यूज़, अंबेडकरनगर।**

गरीब और वंचित परिवारों के बीच रहकर उनके अधिकारों की आवाज उठाने वाले जन शिक्षण केंद्र के संस्थापक स्वर्गीय आर.बी. पाल की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृतियां सेवा के रूप में जीवंत हो उठीं। परिवार और संस्था परिवार ने पुण्यतिथि को महज श्रद्धांजलि तक सीमित न रखते हुए जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर सेवा का संकल्प दोहराया। इस दौरान अतिवंचित समुदाय के 125 बच्चों के परिवारों को सूखा राशन और बच्चों को ड्रेस वितरित की गई। आर.बी. पाल का पूरा जीवन समाज के उस तबके के लिए समर्पित रहा, जिसे अक्सर विकास की मुख्यधारा से दूर समझा जाता है। बाल अधिकार, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और वंचितों के अधिकार उनके कार्यों के केंद्र में रहे। उनका मानना था कि जरूरतमंद के साथ खड़ा होना केवल मदद नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। उनकी कही बात आज भी संस्था के साथियों के लिए प्रेरणा बनी हुई है– 'अमीरों के साथ दोस्ती तो सब करते हैं, गरीबों के साथ दोस्ती करना हमें शक्ति देता है और दुआ देता है।

## खबरें एक नजर में

### अस्पताल, थाना, स्कूल के सामने जलभराव



**बहराइच।** विधानसभा क्षेत्र स्थित सुजौली में भारी बारिश के बाद जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। सुजौली थाने के सामने से लेकर थाना परिसर के बगल स्थित अस्पताल और स्कूल तक सड़क पर पानी भर गया है। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस जलभराव के कारण अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। इसी तरह, स्कूली बच्चों को भी इसी रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें और उनके अभिभावकों को असुविधा हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सुजौली में जलभराव की यह समस्या नई नहीं है। पिछले कई वर्षों से हर बारिश के दौरान सड़क पर पानी जमा हो जाता है। उचित जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी कई दिनों तक सड़क पर भरा रहता है। क्रांति मिश्रा, सुधीर, अमित, आदर्श, अंजनी, मैनुद्दीन, अशफाक, आरिफ, रफीक, विशाल, सोनू और सर्वेश सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराकर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

### हैदरगढ़ में चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** थाना हैदरगढ़ क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। स्वाट, सर्विलांस सेल और थाना हैदरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से चोरी से संबंधित एक जोड़ी झुमकी, एक हाफ पेटी, दो मोबाइल फोन और 10 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम ने चीनी मिल नहर पुल, लाही मोड़ के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दुर्गेश पुत्र रामस्वरूप व दिलीप पासी पुत्र रामबरन, निवासी रानीखेर मजरे टिकरा, थाना हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी तथा सूरज पासी पुत्र माताफेर, निवासी टिकरी, थाना शिवरतनगंज, जनपद अमेठी के रूप में हुई है।

### राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगे राहुल शुक्ल

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय बहुता में तैनात शिक्षक राहुल कुमार शुक्ला को अपने उत्कृष्ट सेवाओ के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा विदित हो कि नवाचारी शिक्षण तकनीको से सीखने को बच्चों के लिए आनंददाई बनाना ,बेसिक शिक्षा विभाग मे 15 से अधिक पाठ्य पुस्तकों/ कार्य पुस्तिकाओं/ प्रशिक्षण हस्तपुस्तिकाओं में लेखन कार्य करना बीते दो वर्षों से विकासखंड में बच्चो का सर्वाधिक नामांकन कराना एव सी एस आर से विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए डेक्स बेंच आदि सुविधा संपन्न कराना साथ ही सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय आकर्षक बनाना समेत विद्यालय को पैरामीटर से संतृप्त कराना आदि कार्य शामिल है पूर्व में भी अच्छे कार्यों के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जा चुका इन सभी उत्कृष्ट कार्यो के लिए इन्हें यह पुरस्कार दिया गया है जिससे क्षेत्र के लोगो को गर्व है एव लोगो में काफ़ी खुशी का माहौल है।

### मिशन शक्ति की काउंसलिंग से टूटने से बचा परिवार

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** पारिवारिक विवाद को लेकर कोतवाली हैदरगढ़ पहुंची एक महिला की शिकायत पर मिशन शक्ति टीम ने प्रभावी काउंसलिंग करते हुए परिवार को टूटने से बचा लिया। पुलिस की समझाइश के बाद पति–पत्नी समेत दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद दूर कर साथ रहने पर सहमति जताई। जानकारी के अनुसार, पिंकी पुत्री ललऊ निवासी गंगापुर, संसारा, कोतवाली हैदरगढ़ ने 31 अगस्त को कोतवाली पहुंचकर अपने पति दुर्गेश पुत्र सोहन लाल, चंद्रावती व नीलम के विरुद्ध शराब के नशे में लड़ाई–झगड़ा करने, मारपीट करने, गाली–गलौज करने तथा घर में न रहने देने की शिकायत की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम में नियुक्त हेड कांस्टेबल रेखा तिवारी ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर काउंसलिंग की। इस दौरान पुलिस टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं और शिकायतों को बारीकी से सुना तथा आपसी विवाद को बातचीत के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली वार्तालाप के बाद दोनों पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने के लिए तैयार हो गए। दोनों पक्षों ने लिखित समझौता करते हुए भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न होने तथा पति–पत्नी के रूप में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ रहने की सहमति दी। दोनों पक्षों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न चाहने की बात भी कही।

### पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

**बहराइच।** मिहींपुरवा ब्लॉक स्थित ककरहा वन रेंज के गोपिया गांव के मजरा राम सहाय पुरवा में पिछले कई दिनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग ने ग्रामीणों की मांग पर पिंजरा लगाया था, जिसमें रविवार रात तेंदुआ फंस गया। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग की टीम ने गांव के समीप एक पिंजरा लगाया था। तेंदुए को आकर्षित करने के लिए पिंजरे के अंदर एक बकरी बांधी गई थी। बकरी का शिकार करने के लालच में तेंदुआ रविवार रात पिंजरे के भीतर घुस गया और उसमें कैद हो गया ।तेंदुए के पिंजरे में कैद होने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी के कारण लोग खेतों और गांव के आसपास जाने से भी डर रहे थे। अब वे सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वन विभाग की टीम अब तेंदुए को सुरक्षित तरीके से ककरहा रेंज कार्यालय ले जाएगी। वहां पशु चिकित्सकों की निगरानी में उसका स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक उपचार किया जाएगा। इसके बाद, वन विभाग के अधिकारी नियमानुसार तेंदुए को सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ने की कार्रवाई करेंगे।

# 190 गुम मोबाइल बरामद, 38 लाख की संपत्ति लौटाई

**समृद्धि न्यूज़, अंबेडकरनगर।**



गुम और खोए मोबाइल फोन की तलाश में अम्बेडकरनगर पुलिस के मोबाइल रिकवरी सेल को बड़ी सफलता मिली है। सेल ने छ्श्वढ्ढक्र पोर्टल की तकनीकी मदद से 190 मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 38 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पोर्टल पर दर्ज कराया गया। इसके बाद तकनीकी निगरानी और लगातार प्रयासों के जरिए मोबाइल फोन को ट्रेस किया गया। अलग-अलग स्थानों से बरामद किए गए मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाने की प्रक्रिया की गई। मोबाइल फोन वापस मिलने पर स्वामियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कई लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मोबाइल में मौजूद जरूरी संपर्क, दस्तावेज और अन्य निजी जानकारी भी उनके लिए महत्वपूर्ण थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल के प्रभावी इस्तेमाल से गुम मोबाइलों की बरामदगी में काफी मदद मिल रही है। पुलिस की ओर से लोगों से अपील की गई है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाने में सूचना देने के साथ आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें, ताकि मोबाइल को ट्रेस कर बरामद करने की कार्रवाई की जा सके।

# आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के लिए दिए प्रभावी निर्देश

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

बलरामपुर सीएमओ डॉक्टर मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कक्ष में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वर्चुअल बैठक की गई बैठक में जननी सुरक्षा योजना आयुष्मान भारत योजना एचपीवी टीकाकरण योजना तथा गोल्डन कार्ड निर्माण के विषय में व स्वाइन फ्लू आइ.जी.आर.एस. सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया की जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को शासन की योजना का समय बाद एवं सुगमता के साथ लाभ प्राप्त कराया जाए। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए जाने तथा पात्र परिवारों को योजना के तहत उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। वहीं स्वाइन फ्लू को लेकर सतर्कता बरतने, संदिग्ध मामलों की निगरानी एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आई जी आर एस से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## किशोर अपचारियों के अधिकारों की हुई पड़ताल विधिक सेवा प्राधिकरण ने सुनी समस्याएं

**समृद्धि न्यूज़, अंबेडकरनगर।** किशोरों के अधिकारों और उनके कानूनी संरक्षण को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पहल तेज की है। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के प्लान ऑफ एक्शन 2026-27 के अनुपालन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम वर्मा ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), अयोध्या में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह और राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा किशोर अपचारियों की समस्याएं भी सुनीं। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबेडकरनगर चन्द्रोदय कुमार के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में किशोरों को उनके अधिकारों और बच्चों के हित में बनाए गए कानूनों की जानकारी दी गई। सचिव नीलम वर्मा ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ विकास, सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का अधिकार है। बच्चों के अधिकारों में जीवन, स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास, सुरक्षा और अपनी बात रखने का अधिकार प्रमुख हैं। किशोरों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति अथवा सहायता की आवश्यकता होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माध्यम से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। सचिव ने संविधान में बच्चों को मिले अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि अनुच्छेद 21ए के तहत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है। अनुच्छेद 24 बच्चों को जोखिमपूर्ण कार्यों में लगाए जाने से संरक्षण देता है।

# वनविभाग ने वन्य जीव संरक्षण के लिए निगरानी गतिविधि बढ़ाई

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

वन्य जीवों की संरक्षण के लिए सोहेल्वा वन्य जीव प्रभाव ने लोगों में जागरूकता फैलाने तथा वन से जुड़ी बस्तियों में सतर्कता बरतने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित अगस्त के साथ लाउडस्पीकर पम्पलेट एवं ब्रोशर के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक कर रहे हैं ग्रामीणों को वन्यजीवों से बचाव के उपाय तथा क्या करें और क्या ना करें के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में रामापुर रेंजर अंतर्गत खादगौरा थाना कोतवाली गास्दी निवासी विजयपाल एवं कन्हैयालाल पुत्रगण बनवारी लाल ने 83 भेद पर किसी वन्य जीव द्वारा हमले किए जाने की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई विभागीय अधिकारियों प्रभागियों वन्य जीव अधिकारी एवं रेंज स्टाफ द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मौके पर मिले पाक मार्ग की जांच में तेंदुए के स्थान पर लकड़बग्घा के एगमार्क की पुष्टि हुई इस घटना की बाद में वन विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से 24 घंटे सतत निगरानी एवं जागरूकता के लिए टीम गठित की गई टीम द्वारा घटनास्थल का और उसके आसपास के क्षेत्र का लगातार ग्रस्त एवं मॉनिटर किया जा रहा है वन विभाग द्वारा इतिहास के तौर पर घटनास्थल के आसपास एवं संवेदनशील स्थानों पर कैमरा टाइप स्थापित कर वन्य जीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है इसके साथ ही आवश्यक अनुमति के प्रत्याशा मैं क्षेत्र में पिंजरा लगाकर भी निगरानी की जा रही है विभागीय टीम क्षेत्र में लगातार सक्रिय है और प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# श्रीअन्न से स्वस्थ जीवन के साथ समृद्ध किसान व सशक्त होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : सीडीओ

**समृद्धि न्यूज़, अंबेडकरनगर।**



श्रीअन्न यानी मिलेट्स को स्वस्थ जीवन, समृद्ध किसान और टिकाऊ कृषि का आधार बनाने की दिशा में कृषि विभाग ने पहल तेज कर दी है। सोमवार को लोहिया भवन में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार योजना के तहत मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम तथा आत्मा योजनांतर्गत जनपद स्तरीय गोष्ठी एवं किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले में किसानों को मिलेट्स की खेती, प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि यंत्रों, सिंचाई तकनीक, पशुपालन, फसल बीमा और कृषि निवेश से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने की, जबकि जिला पंचायत के प्रशासक एवं पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर वर्मा मुख्य अतिथि रहे। उप कृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने अतिथियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने दैनिक आहार में ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो और रागी जैसे मिलेट्स को शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि श्रीअन्न को केवल एक फसल के रूप में नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, समृद्ध किसान, सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था और टिकाऊ कृषि के आधार के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में मिलेट्स स्टोर की स्थापना हो चुकी है, जहां मिलेट्स की प्रोसेसिंग, खरीद और बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मिलेट्स के बेहतर उत्पादन और प्रसंस्करण के साथ इसके निर्यात की संभावनाएं भी बढ़ेंगी, जिससे किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने किसानों को कृषि निवेश की उपलब्धता की जानकारी देते हुए रबी सीजन के लिए सरसों, चना, मटर और मसूर के मिनीकिट तथा रबी बीजों की बुकिंग कराने की अपील की।

# उम्मीद परियोजना के तहत आयोजित हुई समन्वयन बैठक

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।**



उम्मीद परियोजना के अंतर्गत हैदरगढ़ में तृतीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के अधीक्षक डॉ. जयशंकर पाण्डेय एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) श्री ऋषिपाल सिंह ने की। बैठक में स्वास्थ्य, पंचायती राज, शिक्षा, आईसीडीएस एवं एनआरएलएम विभाग के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच एवं गुणवत्ता बढ़ाना, सेवाओं की मांग को प्रोत्साहित करना तथा परिवार नियोजन से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना रहा। बैठक में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित 'इतनी भी क्या जल्दी है?!' एसबीसीसी अभियान के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि अभियान का शुभारंभ 14 जुलाई 2026 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा किया गया था। पोस्टर, फिल्म, जिंगल और मोबाइल वैन सहित विभिन्न संचार माध्यमों से समुदाय को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के प्रमुख संदेशों में सही उम्र में विवाह, पहले बच्चे में देरी, दो बच्चों के बीच उचित अंतराल तथा आपातकालीन गर्भनिरोधक गोली के सही उपयोग को शामिल किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि 08 सितंबर 2026 को मेगा एफडीएस कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों के सहयोग से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक परिवार नियोजन परामर्श एवं सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# छह माह में पांचवीं चोरी से वैवाही चौकी क्षेत्र में हड़कंप

- घर के बाहर टीनशेड में खड़ी बाइक ले उड़े चोर
- लगातार वारदातों से पुलिस गश्त पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



खैरीघाट थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी वैवाही अंतर्गत रामपुर धोबियाहार में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि चोरों ने घर के बाहर टीनशेड में खड़ी टीवीएस मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। सुबह बाइक गायब मिलने पर पीड़ित के होश उड़ गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। रामपुर धोबियाहार निवासी मुनव्वर अली पुत्र नियाज उर्फ बड़कऊ ने बताया कि उनकी टीवीएस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 40 जे 8953 घर के बाहर टीनशेड में खड़ी थी। रात में किसी समय अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे पीड़ित ने वैवाही चौकी पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई और बाइक बरामदगी की मांग की। पीड़ित के मुताबिक, करीब छह माह के भीतर चौकी क्षेत्र में चोरी की यह पांचवीं घटना है। इससे पहले ट्रैक्टर का जग, बैटरी, साइकिल और पल्सर बाइक चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वहीं 18 अगस्त को बाबा बुद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर से बाइक चोरी और उसी रात वैवाही क्षेत्र में करीब 10 लाख रुपये की चोरी की घटना ने भी पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी की थी।


## सूचना

सूचनाकर्ता के पासपोर्ट आवेदन में लिपिकीय त्रुटिवश सूचनाकर्ता के पति का नाम मो0 सुएब (Mo. Suaib) अंकित हो गया है जबकि मेरे पति का वास्तविक व पूरा नाम मोहम्मद सुएब (Mohammad Suaib) है। यह वास्तविक नाम सूचनाकर्ता के आधार कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरे पासपोर्ट में अंकित नाम Mo. Suaib को Mohammad Suaib पढ़ा व समझा जाए।

प्रार्थी
माबिया पत्नी
मोहम्मद सुएब (Mohammad Suaib)
निवासी -ग्राम व पोस्ट नैनामऊ -2
बाराबंकी -225204
मो. 9792629462



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MAKHADOOM ALI S/O SADDIK था। जो कि दिनांक 10/08/2026 को मैने अपना नाम बदलकर MAKHDUM ALI S/O SADDIK रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

निवासी ग्राम रायपुर पोस्ट बेगमपुर, थाना रामगांव नगर, जनपद बहराइच, यूपी।


# 'हंसता बचपन, खिलता जीवन' अभियान से बच्चों की आंखों को मिलेगी नई रोशनी

- जरूरतमंद बच्चों को उपलब्ध कराए जाएंगे टेस्टेड चश्मे

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय से पहचान एवं उनके निराकरण के उद्देश्य से जनपद में 'मिशन विजन फॉर चिल्ड्रेन' के अंतर्गत 'हँसता बचपन, खिलता जीवन' अभियान की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत आगामी एक वर्ष में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चो की दृष्टि की जांचकर 6,000 बच्चों को प्रदेश सरकार एवं विभिन्न संगठनों के सीएसआर सहयोग से टेस्टेड चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे।

# बहुजन क्रांतिकारी महापुरुष पुस्तक का प्रथम संस्करण विमोचित

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



स्थानीय जल निगम रोड, शांतिपुरम, बाराबंकी स्थित रीगल पैलेस में सोमवार को लेखक सन्तलाल बौद्ध द्वारा लिखित पुस्तक 'सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत बहुजन क्रांतिकारी महापुरुष' के प्रथम संस्करण का भव्य विमोचन वरिष्ठ कवि, शायर एवं साहित्यकार आदरणीय सुरेश उजाला के कर-कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं समाज सेवा संस्थान, बाराबंकी के अध्यक्ष ए.पी. गौतम तथा सेवानिवृत्त जिला जज डॉ. रामकिशोर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष ने की, जबकि सभा का प्रभावी संचालन अलका गौतम ने किया। पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महापुरुषों के विचारों, संघर्षों और योगदान को जन-जन तक पहुंचाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। 'सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत बहुजन क्रांतिकारी महापुरुष' जैसी पुस्तकें समाज में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संघर्ष और सामाजिक सरोकारों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। इस अवसर पर रत्नेश कुमार, डॉ. श्याम लाल धनुर्धारी, सुरेश चंद्र गौतम, हरिप्रसाद हनक एवं शिव शंकर यादव सहित अनेक वक्ताओं ने पुस्तक एवं उसके विषय-वस्तु पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि बहुजन समाज के सामाजिक जागरण और परिवर्तन की यात्रा में जिन महापुरुषों ने अपना जीवन समर्पित

योगी सरकार शिक्षकों को देगी सम्मान

# अध्यापक पुरस्कार के लिए 61 का चयन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



जो शिक्षक कक्षा कक्ष में प्रदेश के भविष्य को गढ़ रहे हैं, योगी सरकार उनके उत्कृष्ट कार्य को राज्य स्तर पर पहचान और सम्मान दे रही है। बेसिक शिक्षा विभाग ने राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए 61 शिक्षक-शिक्षिकाओं के नामों का चयन किया है। राज्य स्तरीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर चयनित शिक्षक प्रदेश के विभिन्न जनपदों के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों की सीख और विद्यालयी व्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दे रहे हैं।

- 61 जनपदों के शिक्षकों को मिला सम्मान का अवसर
- प्रदेश के विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शामिल

राज्य स्तरीय चयन समिति की बैठकों में विभिन्न जनपदों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार के बाद इन 61 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के नाम अनुमोदित किए गए हैं। शासन द्वारा जारी सूची में प्रत्येक शिक्षक का नाम, पदनाम, विद्यालय और विकासखंड का विवरण दर्ज है। यह पहल विद्यालयों में बेहतर शिक्षण, नवाचार और विद्यार्थियों की सीख को केंद्र में रखकर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### शिक्षक सम्मान से मजबूत होगी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति

योगी सरकार की शिक्षा नीति में शिक्षक के योगदान को सम्मान देने और उत्कृष्ट कार्य को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों को पहचान मिलने से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नवाचार और विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों को केंद्र में रखकर कार्य करने की संस्कृति को और मजबूती मिलेगी।

### गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक शिक्षकों का सम्मान

चयनित शिक्षकों में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के शिक्षक शामिल हैं। आगरा से संगीता शर्मा, अलीगढ़ से अमर सिंह, अम्बेडकर नगर से राम मिलन गुप्ता, अमरोहा से गीता वर्मा, अयोध्या से पंकज कुमार द्विवेदी, आजमगढ़ से प्रदीप कुमार सिंह, बहराइच से प्रीति मिश्रा, बलिया से अजीत कुमार श्रीवास्तव, बलरामपुर से सलमा खान और बाराबंकी से राहुल कुमार शुक्ल चयनित हुए हैं। इसी क्रम में भदोही से ऊर्मिला देवी, बिजनौर से रचना कपूर, बदायूं से किरन देवी, बुलंदशहर से जूली मलिक, चंदौली से उषा सिंह समेत अन्य जिलों से भी अध्यापक सम्मानित होंगे।



शिक्षक हमारे बच्चों के भविष्य और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। योगी सरकार उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मान देकर न केवल उनके समर्पण और नवाचार को पहचान दे रही है, बल्कि प्रदेशभर के शिक्षक समुदाय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा भी दे रही है।

**संदीप सिंह, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उ. प्र.**

# जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता : शर्मा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने सोमवार को अपने आवास पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल में सुधार, पेयजल, जलनिकासी सहित नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा।

मंत्री ए. के. शर्मा ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतों को सुनना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाना है।

विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों पर मंत्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। विद्युत कनेक्शन, बिल सुधार तथा अन्य उपभोक्ता सेवाओं से जुड़ी शिकायतों में अनावश्यक विलंब न हो और पात्र लोगों को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से मिले। पेयजल एवं जलनिकासी से संबंधित शिकायतों पर उन्होंने नगर निकायों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबरें एक नजर में

### रजनी खंड में बनेगा दो लेन का आरओबी

**लखनऊ।** लंबे समय से रजनी खंड-साउथ सिटी रेलवे क्रासिंग के ऊपर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) की चली आ रही मांग फिर तेज हो गई है। इस बार आरओबी को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। रेलवे क्रासिंग के ऊपर इस आरओबी के बनने से चार लाख आबादी को राहत मिलेगी। लोगों को तीन से चार किलोमीटर तक घूमकर अपने गंतव्यों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। 833 मीटर लंबा आरओबी 200 करोड़ की लागत से बनेगा। यहां रेलवे क्रासिंग नहीं है। रेलवे के हिस्से का पैसा भी उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम को खर्च करना पड़ेगा। इसके बनने से रमाबाई रैली स्थल में होने वाले कार्यक्रम और समय-समय पर होने वाली वोटों की मतगणना के लिए वैकल्पिक मार्ग भी होगा। अंबेडकर विश्वविद्यालय, ओमेक्स सिटी, औरंगाबाद गांव, एल्डिको, पिपरौली, साउथ सिटी, मिलेनियम स्कूल, अंबेडकर विश्वविद्यालय बिजली उपकेंद्र सहित एक दर्जन से अधिक कालोनी रायबरेली रोड की तरफ हैं और दूसरी तरफ रजनी खंड, रुचि खंड, बंगला बाजार, स्मृति विहार सहित आठ से नौ कालोनियां हैं।

### युवक पर चाकू से हमला, अस्पताल में मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के महिगवां थानाक्षेत्र में रविवार की देर रात कुछ लोगों ने एक युवक पर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। उसकी सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) अमित कुमार ने बताया कि गणेशपुर गांव निवासी सतीश यादव (25) की देर रात गांव के बाहर निर्माणाधीन मकान की छत पर सो रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात लोगों ने सतीश पर चाकू से प्रहार करके घायल कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जान बचाकर कुछ दूर भागते हुए शोर मचाया तो हमलावर मौके से फरार हो गये। इस दौरान ग्रामीणों ने इलाज के लिए केजीएमयू में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान सतीश यादव की मौत हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की और परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### प्रोफेसर डॉ. फहद मंसूर को मिली ग्लासगो फेलोशिप

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के ओरल पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. फहद मंसूर सामदी को दंत चिकित्सा के क्षेत्र की प्रतिष्ठित रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस एंड सर्जन्स ऑफ ग्लासगो की फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह दंत चिकित्सा के क्षेत्र की विशिष्ट एवं प्रतिष्ठित व्यावसायिक फेलोशिप में से एक है। डॉ. समदी उत्तर भारत के प्रथम ओरल पैथोलॉजिस्ट हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त हुई है तथा वे भारत के चुनिंदा ओरल पैथोलॉजिस्टों में शामिल हैं। वे केजीएमयू के फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज से इस फेलोशिप को प्राप्त करने वाले तीसरे दंत चिकित्सक हैं। उनसे पूर्व यह सम्मान प्रतिष्ठित प्रो. शादाब मोहम्मद (पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित) तथा स्वर्गीय प्रो. दिव्या मेहरोत्रा को प्राप्त हो चुका है। रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस एंड सर्जन्स ऑफ ग्लासगो विश्व के ऐतिहासिक चिकित्सा संस्थानों में से एक है, जिसकी गौरवशाली स्थापना वर्ष 1599 में हुई थी और जिसने चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में 425 वर्षों से अधिक की उत्कृष्ट परंपरा स्थापित की है। इस प्रतिष्ठित कॉलेज की फेलोशिप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यावसायिक उत्कृष्टता, विशेषज्ञता और सम्मान का प्रतीक मानी जाती है। डॉ. समदी की यह उपलब्धि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज तथा ओरल पैथोलॉजी विभाग के लिए गौरव का विषय है और यह दंत चिकित्सा शिक्षा, शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में संस्थान के निरंतर योगदान को भी रेखांकित करती है।

### सड़क किनारे महिला का शव मिलने से हड़कंप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मानक नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क किनारे एक महिला की लाश मिली है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि डीआरएम पुलिया के पास सड़क किनारे एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। अपर पुलिस उपायुक्त मध्य व अन्य उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को भी सूचित किया गया, जो मौके पर पहुँचकर आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष है। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई लेकिन मृतका की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने सभी बिन्दुओं को गंभीरता से लेकर जांच कर रही है। अज्ञात में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया है।

### बच्चों को मिली रिश्ते जोड़ने की सीख

**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला दादी नानी की कहानी जीतेश की जुबानी का 84वां आयोजन सोमवार को बीकेटी स्थित बेसिक विद्यालय कमलाबाद बढ़ौली में हुआ। स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने दर्जी की सीख कहानी के माध्यम से बच्चों को रिश्तों को तोड़ने के बजाय जोड़ने और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोरंजक खेल से हुआ। कहानी में दर्जी द्वारा कैंची को नीचे और सुई को ऊपर रखने के माध्यम से समझाया गया कि तोड़ने वाले की जगह नीचे और जोड़ने वाले की जगह हमेशा ऊपर होती है। बच्चों ने कहानी के संदेश को उत्साहपूर्वक आत्मसात किया। अर्चना गुप्ता ने बच्चों को कविता सुनाई जिसे बच्चों ने दोहराया। वरिष्ठ गायिका आशा श्रीवास्तव ने प्रेरक पंक्तियों का सामूहिक गायन कराया। इस अवसर पर संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, लोक कथा प्रभारी शम्भू शरण वर्मा, समाजसेवी अवनीश कुमार सिंह, विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक किरन त्रिवेदी, अंजुला चौधरी, एकता श्रीवास्तव, दिनेश यादव, ऊषा तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अंकित हत्याकांड के दो शूटर मुठभेड़ में ढेर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

- डीजीपी ने कहा, गैंग की शरणस्थली नहीं बनेगी यूपी
- अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी



शामली जिले में सोमवार सुबह हरियाणवी गायक अंकित बलियान हत्याकांड के दो शूटर पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। कार्रवाई के दौरान स्वॉट टीम के दो मुख्य आरक्षी हरविंदर और प्रदीप भी घायल हुए, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस मामले में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने सोमवार दोपहर लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर घटना के खुलासे और पुलिस कार्रवाई की जानकारी दी।

डीजीपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि प्रदेश की सीमा से बाहर बैठकर, जेलों या विदेशों से आपराधिक साजिश रचने और शूटर भेजने वाले अपराधी किसी गलतफहमी में न रहें। प्रदेश की भूमि को किसी भी गैंग की रंजिश या शरणस्थली नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और कानून के लंबे हाथ हर अपराधी तक पहुंचेंगे।

डीजीपी ने बताया कि 26 अगस्त को शामली निवासी गायक अंकित बलियान की कोतवाली क्षेत्र के नालापटरी स्थित फिटनेस जिम से बाहर निकलते समय हथियारबंद बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पिता सतवीर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले के खुलासे के लिए 11 पुलिस अधिकारियों की विशेष टीम गठित की गई, जिसमें चार अपर पुलिस अधीक्षक, सात पुलिस उपाधीक्षक, इंस्पेक्टर और गौतमबुद्धनगर व मेरठ की एसटीएफ टीमें शामिल थीं।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर शूटरों की पहचान की गई। 27 अगस्त को सोशल मीडिया पर राहुल उर्फ भोलू शाहपुरिया से जुड़े इंस्टाग्राम अकाउंट से हत्या की जिम्मेदारी लेने की पोस्ट सामने आई। पुलिस ने सुमित और मोहित की गतिविधियों पर नजर रखी और उनकी रेकी से लेकर हथियार उपलब्ध कराने तक की कड़ियां जोड़ीं।

29 अगस्त को दोनों शूटरों की पहचान पुख्ता होने के बाद पुलिस ने हरियाणा, हिमाचल, गुजरात और उत्तर प्रदेश में छापेमारी की। सोमवार को दोनों की लोकेशन शामली में मिलने पर स्वॉट, स्थानीय पुलिस और एसटीएफ ने घेराबंदी की। मुठभेड़ में दोनों बदमाश मारे गए।

### हत्याकांड के खुलासे पर दो लाख का इनाम

डीजीपी ने बताया कि हत्या के पीछे गोगी और टिल्लू ताजपुरिया गैंग के बीच पुरानी गैंगवार से जुड़ी रंजिश सामने आई है। अंकित के एक चर्चित गाने को गोगी गैंग ने अपमान के रूप में लिया था। इसके बाद उसे कई बार धमकियां मिली थीं। पुलिस मामले में दो अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। मददगारों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। घटना के सफल खुलासे पर दो लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है।

# एनकाउंटर की होगी जांच : अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रदेश की कानून-व्यवस्था, पुलिस एनकाउंटर और मतदाता सूची को लेकर योगी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में पुलिस की कार्रवाई के नाम पर सबसे अधिक पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक यानी पीडीए वर्ग के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर अब तक हुए सभी एनकाउंटर मामलों की जांच कराई जाएगी।

अखिलेश यादव राजधानी लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शामली में सोमवार सुबह हरियाणवी संगीतकार अंकित बालियान की हत्या के मामले में दो आरोपितों के मुठभेड़ में मारे जाने की घटना का भी जिक्र किया।

उन्होंने प्रदेश में हो रही पुलिस कार्यवाहियों पर सवाल उठाते हुए इन्हें गलत बताया और सरकार की कानून-व्यवस्था पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को लेकर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की एसटीएफ का मतलब 'स्वजातीय टॉर्चर फोर्स' है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की यह टीम पीडीए वर्ग के लोगों को निशाना बना रही है।

# खुन-खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शतरंज कार्यशाला आयोजित

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, चौक, लखनऊ के स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 29 अगस्त (राष्ट्रीय खेल दिवस) से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय चेस कार्यशाला का आयोजन फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया एवं फिट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यशाला मे कोच के रूप में नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के रेफरी एवं कोच शरद शर्मा जी छात्राओं को शतरंज के नियमों, नई तकनीकों और प्रतियोगी रणनीतियों के बारे में प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रो. शशि कनौजिया जी रहीं। अपने उद्बोधन में कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि मस्तिष्क का व्यायाम है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किस प्रकार शतरंज धैर्य, एकाग्रता और दूरदर्शी सोच को विकसित करता है। उन्होंने कॉलेज के इस प्रयास की सराहना की और छात्राओं को नियमित रूप से खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय मे चल रही कुल 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्रियायानम की छात्र समिति का गठन किया गया। छात्राओं की खेल में रूचि, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन के आधार पर 7 छात्राओं का चयन किया गया। इस अवसर पर डॉ. चेतना सामंत तोमर ने सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया और भविष्य की खेल योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया ने सभी विजेताओं को बधाई दी और प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में नेतृत्व, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं।

# अविरल मंच पर गूंजे देशभक्ति व संवेदना के स्वर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।






अलीगंज स्थित अविरल सेवा संस्थान की ओर से सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं शैक्षणिक उपक्रमों के तहत रविवार को संस्थान के कार्यालय परिसर स्थित 'अविरल सभागार' में सम्मान एवं काव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार डॉ. उमाशंकर शुक्ल 'शितिकंठ' ने की। मुख्य अतिथि साहित्य भूषण डॉ. अशोक शर्मा और विशिष्ट अतिथि पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. सत्या सिंह 'सत्या' रहीं।

समारोह का संचालन संस्थान के उपाध्यक्ष हरिमोहन बाजपेयी 'माधव' और महासचिव चंद्र देव दीक्षित 'चंद्र' ने किया। संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शोभा दीक्षित 'भावना' ने अतिथियों का स्वागत करते हुए साहित्य और सामाजिक सरोकारों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ हरिमोहन बाजपेयी 'माधव' की वाणी वंदना से हुआ।

साहित्यिक उपलब्धियों के लिए डॉ. शोभा त्रिपाठी को 'अविरल-काव्य गंगा' और वरिष्ठ कवि विकास शुक्ल 'अक्षत' को 'अविरल-काव्य गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कवि-कवयित्रियों ने गीत, गजल, मुक्तक और छंद प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विकास शुक्ल 'अक्षत' ने माता-पिता को समर्पित गीत प्रस्तुत किया– दुआ मां-बाप की ऐसे असर अपना दिखाएगी, मेरे मंदिर के दीपक से ये दुनिया जगमगाएगी... गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति से सभागार भावविभोर हो उठा। डॉ. उमाशंकर शुक्ल 'शितिकंठ' ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में साहित्य को सामाजिक चेतना और राष्ट्रभावना का माध्यम बताया। उनकी पंक्तियां मरो स्वदेश के लिए, जिओ स्वदेश के लिए, असंख्य कंठ सूखते, झरो स्वदेश के लिए ने श्रोताओं में देशभक्ति का भाव जगाया। संस्थान की अध्यक्ष डॉ. शोभा दीक्षित 'भावना' ने संवेदनाओं से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. सत्या सिंह 'सत्या' ने पिता के वात्सल्य को समर्पित 'बाबूजी' गीत के माध्यम से भावनात्मक चित्र खींचा। उनकी पंक्तियां एक बाबूजी जो घर को बनाने में लगे थे, कच्ची न रहे नींव कहीं देखभाल के... सुनकर सभागार तालियों से गूंज उठा।

काव्य पाठ में डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. शोभा त्रिपाठी, मनोज कुमार सिंह 'मनुज', अंबरीश ठाकुर, डॉ. शरला शर्मा 'अस्मा', डॉ. दिनेश चंद्र अवस्थी, रेनू वर्मा 'रेणु', मधु पाठक 'मांझी', राममूर्ति सिंह 'अधीर', सुरेश गुप्त 'श्याम' समेत अनेक कवि-कवयित्रियों ने सहभागिता की। विविध रचनाओं ने समारोह को साहित्यिक रंगों से सराबोर कर दिया।

अंत में हरिमोहन बाजपेयी 'माधव' ने सभी अतिथियों, रचनाकारों और श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ काव्य गोष्ठी साहित्यिक विमर्श और ज्ञानवर्धक कार्यशाला के रूप में संपन्न हुई।

# डेंगू से बचाव को हैदर कैनाल में चला सफाई अभियान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



नगर निगम आर, आर डिपार्टमेंट के लखनऊ नगर निगम आर, आर डिपार्टमेंट के सुपरवाइजर रॉकी के नेतृत्व मैं बढ़ती डेंगू जैसी महामारी न फैले इस को देखते हुए हैदर कैनाल में बढ़ती गंदगी का अंबर न लगे वह किसी प्रकार का जल भराव न हो जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए लगातार अपनी सहयोगी टीम के साथ सतर्कता दिखाए हुए सुपरवाइजर के नेतृत्व में हैदर कैनाल की साफ सफाई की गई साथ ही केमिकल का चिकनाटा भी किया गया। डेंगू जैसी महामारी न फैले। इसे देखते हुए हैदर कैनाल में गंदगी का अंबर न लगे। साथ ही किसी प्रकार का जल भराव न हो जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी न हो।

### जन्माष्टमी पर सर्राफा बाजार में कृष्ण भक्ति का रंग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** जन्माष्टमी के पर्व को लेकर चौक सर्राफा बाजार पूरी तरह सज गया है। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की आकर्षक प्रतिमाएं और उनके चांदी के श्रृंगार के सामान श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। चौक सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद महेश्वरी ने बताया कि इस बार लड्डू गोपाल की कई नई और आकर्षक प्रतिमाएं बाजार में आई हैं। इन प्रतिमाओं की खासियत यह है कि ये हल्की होने के साथ बेहद सुंदर और मनमोहक हैं। अलग-अलग आकार और डिजाइन में उपलब्ध प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को खूब पसंद आ रही हैं। उन्होंने बताया कि लड्डू गोपाल के श्रृंगार के लिए चांदी के मुकुट, ब्रेसलेट, बांसुरी, कंठी, गले के हार, बालियां और अन्य श्रृंगार सामग्री की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। चांदी की बांसुरी भी विभिन्न डिजाइनों और अलग-अलग वजन में छोटी-बड़ी सभी साइज में तैयार की गई हैं। इससे श्रद्धालु अपनी पसंद और बजट के अनुसार लड्डू गोपाल का मनमोहक श्रृंगार कर सकते हैं। सराफा बाजार में लड्डू गोपाल के लिए पारंपरिक एवं आकर्षक डिजाइन के गहने और श्रृंगार सामग्री विशेष रूप से प्रदर्शित की गई है। मुकुट से लेकर बांसुरी, कंठी, हार, बालियां और ब्रेसलेट तक भगवान के बाल स्वरूप का संपूर्ण श्रृंगार उपलब्ध कराया जा रहा है। विनोद ज्वैलर्स, चौक में भी जन्माष्टमी के लिए विभिन्न प्रकार के विशेष श्रृंगार के जेवर उपलब्ध हैं, जो अलग-अलग रेंज और बजट में ग्राहकों को मिल रहे हैं।

**युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न**

# नीति-निर्माण व योजनाओं पर हुआ सार्थक मंथन



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

विकास खंड सरोजनी नगर सभागार में युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में युवा संवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) इं. अवनीश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणादायी उद्बोधन के साथ हुआ। मंच पर मुख्य अतिथि का स्वागत युवा कल्याण अधिकारी अखिलेश सिंह चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मुख्य अतिथि एमएलसी इं. अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और सही मार्गदर्शन का संगम ही प्रगति का नया इतिहास रचता है। उन्होंने कहा कि युवा संवाद केवल औपचारिक भाषणों का मंच नहीं, बल्कि नीति-निर्माताओं और क्षेत्र के युवाओं की आकांक्षाओं के बीच एक सशक्त सेतु है। संवाद सत्र के दौरान उन्होंने युवाओं के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उन्हें तकनीकी दक्षता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

अंत में युवा कल्याण अधिकारी अनुराग त्रिपाठी ने आयोजकों की ओर से सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सराहनीय** | देश के सभी राज्यों की खरीदारी में प्रदेश की हिस्सेदारी 30 फीसद

# जेम पोर्टल पर खरीदारी का नया रिकॉर्ड

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



**तीन राष्ट्रीय पुरस्कार से यूपी का सम्मान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक खरीद व्यवस्था में खास उपलब्धि हासिल कर ली है। राज्य ने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर वर्ष 2017 में इसकी स्थापना से अब तक रु. 1 लाख करोड़ (रु.1 ट्रिलियन) से अधिक की खरीद दर्ज कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

देश के सभी राज्यों द्वारा जेम के माध्यम से की गई कुल खरीद में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। यह उपलब्धि प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस, ट्रांसपेरेंसी, एफिशियंसी और इन्क्लूसिव पब्लिक प्रोक्योरमेंट को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार की नीतियों की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

उत्तर प्रदेश की इस उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली है। 10 अगस्त 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित जेम के 10वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश को सार्वजनिक खरीद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश को मिले पुरस्कारों में- जेम ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड, हाईएस्ट जेम प्रोक्योरमेंट वैल्यू और बेस्ट आउटरीच बिल्डिंग अवार्ड शामिल हैं।

इन पुरस्कारों को उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव शशिभूषण लाल सुशील ने प्राप्त किया।

### योगी सरकार के सुशासन मॉडल की बड़ी उपलब्धि

उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि केवल सरकारी खरीद के आंकड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे योगी सरकार के गुड गवर्नेंस और डिजिटल गवर्नेंस मॉडल की महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा जा रहा है। जेम के व्यापक उपयोग से सरकारी विभागों की खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी, सरल और जवाबदेह बनाने में मदद मिली है। सरकारी खरीद में डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल से पारंपरिक प्रक्रियाओं में होने वाली जटिलताओं को कम करने, अधिक विक्रेताओं को प्रतिस्पर्धा का अवसर देने और सरकारी संस्थानों को बेहतर कीमत पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव आया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**दोस्त के साथ घर से निकला था सुधीर**



**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।**

क्षेत्र के ग्राम मझिला में रविवार देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक अपने गांव के ही एक परिचित के साथ घर से निकला था। देर रात वह गांव के बाहर निगोही रोड पर गंभीर हालत में पड़ा मिला। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम मझिला निवासी सुधीर सिंह (करीब 32 वर्ष) रविवार शाम अपने गांव के ही रहने वाले महेंद्र सिंह के साथ घर से निकले थे। परिजनों के अनुसार दोनों चरखोला में एक दोस्त के यहां गए थे, जहां शराब पीने और मीट खाने की बात सामने आई है। इसके बाद रात करीब 10 बजे दोनों गांव के बाहर निगोही रोड पर पड़े मिले। सुधीर की हालत गंभीर देखते हुए परिजन उन्हें तत्काल निगोही के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने इलाज करने से मना कर दिया। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने सुधीर सिंह को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में होने की आशंका के चलते परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। चार भाई-बहनों में थे सुधीर, तीन बच्चों को छोड़ गए। बताया गया कि सुधीर सिंह चार भाई-बहनों में थे। उनकी शादी करीब 15 वर्ष पूर्व रिंकी के साथ हुई थी। सुधीर अपने पीछे पत्नी रिंकी के अलावा तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। उनकी 14 वर्षीय बेटी श्रेयांशी, 5 वर्षीय पुत्र नैतिक और 2 वर्षीय पुत्र रुद्रांश हैं। अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मौत की सूचना मिलने के बाद से पत्नी और बच्चों सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सके। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय शाहजहांपुर की मोर्चरी भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट होने की उम्मीद है। पुलिस के अनुसार फिलहाल मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। परिजनों की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के बाद उपलब्ध तथ्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। मौके पर कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# श्यामारुन हॉस्पिटल को सीएमओ ऑफिस ने जारी किया नोटिस

**पूर्व कर्मचारी की शिकायत के नोडल अधिकारी ने किया था निरीक्षण**

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**

श्यामारुण हॉस्पिटल में महिला का गलत तरीके से ऑपरेशन एवं बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल संचालित किए जाने की शिकायत होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश के बाद नोडल अधिकारी ने हॉस्पिटल का स्थलीय निरीक्षण किया और खामियां पाए जाने पर हॉस्पिटल संचालक को नोटिस जारी कर 1 सितंबर को कार्यालय में हॉस्पिटल से संबंधित दस्तावेज पेश कर अपना पक्ष रखना के आदेश दिए हैं। दस्तावेज पेश न करने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

पुवाया में शाहजहांपुर रोड पर एक डॉक्टर के द्वारा खोले गए श्यामारुण हॉस्पिटल में कार्यरत रहे कर्मचारी अंकित कुमार के द्वारा मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि अस्पताल को बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किया जा रहा है और यहां पर 2 जुलाई को भाग्यवती नाम की एक महिला का नाम रीना रखकर उसका गलत तरीके से डिलीवरी का ऑपरेशन किया गया था और डिलीवरी के ऑपरेशन को यूट्रस में गांठ का ऑपरेशन दर्शाकर उसकी बच्ची को बिक्री कर दिया गया था। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नोडल अधिकारी डॉक्टर इरफान अली खान को स्थलीय निरीक्षण का जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद 25 अगस्त को नोडल अधिकारी झोलाछाप डॉक्टर इरफान अली खान श्यामारून हॉस्पिटल पहुंचे थे और हॉस्पिटल का निरीक्षण करने के साथ ही उनसे हॉस्पिटल से संबंधित समस्त शैक्षिक पंजीकरण प्रमाण पत्र लेकर 1 सितंबर को शाम 3 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में पेश होने के निर्देश दिए। साथ ही नोटिस जारी कर बताया कि उक्त 1 सितंबर को समस्त दस्तावेज और पंजीकरन पत्र पेश न करने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिसके बाद से अस्पताल संचालक में खलबली मच गई है।

## खबरें एक नजर में

### बीएड में सीधे प्रवेश का मौका, करें आवेदन

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में संचालित बीएड पाठ्यक्रम में काउंसिलिंग के बाद रिक्त रह गई सीटों पर सीधे प्रवेश का अवसर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी प्रवेश सूचना के अनुसार, अभ्यर्थियों को शिक्षक शिक्षा विभाग में अपना बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 का स्कोरकार्ड जमा कर आवेदन करना होगा। रिक्त सीटों के सापेक्ष प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। विभाग की ओर से 3 सितंबर को शाम 4 बजे सीधे प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची विभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जाएगी। मेरिट सूची जारी होने के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने को कहा है।

### फर्जी सीमांकन आख्या के खिलाफ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**शाहजहांपुर।** बार एसोसिएशन तहसील सदर के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी सदर के माध्यम से राज्यपाल उत्तर प्रदेश को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्राम बरनावा की गाटा संख्या 98 के सीमांकन मामले में धांधली का गंभीर आरोप लगाया गया है। उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सदर द्वारा 25 मार्च 2026 को दिए गए आदेश में राजस्व संहिता 2006 की धारा 24 और नियमावली 22 के उपनियम 4 व 16 की अनदेखी करने का आरोप है। आरोप है कि बिना भौतिक रूप से मौके पर सीमांकन किए केवल कागजों पर फर्जी सीमांकन आख्या तैयार की गई और उसे सही ठहराते हुए मेढ़बंदी की आख्या स्वीकृत कर ली गई। वाद में प्रभावित पक्षकारों और खातेदारों में से कुल 10 खातेदारों को पक्षकार बनाया गया, जिनमें से 2 पक्षकार फर्जी थे और जिनका नाम खाते में दर्ज नहीं था। फर्जी आख्या के गठन के संबंध में थाना कांट में दर्ज प्राथमिकी की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने राज्यपाल से इस पूरे मामले का संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की अपील की है।

### पूर्व जिपं. अध्यक्ष के निधन पर शोकसभा

**शाहजहांपुर।** नव चेतना कला परिषद की बैठक परिषद के अध्यक्ष मनोज पटेल के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं नगर रामलीला खिरनीबाग के अध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की गयी। अध्यक्ष मनोज पटेल ने कहा स्व. पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव का निधन राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने समाज और शाहजहांपुर के विकास के लिए जो योगदान दिया, उसे हमेशा याद रखा जाएगा। उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने कहा वे जमीन से जुड़े और दूरदर्शी नेता थे। जिन्होंने हमेशा जनता के हितों के लिए संघर्ष किया है। उपाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं पदाधिकारियों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शाक्ति प्रदान करें। शोक संवेदना सभा में मनोज पटले, अनिल शर्मा, राकेश श्रीवास्तव, संजय सक्सेना, रामसिंह, विनीत सक्सेना आदि रहे।

### छात्रवृत्ति पोर्टल खुलने की समय सारिणी जारी

**शाहजहांपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में शिक्षण संस्थाओं से आवेदन अग्रसारित न होने, पीएफएमएस से रिजेक्ट होने एवं अन्य कारणों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य , अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि समय सारिणी के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की तिथि 1 सितंबर से 7 सितंबर, विश्वविद्यालय द्वारा फीस आदि का सत्यापन 2 सितंबर से 8 सितंबर तक, जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सत्यापन 3 सितंबर से 9 सितंबर तक, त्रुटिपूर्ण आवदेन को शिक्षण संस्थाओं के स्तर से सही करना 16 सितंबर से 18 सितंबर तक, शिक्षण संस्थाओं द्वारा सत्यापित व पात्र डाटा अग्रसारित करना, शिक्षण संस्था द्वारा अपात्र छात्र-छात्राओं का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों के आवेदन आनलाइन सत्यापित करना 17 सितंबर से 19 सितंबर तक व जनपदीय समिति द्वारा शुद्ध डाटा लाक करना की तिथि 17 सितंबर से 25 सितंबर तक निर्धारित की गई है।

# नहर में दिखा मगरमच्छ, रात में सड़क पर भी घूमता नजर आया

**दीपपुर में दहशत का माहौल, सूचना पर पुलिस ने संभाला मोर्चा**

**वन विभाग की टीम ने घंटों की तलाश, मगर नहीं मिला मगरमच्छ**

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।**

ग्राम पंचायत दीपपुर में छोटी पुलिया के पास रविवार शाम करीब छह बजे नहर में मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। नहर के आसपास मगरमच्छ देखे जाने की खबर फैलते ही ग्रामीणों और राहगीरों में भय का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और दूर खड़े होकर मगरमच्छ को देखने का प्रयास करने लगे। मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य को मिली तो उन्होंने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और लोगों को नहर के आसपास जाने से सावधान किया। पुलिस ने एहतियात के तौर पर मौके पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी वन विभाग को भी दी गई। इसके बाद ग्रामीणों की नजर मगरमच्छ की गतिविधियों पर बनी रही। देर रात करीब 12 बजे के बाद मगरमच्छ के नहर से निकलकर सड़क पर घूमते हुए दिखाई देने की सूचना सामने आई। सड़क पर मगरमच्छ देखे जाने की खबर से ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई। लोगों ने रात के समय नहर एवं आसपास के रास्तों पर आवाजाही से बचना शुरू कर दिया। सोमवार सुबह करीब 11 बजे



वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने नहर के आसपास के क्षेत्र में काफी देर तक मगरमच्छ की तलाश की। संभावित स्थानों पर निगरानी की गई और आसपास के इलाके को भी देखा गया, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद मगरमच्छ कहीं दिखाई नहीं दिया। कई घंटे की तलाश के बाद भी मगरमच्छ का पता नहीं चल सका, जिसके बाद वन विभाग की टीम वापस लौट गई। मगरमच्छ के दोबारा नहर या सड़क पर दिखाई देने की आशंका से ग्रामीणों में अभी भी भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर के आसपास खेतों में काम करने वाले किसानों और राहगीरों की सुरक्षा को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि नहर तथा आसपास के क्षेत्र में लगातार निगरानी कराई जाए और मगरमच्छ की तलाश कर उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए, ताकि किसी ग्रामीण या राहगीर के साथ कोई अप्रिय घटना न हो। मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य द्वारा तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजे जाने और ग्रामीणों को सतर्क किए जाने की स्थानीय लोगों ने सराहना की। पुलिस की तत्परता के चलते मौके पर भीड़ को नियंत्रित रखने और लोगों को नहर के आसपास जाने से रोकने में मदद मिली।

# दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में दो युवक घायल

**एक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर**

**खुटार, शाहजहांपुर।** लखीमपुर खीरी-बहराइच नेशनल हाईवे पर खुटार क्षेत्र में सोमवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गए। इनमें एक युवक की हालत गंभीर बताई गई, जिसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि लखीमपुर खीरी निवासी अमन कश्यप मोटरसाइकिल से खुटार क्षेत्र के एक गांव की ओर जा रहे थे। वहीं ददरौल ब्लॉक क्षेत्र निवासी दुर्गेश कुमार बाइक से लखीमपुर खीरी की तरफ जा रहे थे। खुटार के पास दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायलों की मदद की और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस दोनों घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंची। यहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सा प्रभारी खुटार गौरव सक्सेना ने बताया कि हादसे में घायल दोनों युवकों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया था। एक युवक की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि दूसरे घायल को चिकित्सकीय उपचार और दवा देकर घर भेज दिया गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# तीन बार के विधायक रोशन लाल वर्मा ने जताई जीत की उम्मीद, बोले- जनता का मिल रहा भरपूर समर्थन

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तिलहर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी एवं तीन बार विधायक रह चुके रोशन लाल वर्मा ने 2027 के विधानसभा चुनाव में अपनी जीत का दावा किया है। उनका कहना है कि क्षेत्र की जनता का उन्हें लगातार समर्थन मिल रहा है और लोग उन्हें एक बार फिर विधायक के रूप में देखना चाहते हैं।

रोशन लाल वर्मा का कहना है कि उन्होंने अपने करीब 15 वर्षों के राजनीतिक कार्यकाल में तिलहर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार काम किया। सड़क, बिजली, पानी और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर उन्होंने सदन से लेकर क्षेत्र तक आवाज उठाई। उनका दावा है कि जितने विकास कार्य उन्होंने क्षेत्र में कराए, उतने किसी अन्य विधायक या नेता ने नहीं कराए। उन्होंने कहा कि जनता से उनका पुराना और भावनात्मक जुड़ाव है। यही वजह है कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उनके साथ खड़े हैं और चुनाव में बढ़-चढ़कर समर्थन देने का भरोसा जता रहे हैं। रोशन लाल वर्मा ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि जब संक्रमण के डर से लोग घरों से निकलने में भी हिचक रहे थे, तब उन्होंने जरूरतमंद परिवारों तक राशन पहुंचाने और गरीबों की आर्थिक मदद करने का काम किया।

उनका कहना है कि कठिन समय में जनता के साथ खड़े रहने का लाभ उन्हें आज भी लोगों के स्नेह और विश्वास के रूप में मिल रहा है। तीन बार विधायक रह चुके रोशन लाल वर्मा को उम्मीद है कि 2027 में तिलहर की जनता एक बार फिर उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनेगी। हालांकि अंतिम निर्णय मतदाताओं के हाथ में होगा, लेकिन उनके दावे से क्षेत्र की चुनावी सरगर्मी और बढ़ गई है।

# स्वतंत्रता प्राप्ति में सामाजिक आंदोलनों की भूमिका विषय पर परिचर्चा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में स्वतंत्रता प्राप्ति में सामाजिक आंदोलनों की भूमिका विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में राष्ट्रीयता की भावना को जागृत करना है। विभागाअध्यक्ष डॉ संजीता अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्रता प्राप्ति अनेकों देशभक्तों, स्वतंत्रता सेनानीयो, क्रांतिकारियों, बलिदानियों और अनेकों गुमनाम वीरों के संघर्षों का परिणाम है इस आजादी को अपने कर्तव्यों और अधिकारों से पोषित कर विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करना चाहिए। डॉ अरुण कांत पाण्डे जी ने बताया कि इस विस्तृत विषय की जितनी चर्चा की



जाए उतनी ही प्रेरणादायक और लाभकारी होगी। श्रीमति माया देवी ने शाहजहांपुर नगर के काकोरी कांड के सन्दर्भ में बताया। साथ ही अपर्णा मिश्रा ने एक कविता के माध्यम से कई सामाजिक आंदोलनों की व्याख्या की। अंशिका, मुस्कान कश्यप, नंदिनी कश्यप, सुनैना, अल्पना शुक्ला ने भी अपने बहुमूल्य विचार रखे।

# परिवहन निगम पैनल में अधिवक्ता शुभली नियुक्त



**शाहजहांपुर।** शहर के मोहल्ला बहादुरगंज छोटी सब्जी मंडी निवासी अधिवक्ता शुभली गुप्ता को जनपद न्यायालय शाहजहांपुर में परिवहन निगम से संबधित अधिकतम वाद होने के दृष्टिगत परिवहन निगम के पैनल में नियुक्त किया गया है। परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक डा.बिपिन कुमार मिश्रा ने क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम हरदोई को पत्र जारी अवगत कराया। पत्र में बताया गया है कि अधिवक्ता शुभली गुप्ता को निगम की फीस व शर्तों पर जनपद न्यायालय में परिवहन निगम के वादों की पैरवी के लिए नियुक्त किया गया है।

# रोजा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**रोजा, शाहजहांपुर।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर थाना रोजा पुलिस ने आज चेकिंग अभियान चलाया। थाना रोजा की सीसी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहा पर यातायात पुलिस टीम के साथ दोपहिया वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, निर्धारित गति से वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

# विधायक की पहल पर सराफा व्यापारी का हत्यारा नंदी भेजा गया नंदीशाला, अभी सड़कों पर मंडरा रहे दर्जनों छुट्टा गोवंश

**कस्बेवासियों ने विधायक से सड़कों पर मंडरा रहे गोवंश को गौशालाओं में भेजवाए जाने की मांग की**

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**

क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा की पहल पर कस्बे के कपड़ा एवं सराफा व्यापारी दिनेशचंद्र गुप्ता के हत्यारे सांड को तो ब्लॉक की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़कर नंदीशाला पहुंचा दिया है। किंतु अभी भी दर्जनों छुट्टा गोवंश सड़कों से लेकर खेतों तक मंडरा कर जनसामान्य की जानमाल के दुश्मन बने हुए हैं।

ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा से मांग की है कि सड़कों से लेकर खेतों तक मंडरा रहे दर्जनों गोवंश को पकड़वाकर गौशालाओं में भिजवाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र की कलान तहसील क्षेत्र में कई बृहद गोशाला हैं। जिनमें अधिकांश गौवंश संरक्षित किए जा सकते हैं। किंतु गोशाला संचालकों की मनमानी के चलते छुट्टा गोवंश आमजन की जानमाल के दुश्मन बने हुए हैं। कलान तहसील क्षेत्र में कई बृहद गौशाला हैं। इन गोशालाओं के संचालक 200 से 250 गौवंश को संरक्षित करके कागजों में 400 से 500 तक गौवंश को संरक्षित करने का दावा करके प्रतिमाह सरकारी खजाने को लाखों का चूना लगा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशालाओं की रेंडम चेकिंग करने वाले अधिकारी भी अपनी चेकिंग में वही रिपोर्ट देते हैं,जैसा गौशालाओं के संचालक चाहते हैं।

गौशालाओं की रेंडम चेकिंग की सूचना भी गौशालाओं के संचालकों को पहले ही दे दी जाती है। जिससे गौशालाओं के संचालक सभी व्यवस्थाएं ठीक कर लेते हैं। किसानों का कहना है कि गौशालाओं के संचालन पर सरकार लाखों रुपए प्रतिमाह खर्च कर रही है। फिर भी किसानों और आमजन को लाभ नहीं मिल रहा है। जिससे खेतों में किसान और सड़कों पर राहगीर बेहद परेशान हैं।

क्षेत्रीय नागरिकों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि वे खुद स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ अचानक गौशालाओं का निरीक्षण कर गौशालाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेकर सरकार की छवि खराब करने वाले गौशाला संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करवाएं और सड़कों पर घूम रहे छुट्टा गोवंश को गौशालाओं में सुरक्षित करवाएं।

# जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह सेवानिवृत्त, भावभीनी विदाई

**युवाओं को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने में रहा अहम योगदान**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को विकास भवन सभागार में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। विभागीय अधिकारियों, युवक एवं महिला मंगल दलों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।नरेंद्र कुमार सिंह ने 10 जुलाई 2023 को शाहजहांपुर में जिला युवा कल्याण अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने युवक एवं महिला मंगल दलों को सक्रिय करने के साथ ही ग्रामीण





क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में युवक मंगल दल चौढ़ेरा, ब्लॉक भावलखेड़ा को राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड प्राप्त हुआ। इसके अलावा युवक मंगल दलों को प्रतिवर्ष खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण स्तर पर स्टेडियम निर्माण की दिशा में भी कार्य किया गया। पीआरडी जवानों को सुचारू रूप से ड्यूटी उपलब्ध कराने में भी विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्य किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि नरेंद्र कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ ही खेल और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनके कार्यकाल की उपलब्धियां विभाग और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगी। इस दौरान जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, खंड विकास अधिकारी ददरौल-कांट अमित सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम सिंह, राहुल उपाध्याय, अनुराग कुमार, भूमिका सचान, व्यायाम प्रशिक्षक सतेंद्र कुमार, युवक मंगल दल अध्यक्ष इंद्रजीत लोधी, कनिष्ठ सहायक पायल पटेल सहित पीआरडी जवान, युवक एवं महिला मंगल दलों के पदाधिकारी और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।युवक एवं महिला मंगल दल, युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन की ओर से नरेंद्र कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# दिव्यांग बोर्ड कैंप अचानक निरस्त, सैकड़ों दिव्यांगों का हंगामा, डीएम को ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई के नेतृत्व में सैकड़ों दिव्यांगजनों ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि आज सोमवार को पुराने जिला अस्पताल में दिव्यांग बोर्ड का कैंप लगना था। जनपद के कोने-कोने से सैकड़ों दिव्यांगजन कैंप में पहुंचे थे, लेकिन मौके पर पहुंचने पर बोर्ड पर नोटिस लगा था कि आज डॉक्टर आवश्यक कार्य से बरेली गए हुए हैं, इसलिए कैंप आज नहीं होगा। दिव्यांगजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने पूर्व में कोई सूचना दिए बिना कैंप निरस्त कर दिया, जो नियम विरुद्ध है और यह डॉक्टरों की घोर लापरवाही है। नीरज बाजपेई ने कहा यदि कैंप निरस्त करना था तो इसकी सूचना पहले से समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से दी जानी चाहिए थी। इससे जनपद के दूर-दराज से आए दिव्यांगजनों का समय और किराया बर्बाद नहीं होता। जो नए दिव्यांगजन हैं, जिनके पास अभी दिव्यांग



प्रमाण पत्र नहीं है, उन्हें बसों में भी कोई सुविधा नहीं मिलती, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी हुई। हमारी समिति इस लापरवाही की कड़ी निंदा करती है। ज्ञापन में मांग की गई है कि भविष्य में यदि डॉक्टरों को आवश्यक कार्य से कहीं जाना हो तो पहले ही समाचार पत्रों व सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्रकाशित की जाए, ताकि दिव्यांगजनों को परेशान न होना पड़े और दोबारा ऐसी लापरवाही न हो। इस दौरान मुख्य रूप से ब्रह्मदेव, विनोद, चंद्रसेन, रामकुमार सहित सैकड़ों दिव्यांगजन मौजूद रहे।

# पुस्तकों का नशा करें, इतिहास रचें: कुलपति

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

विश्वविद्यालय के प्रथम बैच के विद्यार्थी निश्चित रूप से उसके इतिहास का एक महत्वपूर्ण अंग होंगे। ये विद्यार्थी विश्वविद्यालय के भावी विकसित रूप की नींव के निर्माता हैं। उक्त उदगार स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए। कुलपति प्रो सिंह विज्ञान संकाय के दीक्षारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय को लोकल से ग्लोबल रूप देने के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी एवं शिक्षक एक समन्वित सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल पुस्तकीय ज्ञान पर केंद्रित न रहते हुए परिकल्पनाओं को व्यावहारिक प्रयोगों में उतारकर सीखना आरंभ करें। विद्यार्थियों को संक्रमण के इस महत्वपूर्ण




समय में अपने करियर की दिशा भी तय करनी है। इस हेतु उन्हें सही प्लेटफॉर्म का चयन भी करना है। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए सोशल मीडिया एवं नशे से विद्यार्थियों को दूर रहना चाहिए किंतु प्रत्येक विद्यार्थी को यदि पुस्तकों का नशा हो तो वह दिन दूर नहीं जब राष्ट्र प्रगति के शिखरों को स्पर्श करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ऐसी पहचान निर्मित करें कि भविष्य में उन्हें सदैव स्मरण किया जाए। कार्यक्रम में बीएससी की छात्राओं लहर दीक्षित एवं निवेदिता सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विज्ञान संकाय के प्रभारी डॉ आलोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए कुलपति महोदय को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ शिशिर शुक्ला के संचालन में हुए कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ आदर्श पांडेय ने किया। अमित कुमार, डॉ रमेश चंद्रा, डॉ संदीप अवस्थी, श्री चंदन गोस्वामी, श्री राजनंदन सिंह राजपूत, श्री हर्ष पाराशरी, श्री सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ निधि त्रिपाठी, डॉ मुमताज हुसैन, डॉ शिखा सक्सेना, डॉ केशव शुक्ला, डॉ रजत कुमार सिंह, डॉ राजेश सक्सेना, डॉ सुमित त्रिवेदी, डॉ अनामिका शुक्ला, श्री भानु प्रताप सिंह, डॉ शशांक गुप्ता, डॉ अमित राज चौहान सहित सभी नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी को लेकर मास्टर ट्रेनर्स की कार्यशाला आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जाँच (एफएलसी) के संबंध में नियुक्त ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स की कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम एवं वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जाँच (एफएलसी) की प्रक्रिया के संबंध में




विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी का कार्य निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार 02 सितंबर, 2026 से प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, तकनीकी पहलुओं तथा एफएलसी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर लें, ताकि निर्वाचन के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों, जैसे सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि को ईवीएम संचालन एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण प्रभावी ढंग से प्रदान किया जा सके। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने में ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स निर्धारित दिशा निर्देशों एवं प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रथिन सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी एवं ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

## हाइवे पर स्कॉर्पियो ने साइकिल सवार दो मजदूरों को मारी टक्कर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाइवे पर हुये हादसों में एक बुजुर्ग समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। तीनों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में तीनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार अपरान्ह करीब ढाई बजे नगर के मोहल्ला पचासा निवासी सत्यपाल 42 और चंदन 32 साइकिल से सरऊ पुलिया के आगे प्लॉटिंग पर काम करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो उन्हें टक्कर मारकर फरार हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी पहुँचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों के परिजन सीएचसी पहुंच गए। उधर दूसरी घटना हाइवे पर हुई। जिसमें एक बुजुर्ग



तांगा की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये। सोमवार सुबह करीब दस बजे शाहजहांपुर जाने के लिए हाइवे स्थित कच्छीयानी खेड़ा हनुमान मंदिर के निकट रोडवेज बस का इंतजार कर रहे रोजा थाना क्षेत्र के ग्राम हथौड़ा बुजुर्ग निवासी हरीश चंद्र गुप्ता पुत्र केदार गुप्ता 75 को तांगा ने टक्कर मार दी। जिसमें बह रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर बुजुर्ग को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# प्राथमिक विद्यालय में महिला सशक्तीकरण योजनाओं की दी जानकारी

- गुड टच-बैड टच, बाल विवाह और हेल्पलाइन नंबरों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत सोमवार को धनवंतरी प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में जानकारी देते हुए बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या परेशानी होने पर वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र), महिला हेल्पलाइन 181 और डायल 112 के माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती



है।उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही निराश्रित महिलाओं के लिए संचालित पेंशन योजना एवं सामूहिक विवाह योजना के संबंध में भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा ने बच्चों को गुड टच-बैड टच, बाल विवाह निषेध कानून और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, लेखा सहायक अभिषेक कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत 'संवाद, सुरक्षा एवं विश्वास दिवस' का आयोजन



**सीतापुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को जनपद के सभी थानों में मिशन शक्ति अभियान के तहत 'संवाद, सुरक्षा एवं विश्वास दिवस' का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला सुरक्षा टीमों ने थाना क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक मिशन शक्ति केंद्र की टीमों ने 'ओपन एमएसके/मिशन शक्ति संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें महिलाओं एवं बालिकाओं को बिना संकोच अपनी समस्याएं पुलिस के सामने रखने और जरूरत पड़ने पर सीधे सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा चयनित शिक्षण एवं सार्वजनिक संस्थानों में 'साइबर सुरक्षा क्लिनिक' लगाए गए। साइबर विशेषज्ञ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने महिलाओं को ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया प्रोफाइल की सुरक्षा और साइबर स्टॉकिंग से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। अभियान के दौरान प्राप्त शिकायतों और सूचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर वर्गीकरण किया गया। गंभीर मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई, जबकि पारिवारिक विवादों में परामर्श एवं आवश्यक रेफरल सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। पुलिस के मुताबिक कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को पुलिस एवं महिला सहायता केंद्रों तक 24 घंटे सहज और सुलभ पहुंच उपलब्ध कराना है। सीतापुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए निरंतर तत्पर रहने की बात कही।

## सर्पदंश पर झाड़-फूंक नहीं, अस्पताल पहुंचाएं, समय पर इलाज जरूरी: एडीएम

**लखीमपुर खीरी।** बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनहित में एडवाइजरी जारी की है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने आमजन से अपील की है कि सांप के काटने पर घबराएं नहीं और झाड़-फूंक, अंधविश्वास अथवा घरेलू उपचार में समय न गंवाएं। सर्पदंश की स्थिति में मरीज को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाना ही सबसे अहम है।

**सांप काटे तो मरीज को रखें शांत:** प्रशासन के मुताबिक सर्पदंश के बाद मरीज को शांत रखें और उसे अनावश्यक रूप से चलने-फिरने न दें। डंक वाले हिस्से के आसपास पहनी घड़ी, अंगूठी, कड़ा अथवा कसाव वाले कपड़े तत्काल हटा दें। प्रभावित स्थान को साबुन और पानी से साफ किया जा सकता है, लेकिन घाव को काटने, चीरने या छेड़ने का प्रयास न करें। मरीज को बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाएं, जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद आवश्यकता होने पर एंटीवेनम उपचार दिया जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सांप का जहर मुंह से चूसकर निकालने का प्रयास न करें। डंक वाली जगह पर बिना चिकित्सकीय सलाह के कोई दवा, मलहम या अन्य पदार्थ न लगाएं और न ही कसकर पट्टी बांधें। झाड़-फूंक, सपेरे या तांत्रिक के चक्कर में समय गंवाने से मरीज की हालत गंभीर हो सकती है।

**आपात स्थिति में इन नंबरों पर करें संपर्क:** एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में एम्बुलेंस 108, पुलिस 112 और राहत एवं आपदा हेल्पलाइन 1070 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला आपदा राहत कंट्रोल रूम के 05872-298410 नंबर पर भी तत्काल सूचना दी जा सकती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बरसात में सावधानी बरतें और सर्पदंश की स्थिति में बिना समय गंवाए चिकित्सकीय सहायता लें।

## खबरें एक नजर में

### नलकूप कोठरियों में अनियमितता, सीडीओ ने दिए जांच के आदेश



**लखीमपुर-खीरी।** नलकूप विभाग द्वारा निर्मित कोठरियों में व्यापक भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया है। निर्माण में मानकों की घोर उपेक्षा तथा निम्नस्तरीय सामग्री के प्रयोग की प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। जांच हेतु द्विसदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति में उपायुक्त वीबी-राम जी योजना अमित सिंह परिहार एवं सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा रविन्द्र पाल को नामित किया गया है। गठित टीम स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता, लागत, अभिलेखों तथा खराब पड़ी मोटर बोरिंग की भी गहन पड़ताल करेगी और अपनी आख्या मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित करेगी। वहीं, इस प्रकरण के संबंध में जनपद के सभी 15 विकास खंडों के खंड विकास अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। पत्र में संबंधित निर्माण कार्यों से जुड़े समस्त अभिलेख सुरक्षित रखने एवं जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दोषसिद्धि की कम दर पर डीएम सख्त, अभियोजन की पैरवी में लापरवाही पर नाराज

- गंभीर मामलों में पैरवी कर दोषियों को हर हाल में सजा दिलाएं: डीएम

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

अभियोजन मामलों में दोषसिद्धि की कम दर और मामलों में शीघ्र जमानत मिलने की स्थिति पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गंभीर अपराधों के मामलों में अभियोजन की पैरवी में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोमवार शाम कलेक्ट्रेट में एसपी डॉ. ख्याति गर्ग के साथ अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा करते हुए डीएम ने लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण और दोषसिद्धि प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों के पेंच कसे।



डीएम ने निर्देश दिए कि न्यायालयों में विचाराधीन गंभीर मामलों की प्रभावी पैरवी कर दोषियों को हर हाल में सजा दिलाई जाए। गवाहों की शत-प्रतिशत गवाही सुनिश्चित कराने के साथ ही समन की तामीली समयबद्ध तरीके से कराई जाए। उन्होंने कहा कि अकारण किसी गवाह की न्यायालय से वापसी नहीं होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालय के समक्ष परीक्षित कराने के लिए पुलिस और अभियोजन विभाग आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने कहा कि अपराधियों में कानून का भय कायम करने के लिए केवल मुकदमा दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि न्यायालय में मजबूत पैरवी के जरिए दोषियों को सजा दिलाना भी जरूरी है। पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी ढंग से पैरवी कर निस्तारित कराया जाए।

**दोषमुक्त मामलों में अपील के निर्देश:** डीएम ने दोषमुक्त हुए मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मामलों में नियमानुसार अपील बनती है, उनमें समय से अपील की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न्यायालयों में गवाहों की उपस्थिति, उनके पक्षद्रोही होने के कारणों और मुकदमों में पैरवी की स्थिति की नियमित समीक्षा करने को कहा। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि अपराधियों पर प्रभावी शिकंजा कसने के लिए पुलिस कार्रवाई के साथ अभियोजन की मजबूत पैरवी जरूरी है। गंभीर अपराधों में साक्ष्यों और गवाहों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करते हुए दोषियों को सजा दिलाई जाए, ताकि पीड़ितों में न्याय का भरोसा और अपराधियों में कानून का भय कायम रहे।

**गंभीर मामलों में कमजोर पैरवी पर डीएम नाराज, बोले-अपराधियों को राहत मिली तो होगी जवाबदेही:** अभियोजन कार्यों की समीक्षा में गंभीर मामलों में आरोपितों को आसानी से जमानत मिलने का तथ्य सामने आने पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीर मामलों में तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मजबूती से पैरवी की जाए, जमानत का प्रभावी विरोध हो और दोषियों को हर हाल में सजा दिलाई जाए। डीएम ने स्पष्ट किया कि कमजोर पैरवी के कारण अपराधियों को राहत मिलने की स्थिति स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह, एएसपी (पश्चिमी) अमित कुमार राय, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी, प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता (क्रिमिनल), विशेष लोक अभियोजक, एडीजीसी क्रिमिनल सहित संबंधित अधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 8300 बच्चों ने दी 'भारत को जानो' परीक्षा ज्ञान के साथ संस्कारों की परख

**पीलीभीत।** भारत विकास परिषद की बांसुरी शाखा की ओर से सोमवार को अखिल भारतीय 'भारत को जानो' लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जनपद के 10 विद्यालयों और एक कंप्यूटर संस्थान में आयोजित परीक्षा में कुल 8300 बच्चों ने प्रतिभाग कर भारतीय इतिहास, संस्कृति, परंपराओं और देश से जुड़े विविध विषयों पर अपनी जानकारी परखी। परीक्षा के लिए इकरा पब्लिक स्कूल, अंगुरी देवी इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय बरहा, कंपोजिट विद्यालय कैच, लॉर्ड कृष्णा विद्यालय, स्प्रिंग डेल कॉलेज, लिटिल एंजेल स्कूल, रामा इंटर कॉलेज, अवध पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर तथा सुमन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट को केंद्र बनाया गया। सभी केंद्रों पर परीक्षा को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए परिषद के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक संजीव अरोड़ा और सह-संयोजक राहुल गजवानी रहे। प्रांतीय महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना ने



बताया कि 'भारत को जानो' परीक्षा पूरे प्रांत, क्षेत्र और देश में एक साथ आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में देश की संस्कृति, इतिहास, परंपराओं और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति ज्ञान एवं जागरूकता बढ़ाना है। बांसुरी शाखा अध्यक्ष जगदीश सक्सेना ने बताया कि परीक्षा में जूनियर और सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का अगले चरण के लिए चयन किया जाएगा। दूसरे चरण की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रांत स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा।

# महोली में 'सवर्ण पद-यात्रा' पर प्रशासन की सख्ती नेरी चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोके गए प्रदर्शनकारी

- पुलिस-प्रशासन ने नेरी गांव को छावनी में बदला
- सौ कार्यकर्ता हिरासत में, डीएम के पैराव का ऐलान

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**

महोली में आरक्षण विरोधी क्रांतिकारी विचार मंच की पांच दिवसीय सवर्ण पद-यात्रा को सोमवार को पुलिस-प्रशासन ने रोक दिया। यात्रा रोकने के लिए नेरी गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। पुलिस ने संगठन के कई बड़े नेताओं को हाउस अरेस्ट किया और लगभग सौ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।



क्रांतिकारी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह हैं। यह संगठन जातिगत आरक्षण और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों का विरोध करता है। संगठन की प्रमुख मांग है कि जातिगत आरक्षण समाप्त कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू किया जाए। इसके अतिरिक्त, एससी-एसटी एक्ट और यूजीसी के कुछ नए प्रावधानों को वापस लेने की मांग भी की गई है। संगठन ने 31 अगस्त से 4 सितंबर तक पांच दिवसीय सवर्ण पद-यात्रा का आयोजन किया था। यह पदयात्रा महोली क्षेत्र के नेरी-बरगावां-पिसावां से शुरू होकर जिले के सवर्ण बहुल गांवों का भ्रमण करने वाली थी। इसका समापन 4 सितंबर को सीतापुर में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपने के साथ होना था। पदयात्रा को रोकने के लिए महोली पुलिस ने देर रात संगठन के संरक्षक अनिल सिंह को हाउस अरेस्ट कर लिया और सोमवार सुबह कोतवाली ले आई। पुलिस हिरासत से अनिल सिंह ने करो न देरी, पहुंचो नेरी का नारा दिया। हालांकि, कार्यकर्ता पुलिस-प्रशासन की घेराबंदी को तोड़ नहीं पाए। नेरी चौराहे को पूरी तरह छावनी में बदल दिया गया था। सोमवार दोपहर जैसे ही संगठन से जुड़े कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए चौराहे पर पहुंचे, पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समझाने पर संगठन के सदस्यों ने एसडीएम शैलेंद्र गौतम और सीओ नागेंद्र कुमार को अपना ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस ने लगभग सौ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

## समय पर बीमारी की पहचान से मासूम को मिला इलाज

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 1.6 वर्षीय मासूम बच्ची की जन्मजात बीमारी की पहचान कर उसे बेहतर उपचार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विकासखंड मरौरी के ग्राम खपरैल गौटिया में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्ची में न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट (स्पाइना बाइफिडा) की समस्या सामने आई। ब्लॉक मरौरी की आरबीएसके टीम-ए में शामिल डॉ. दिनेश कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट राजीव कुमार और स्टाफ नर्स माला शर्मा ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्ची की स्थिति की जांच की। बीमारी की पहचान होने के बाद टीम ने परिजनों को बीमारी की गंभीरता, उपचार की प्रक्रिया और सरकार की ओर से उपलब्ध नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी दी। परिजनों को उपचार के लिए प्रेरित करते हुए बच्ची को सरकारी एंबुलेंस से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ भेजा गया। सरकारी योजना के अंतर्गत बच्ची की सर्जरी नि:शुल्क कराई गई। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को इलाज के खर्च से बड़ी राहत मिली। समय पर बीमारी की पहचान और उपचार मिलने से परिजनों में भी खुशी का माहौल है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार आरबीएसके के माध्यम से बच्चों में जन्मजात बीमारियों समेत अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ उपचार से जोड़ा जा रहा है। इससे जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता के साथ बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद भी मिल रही है। बच्ची के माता-पिता ने आरबीएसके टीम और स्वास्थ्य विभाग का आभार जताते हुए कहा कि समय पर बीमारी का पता चलने और नि:शुल्क उपचार मिलने से उनकी बेटी को नया जीवन मिला है। विभाग ने जन्मजात बीमारी से ग्रसित बच्चों के नि:शुल्क उपचार के लिए डीईसी प्रबंधक मो. जुबैर से 7536844761 पर संपर्क करने की अपील की है।


**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने बड़े पुत्र रोहित कुमार को गलत संगत में पड़ जाने के कारण चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। सकटे पुत्र कढेल नि.ग्रा. नवदिया होरीलाल थाना खुटार, शाहजहांपुर

**सूचना**

मैं PHULAMANI HANSDAH मेरे पति आर्मी न.-JC 563157× रैंक-NB/SUB, LUDHIYA MURMU, AT- TADKISOLE, POST-BUDHI KHAMARI, VIA- K.C, PUR, DIST- MAYUR BHANJ, STATE - ODISHA, PIN - 757029 के सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम PHULAMANI MURMU वह जन्मतिथि 02.06.1984 त्रुटिवश गलत अंकित हो गई है, जबकि वास्तविक सही नाम PHULAMANI HANSDAH व सही जन्मतिथि 02.06.1991 है।

**सूचना**

अभियुक्त अनिल कुमार यादव पुत्र विश्राम सिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम चकरपुर थाना बिधुना जनपद औरैया के विरूद्ध मा. न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश कोर्ट सं. 05/गैंगस्टर कोर्ट जनपद शाहजहाँपुर महोदय द्वारा थाना रामचन्द्र मिशन पर पंजीकृत मु.अ.स. 223/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट मे मा.न्यायालय मे हाजिर होने हेतु धारा 82 अनुसूची 5 प्रपत्र संख्या 4 की उदघोषणा जारी की गयी है। यदि अभियुक्त मा.न्यायालय मे आत्मसमर्पण नही करता है तो अभियुक्त के विरूद्ध धारा 83 सीआरपीसी /धारा 85 बीएनएसएस के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। राजीव कुमार प्रभारी निरीक्षक विवेचक थाना-सदर बजार जिला-शाहजहांपुर, मो.नं.- 9454404220


# समस्याएं उठाईं तो कार्रवाई का आरोप, बेहरी मुस्तकिल के ग्रामीण पहुंचे डीएम दरबार

- स्कूल की बदहाली से लेकर राशन में कथित कटौती तक कई मुद्दे उठाए
- एक सप्ताह में समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

विकासखंड मझोला क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेहरी मुस्तकिल में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली और विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर गांव की समस्याओं का स्थलीय सत्यापन कराने और शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से समस्याएं उठाने के बावजूद उनका अपेक्षित समाधान नहीं हुआ। उलटे आवाज उठाने वाले ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने से नाराजगी और बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के सरकारी विद्यालय की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। भवन और कक्षों की हालत, फर्श, पेयजल, शौचालय तथा साफ-सफाई जैसी व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने सवाल उठाए। उनका आरोप है कि बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जबकि विद्यालय की स्थिति सुधारने की मांग पहले भी अधिकारियों के समक्ष रखी जा चुकी है। ग्रामीणों ने गांव की सड़कों और जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कई रास्ते जर्जर और ऊबड़-खाबड़ हैं। बारिश



के दौरान जलभराव होने से आवागमन मुश्किल हो जाता है। घरों के आसपास गंदा पानी जमा रहने से ग्रामीणों को परेशानी के साथ बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। नालियों की समुचित व्यवस्था कराने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से रखी गई। उचित दर विक्रेता पर भी ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम राशन मिलने की शिकायतें हैं और प्रति कार्ड करीब डेढ़ से दो किलोग्राम तक कटौती किए जाने का आरोप लगाया गया है। विरोध करने पर राशन बंद करने की कथित धमकी दिए जाने की बात भी ग्रामीणों ने कही। उन्होंने राशन वितरण की जांच कराकर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल और लिखित प्रार्थना पत्रों के माध्यम से पिछले करीब दो महीनों से गांव की समस्याओं की शिकायतें की जा रही हैं। आरोप है कि कई मामलों में मौके पर प्रभावी जांच किए बिना ही शिकायतों का निस्तारण दर्शा दिया गया। ग्रामीणों ने पंचायत के विकास कार्यों में पारदर्शिता के लिए विशेष खुली ग्राम सभा आयोजित कराने की मांग की, ताकि विकास कार्यों, प्रस्तावों और आय-व्यय से संबंधित जानकारी ग्रामीणों के सामने रखी जा सके। ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव की समस्याओं को लेकर अधिकारियों तक शिकायत पहुंचाने और अपनी मांगों के लिए आवाज उठाने वाले लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार करीब 25 से 30 लोगों पर कार्रवाई किए जाने की बात सामने आई है। उनका कहना है कि पानी, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग करना उनका अधिकार है, ऐसे में शिकायतों का समाधान करने के बजाय शिकायतकर्ताओं पर कार्रवाई किए जाने से ग्रामीणों में असंतोष है।

## खड़ा हो खतरे पर नजर रखने वाला तंत्र

हिमालय केवल भारत की प्राकृतिक धरोहर नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन, जलस्रोतों और पर्यावरण का आधार है। लेकिन यही हिमालय अब प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के कारण गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। भूस्खलन, हिमस्खलन, ग्लेशियर टूटने, बादल फटने और अचानक आने वाली बाढ़ ने पहाड़ी क्षेत्रों में जोखिम कई गुना बढ़ा दिया है। ऐसे में आपदा आने के बाद राहत और बचाव की तैयारी से अधिक जरूरी है कि खतरे का पहले पता लगाने वाला मजबूत तंत्र तैयार किया जाए। हिमालय की भौगोलिक संरचना बेहद संवेदनशील है। दिन में तापमान बढ़ने और रात में गिरने से चट्टानों में लगातार फैलाव और सिकुड़न होता है। इससे दरारें बनती हैं और पहाड़ कमजोर होते हैं। पानी जब चट्टानों और मिट्टी के भीतर रास्ता बनाता है तो उनकी पकड़ और कमजोर हो जाती है। भूकंप इस अस्थिरता को और बढ़ा सकता है। जलवायु परिवर्तन ने भी हिमालयी क्षेत्रों में खतरे की प्रकृति बदल दी है। ग्लेशियरों के पिघलने और मौसम में अचानक बदलाव के कारण हिमस्खलन तथा ग्लेशियर झीलों के फटने जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिकांश बड़ी आपदाओं के पीछे कोई न कोई ट्रिगर होता है। भारी बारिश, भूकंप या लगातार बढ़ता जल दबाव पहाड़ की पहले से कमजोर संरचना को अचानक ढहा सकता है। हाल में तिब्बत में हुई घटना इसका उदाहरण है, जहां भूकंप और पहले से हो रही बारिश ने मिलकर पहाड़ की अस्थिरता बढ़ाई। चट्टान और बर्फ के बड़े हिस्से के नीचे खिसकने से अचानक बाढ़ आई और लोगों को संभलने का बहुत कम समय मिला। यही सवाल भारत की आपदा निगरानी व्यवस्था के सामने भी है। देश में अनेक संस्थाएं अलग-अलग प्रकार के खतरों की निगरानी करती हैं। कोई बाढ़ पर नजर रखता है, कोई हिमस्खलन पर, कोई भूकंप की जानकारी देता है और ग्लेशियर तथा झीलों की निगरानी का काम दूसरी संस्थाओं के पास है। यह विशेषज्ञता अपने स्थान पर महत्वपूर्ण है, लेकिन जब वास्तविक संकट सामने आता है तो अलग-अलग संस्थाओं के बीच सूचनाओं का तत्काल और प्रभावी समन्वय सबसे जरूरी हो जाता है। सिर्फ उपग्रह से तस्वीरें लेना निगरानी नहीं है। उपग्रह अत्यंत उपयोगी तकनीक है, लेकिन उसका इस्तेमाल केवल घटना के बाद आपदा का विश्लेषण करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। यदि किसी संवेदनशील क्षेत्र में लगातार बदलाव दिखाई दे रहे हैं तो उस जानकारी को जमीन पर मौजूद विशेषज्ञों तक पहुंचाकर समय रहते चेतावनी में बदलना होगा। असली सफलता तभी मानी जाएगी जब तकनीक आपदा से पहले चेतावनी देने में सक्षम हो। इसलिए हिमालय के लिए एक एकीकृत निगरानी और पूर्व चेतावनी तंत्र की तत्काल आवश्यकता है। इसमें मौसम विज्ञान, भू-विज्ञान, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान, ग्लेशियर अध्ययन और आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञों को एक साझा प्रणाली में जोड़ा जाना चाहिए। यह तंत्र केवल कागजों पर नहीं, बल्कि चौबीसों घंटे और वर्ष के 365 दिन सक्रिय रहना चाहिए। जमीन पर निगरानी के लिए आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल भी बढ़ाना होगा। संवेदनशील इलाकों में सेंसर, रडार, कैमरे और ड्रोन लगाए जा सकते हैं। ऐसे ड्रोन जरूरी क्षेत्रों की लाइव तस्वीरें और सूचनाएं नियंत्रण केंद्र तक पहुंचाएं। वहां प्रशिक्षित टीमें इन संकेतों का तत्काल विश्लेषण करें और जोखिम बढ़ने पर स्थानीय प्रशासन तथा लोगों को चेतावनी भेजें। यहां सबसे बड़ा सवाल कुशल मानव संसाधन का है। आपदा प्रबंधन केवल शोध और रिपोर्ट तैयार करने का विषय नहीं है। शोध से खतरे को समझा जा सकता है, लेकिन संकट के समय तत्काल निर्णय लेने और कार्रवाई कराने के लिए प्रशिक्षित परिचालन दल चाहिए। ऐसे लोगों की जरूरत है जो कठिन परिस्थितियों में भी लगातार निगरानी कर सकें और मिली सूचना को कुछ मिनटों में उपयोगी चेतावनी में बदल सकें। किसी आपदा से पहले मिलने वाले 30 मिनट भी बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं। पहाड़ों में अचानक आने वाली बाढ़ या भूस्खलन को पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं है, लेकिन यदि लोगों को आधा घंटा पहले सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की चेतावनी मिल जाए तो बड़ी संख्या में जानें बचाई जा सकती हैं। नेपाल में हाल की बाढ़ जैसी घटनाएं बताती हैं कि चेतावनी और प्रतिक्रिया के बीच का हर मिनट कितना मूल्यवान है। हिमालय को बचाने की लड़ाई केवल पर्यावरण संरक्षण की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह मानवीय जीवन की सुरक्षा की लड़ाई भी है। विकास कार्यों में पर्यावरणीय संवेदनशीलता, वैज्ञानिक आकलन और स्थानीय परिस्थितियों को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी को विकास परियोजनाओं का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम आपदा के बाद सक्रिय होने वाली व्यवस्था से आगे बढ़कर आपदा से पहले खतरे को पहचानने वाली व्यवस्था बनाएं। अलग-अलग संस्थाओं की सूचनाओं को एक मंच पर लाकर, आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित परिचालन टीमों के साथ चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था करनी होगी। हिमालय को नियंत्रित नहीं किया जा सकता, लेकिन उसके बदलते संकेतों को समझकर नुकसान को काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है। यही आज की सबसे बड़ी जरूरत और सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

### दो टूक




# युवा शक्ति के हाथों फिर विश्वगुरु बनेगा भारत


प्रहलाद सबनानी



भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में अपनी पहचान बना चुका है। विश्व के अनेक विकसित देशों में जन्म दर लगातार घट रही है, औसत आयु बढ़ रही है और कार्यशील जनसंख्या का अनुपात कम हो रहा है। ऐसे समय में भारत के पास विशाल युवा शक्ति मौजूद है। यही युवा शक्ति आने वाले दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था, तकनीक, उद्योग, विज्ञान और वैश्विक प्रभाव की दिशा तय करेगी।

भारत की लगभग 68 प्रतिशत आबादी 15 से 64 वर्ष आयु वर्ग में है। 26 प्रतिशत आबादी 10 से 24 वर्ष के बीच है। 50 प्रतिशत से अधिक भारतीयों की आयु 25 वर्ष से कम है, जबकि 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। भारतीय नागरिकों की औसत आयु लगभग 28.4 वर्ष है। यह स्थिति भारत को एक बड़े जनसांख्यिकी लाभांश का अवसर देती है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार जनसांख्यिकी लाभांश उस आर्थिक क्षमता को कहा जाता है, जो आबादी की आयु संरचना में बदलाव से उत्पन्न होती है। जब कार्यशील आयु वर्ग की आबादी गैर-कार्यशील आयु वर्ग से अधिक हो जाती है, तब देश के सामने आर्थिक प्रगति का बड़ा अवसर पैदा होता है। भारत इस अवसर की खिड़की में प्रवेश कर चुका है और आगामी दशकों तक इसका लाभ उठा सकता है। दुनिया की जरूरत अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत में कार्यशील आयु वर्ग के नागरिकों की संख्या 104 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इसी अवधि में भारत का निर्भरता अनुपात अपने इतिहास के न्यूनतम स्तर 31.2 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। आगामी दशक में वैश्विक कार्यबल में होने वाली वृद्धि में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है। यूरोप, जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य विकसित देशों के सामने वृद्ध होती आबादी तथा कुशल कामगारों की कमी बड़ी चुनौती बन रही है। स्वास्थ्य सेवा, इंजीनियरिंग, विज्ञान, अनुसंधान, तकनीक, निर्माण और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में भारतीय प्रतिभाओं की मांग तेजी से बढ़ी है। भारतीय मूल के लगभग चार करोड़ लोग आज दुनिया के विभिन्न देशों में रह रहे हैं। वे अपनी कर्मभूमि के देशों में योगदान देते हुए भारत की संस्कृति, कार्यशीलता और उद्यमशीलता का परिचय भी देते हैं। अमेरिका में भारतीय मूल के नागरिकों की औसत वार्षिक आय स्थानीय औसत आय की तुलना में काफी अधिक बताई जाती है। सिलिकॉन वैली से लेकर यूरोपीय देशों तक भारतीय प्रतिभा की उपस्थिति आज स्पष्ट दिखाई देती है। प्रवासी भारतीयों द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले वर्ष भारतीय मूल के नागरिकों ने लगभग 14,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर भारत भेजे। यह दुनिया में किसी देश को प्राप्त होने वाली सबसे बड़ी रेमिटेंस राशि के रूप में सामने आती है।

कौशल बनेगा वैश्विक रोजगार का पासपोर्टदेश से प्रतिवर्ष लाखों लोग रोजगार और व्यवसाय के अवसरों की तलाश में विदेशों का रुख कर रहे हैं। जापान, इजराइल, वियतनाम, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों में भारतीय कुशल कामगारों की मांग बढ़ रही है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इन देशों में करोड़ों कुशल कामगारों की कमी उत्पन्न हो सकती है। भारत सरकार ने इस वैश्विक अवसर को ध्यान में रखते हुए युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, उड़ान, संकल्प, प्रशिक्षु अधिनियम के अंतर्गत प्रशिक्षण, महिलाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र, कौशल ऋण योजना और भारतीय कौशल संस्थान जैसी अनेक पहलें शुरू की हैं।

भारत हर वर्ष 25 लाख से अधिक कुशल कामगार तैयार कर रहा है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में युवा ऐसे हैं जो शिक्षा, प्रशिक्षण या रोजगार से जुड़े हुए नहीं हैं। एक हालिया प्रतिवेदन के अनुसार लगभग आठ करोड़ युवा आज अध्ययन, कौशल विकास या रोजगार की मुख्यधारा से बाहर हैं। यह स्थिति भारत के सामने मौजूद अवसर को बड़ी चुनौती में भी बदल सकती है। युवा शक्ति की संख्या अपने आप आर्थिक शक्ति में परिवर्तित नहीं होती। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, डिजिटल दक्षता, स्वास्थ्य, अनुशासन, उद्यमशीलता और रोजगार के अवसरों का मजबूत तंत्र आवश्यक है।

विदेशों से समझौते और नए रास्तेभारत विभिन्न देशों के साथ प्रवास एवं गतिशीलता साझेदारी समझौतों के माध्यम से युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के रास्ते सुगम बना रहा है। जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ हुए समझौतों का उद्देश्य भारतीय कामगारों और पेशेवरों की आवाजाही को अधिक व्यवस्थित बनाना है।

भारत विभिन्न देशों के साथ पारस्परिक मान्यता समझौतों पर भी काम कर रहा है। इससे भारतीय युवाओं की शिक्षा और कौशल को विदेशी संस्थानों में मान्यता मिलने का रास्ता आसान होगा। विदेश जाकर काम करने वाले भारतीयों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी समझौते महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस पूरी प्रक्रिया का व्यापक उद्देश्य यही है कि भारतीय युवा वैश्विक श्रम बाजार में सम्मानजनक अवसर प्राप्त करें और भारत अपनी विशाल मानव संसाधन शक्ति को आर्थिक सामर्थ्य में बदल सके।

विदेश जाएं, सीखें और भारत लौटकर रोजगार पैदा करेंभारत की युवा शक्ति का महत्व विदेशों में रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। विदेशों में काम करने वाले भारतीय नई तकनीक, प्रबंधन पद्धति, उत्पादन तकनीक और वैश्विक बाजार की समझ हासिल कर भारत लौट सकते हैं। वे अपने अनुभव और पूंजी के आधार पर देश में नए व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। यही प्रक्रिया भारत में रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। इससे उत्पादन बढ़ेगा, निर्यात को गति मिलेगी और भारतीय उद्योग वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकेंगे। भारत के लिए आज युवा वर्ग एक अमूल्य राष्ट्रीय संपत्ति है। इसकी शक्ति को सही दिशा देना आने वाले वर्षों की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए।

युवा ऊर्जा को अराजकता नहीं, राष्ट्र निर्माण चाहिएहाल में दिल्ली के जंतर-मंतर पर जेन-जी युवाओं से जुड़े आंदोलन ने युवा शक्ति की दिशा पर भी चर्चा को जन्म दिया। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में युवाओं को अपनी बात रखने और असहमति व्यक्त करने का अधिकार है। साथ ही सार्वजनिक विमर्श की भाषा, सामाजिक मर्यादा और भारतीय सांस्कृतिक संस्कारों का ध्यान रखना भी आवश्यक है। भारत जिस समय वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, उस समय युवा ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। असंतोष को ज्ञान, संवाद, नवाचार, उद्यम और सामाजिक परिवर्तन की शक्ति में बदलना होगा। देश के युवाओं के सामने आज रोजगार की तलाश के साथ राष्ट्र निर्माण का भी बड़ा अवसर है।

भारत ने लंबे ऐतिहासिक संघर्ष के बाद आर्थिक और सामाजिक पुनर्निर्माण की यात्रा तय की है। कभी भारत विश्व व्यापार में महत्वपूर्ण स्थान रखता था। वस्त्र, मसाले, इस्पात और अनेक उत्पादों के कारण भारत को समृद्ध देश के रूप में देखा जाता था। औपनिवेशिक काल में भारत की आर्थिक शक्ति को भारी क्षति पहुंची। स्वतंत्रता के बाद भी लंबे समय तक आर्थिक विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी रही।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# जंगलों पर जहरीला वार

कुलभूषण उपमन्यु

इन दिनों हिमाचल प्रदेश के वनों में ग्लाइफोसेट और पैराकुएट जैसे घातक पौधनाशकों के छिड़काव के बाद मटर की फसल बिजाई के मामले सामने आए हैं। मंडी की थाची रेंज में ऐसे मामले सामने आने के बाद वन विभाग के कर्मियों द्वारा मटर की फसल बर्बाद करने की कार्रवाई की गई है। पिछले वर्ष जब थुनाग, जंजैहली क्षेत्र में बरसात में भारी तबाही हुई थी उस समय भी ऐसी बातें निकली थीं कि उस क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में पौधनाशक रसायनों का छिड़काव करके मटर लगाया गया था, जिससे भूस्खलन से नुकसान में भारी बढ़ोतरी हुई। अभी जो मामला सामने आया है उससे एक सवाल तो यह भी पैदा होता है कि क्या यह एकाकी मामला है या हिमाचल में अन्य जगह पर भी इस तरह का वन विनाश हो रहा है। सरकार को चाहिए कि तत्काल पूरे प्रदेश में जहां जहां बेमौसमी मटर और अन्य बेमौसमी सब्जियों का कारोबार हो रहा है, वहां सर्वे करवा कर देखा जाए कि खेतों के बाहर जंगल में तो सब्जियां नहीं उगाई जा रहीं।

हिमाचल प्रदेश में वन भूमि पर कब्जा करके खेती करने या छोटा मोटा आश्रय या गोशाला बना कर जम जाने का पुराना इतिहास रहा है। खासकर जब से व्यवसायिक खेती की बात आगे बढ़ी है, तबसे इस प्रवृत्ति में बढ़ोतरी हुई है। 80 के दशक में चिपको आंदोलन के सिलसिले में मैंने आदरणीय सुंदरलाल बहुगुणा जी के साथ पूरे हिमाचल का भ्रमण किया था। उसके बाद भी हम लोग दूरदराज इलाकों में हर वर्ष पैदल यात्राएं करते थे। उस समय आलू और सेब के लिए वन भूमि पर कब्जे की प्रक्रिया चल रही थी। पहले ढलानों को धीरे-धीरे नेपाली मजदूर रख कर साफ करवाया जाता और उसमें आलू लगाने के साथ-साथ सेब के पौधे लगा लिए जाते।

वह वनों में काटो और कमाओ के नारे का युग था। प्राइवेट सेल के माध्यम से किसानों की जमीन के नाम पर निजी ठेकेदार जंगल से भारी मात्रा में इमारती लकड़ी काट कर उसमें मिला कर स्मगल कर लेते थे। नेरवा में इस तरह के धंधे में लिप्त लोगों के 72 हजार स्लीपर पकड़े गए थे। छाजपुर के जंगल में कई बगीचे पहले आलू के खेत बने फिर सेब के बगीचे बन गए। एक पदयात्रा में 1986 के आसपास जुब्बल और ननखड़ी के बीच में चूंजर में पुराने तालाब और उससे लगती ढलानों में आलू की खेती हो रखी थी। किंतु तब तक यह काम छोटे पैमाने पर था। हाथ से खुदाई करते समय लगता था। किंतु इन पौधनाशक

**आजकल बड़े पेड़ों को सुखाने की दवाइयों के सोशल मीडिया पर विज्ञापनों की बाढ़ आई हुई है। ऐसे विज्ञापनों पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। हिमालय नीति अभियान कई दिनों से इन पौधनाशक रसायनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार से भी अनुरोध कर रहा है। वनों के विनाश में इनके योगदान को देखते हुए हम हिमालय निति अभियान की ओर से पुनः सरकार से मांग करते हैं कि इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कार्यवाही करके इस खतरे से निपटने का काम करे**

रसायनों ने तो काम बहुत ही आसन कर दिया है। छिड़काव करो और ढलान में सीधे मटर या अन्य सब्जियां लगा दो। ढलान में जो स्थायी खेत बने हैं, उनको सीढ़ीदार खेत बना कर खेती होती है, जिससे भूमि कटाव नहीं होता है। किंतु यह तो फटाफट मामला है और मेहनत भी कम। बेमौसमी सब्जी के दाम भी ऊंचे मिल जाते हैं, जिससे यह लाभकारी गतिविधि बन गई है। इसलिए बहुत ही सावधानी और सतत निगरानी की जरूरत आन पड़ी है। हैरानी की बात है कि वन विभाग के कानों तक यह बात इतनी देर से पहुंच रही है। इस तरह के कामों में कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण की भी बातें सामने आती हैं। लोग और विभाग भी कई बार जानते हुए भी चुप रहते हैं। किंतु अब तो यह मामला वनों के लिए एक बड़े खतरे का रूप ले चुका है। इसलिए सरकार को व्यापक अभियान चला कर पूरे प्रदेश में जहां-जहां बेमौसमी सब्जी का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है, वहां देखना चाहिए कि जंगल तो इसकी चपेट में न आ जाएं।

सरकार मिशन 32 प्रतिशत चला कर प्रदेश के 32 प्रतिशत भू-भाग पर वनीकरण की योजना बना रही है, किंतु ऐसी हालत में सफलता संदिग्ध ही रहेगी। इस रासायनिक छिड़काव से सबसे ज्यादा हानि 6 से 8 हजार फीट ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दुर्लभ जैव विविधता को हो रही है। उपरोक्त योजना में लक्ष्य तो संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र को सुधारने का रखा गया है, जो वनों को देखने की सही दृष्टि है। किंतु इन रासायनिक हमलों से यदि वन क्षेत्र को नहीं बचाया गया तो यह लक्ष्य कैसे प्राप्त किया जा सकता है। ग्लाइफोसेट जैसे रसायन सब तरह से घातक हैं। इनके संपर्क में आने से कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। जैव विविधता के नाश से आजीविका के भी कई संसाधन नष्ट हो जाते हैं। ये रसायन वनक्षेत्र की मिट्टी में उपस्थित जीवाणुओं को नष्ट करके कार्बन प्रचूषण क्षमता को भारी नुकसान पंहुचाते हैं। जगलों से बह कर ये रसायन आसपास के जलस्त्रोतों को जहरीला बना कर जल जीवों के लिए भी खतरा बन जाते हैं। इन रसायनों से प्रभावित मिट्टी में जो फसल पैदा होती है उसमें भी इनके जहरीले तत्व आने की पूरी संभावना रहती है, जिस पर भी शोध किया जाना चाहिए।

केरल सरकार इन रसायनों को पहले ही प्रतिबंधित कर चुकी है। केंद्र सरकार ने भी इस आशय के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन रसायनों की बिक्री पर ही प्रतिबंध लग जाना चाहिए। राज्य में कृषि बीज और कीटनाशक दवाइयां बिक्री करने वाले ही इन दवाओं को उपलब्ध करवाते हैं और इन रसायनों को बनाने वाली कंपनियां नई नई लुभावनी जानकारियां विज्ञापनों के माध्यम से फैलाती रहती हैं।

आजकल बड़े पेड़ों को सुखाने की दवाइयों के सोशल मीडिया पर विज्ञापनों की बाढ़ आई हुई है। ऐसे विज्ञापनों पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। हिमालय नीति अभियान कई दिनों से इन पौधनाशक रसायनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार से भी अनुरोध कर रहा है। वनों के विनाश में इनके योगदान को देखते हुए हम हिमालय निति अभियान की ओर से पुनः सरकार से मांग करते हैं कि इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कार्यवाही करके इस खतरे से निपटने का काम करे।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस


संजय एम तराणेकर

### भोजली : अच्छी फसल की मंगल कामना

**सावन की रिमझिम फुहारों में, धरा हरियाली ओढ़े,**
**खेतों की मेड़ों पर जैसे, कोई सपना चुपके से दौड़े।**
**नागपंचमी पावन बेला, भोजली के रूप निखरता है,**
**मिट्टी, पानी, बीज संग, जन-मन विश्वास सँवरता है।**

**आई भोजली, आई भोजली, सोन-सोन के कलगी,**
**अबे हमर भोजली देवी के, सोन-सोन के कलगी।**
**धान की बालियाँ लहराएँ, अन्न भरे हरेक खलिहान,**
**किसान माथे शिकन मिटे, खुशियों से भरे किसान।**

**माई ममता, बहिन स्नेह, भोजली में आकार पाता है,**
**गाँव की लोक-परंपरा, पीढ़ी से पीढ़ी तक जाता है।**
**नदियाँ निर्मल, खेत हरे हों, हर आँगन में सुख बरसे,**
**मेहनत वाले हाथों में, सुनहरी सपनों के फूल झरते।**

**हे भोजली माता! आशीष दो, धरती का आँचल भरे,**
**अन्नदाता के जीवन में, समृद्धि का सूरज उगता रहें।**
**भोजली केवल पर्व नहीं, यह मिट्टी से रिश्ता प्यारा है,**
**अन्न, प्रेम व लोक-संस्कृति का, ये अमरदीप हमारा है।**



# बच्चों में फोन का बढ़ता एडिक्शन

प्रो. मनीषा शर्मा



आज के डिजिटल क्रांति के युग में मोबाइल फोन बच्चों की दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। पढ़ाई, मनोरंजन और लोगो से संपर्क के लिए इसका प्रचलन इस कदर बढ़ गया है कि इसके बिना जीने की कल्पना मात्र से युवा सिहर जाते है। इसकी उपयोगिता से इनकार नहीं किया जा सकता लेकिन आज युवाओं के मध्य महंगे और ब्रांडेड फोन, खासकर आई फोन को लेकर बढ़ती दीवानगी माता-पिता के लिए चिंता का सबब बन रही है। कई बच्चे फोन को अपनी जरूरत से ज्यादा स्टेटस सिंबल मानने लगे हैं।

इसी एडिक्शन का शिकार हुआ महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर (औसा) का कुणाल, जिसने आई फोन की जिद में अपनी जिंदगी को ही दांव पर लगा दिया। न सिर्फ अपने बल्कि अपने मां-बाप की जिंदगी को भी अपनी जिद की भेंट चढ़ा दिया। कुणाल जो 19 वर्ष का था अपनी आई फोन खरीदने की जिद के कारण पहाड़ी से कूद कर जान देने की कोशिश करने लगा उसको बचाने में पिता गिर गए और इस सदमे में उसकी मां भी पहाड़ी से कूद गई। खबरों से पता चला कि उसने आई फोन खरीद लिया था पर ईएमआई भरना उसके बस की बात नहीं थी। उसने परिवार से जिद की, परिवार वालों ने समझाया कि उनकी हैसियत इतनी नहीं है कि वह ईएमआई भर पाए । बस वह अपनी जिद पूरी करने और घरवालों पर मानसिक दबाव बनाने के लिए पहाड़ी पर चला गया और कहने लगा कि नहीं भरोगे तो नीचे कूद जाऊंगा। इसी घटनाक्रम में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो जाती है।

बच्चों में आई फोन की इस बढ़ती चाहत के पीछे सोशल मीडिया, दोस्तों के समूह का प्रभाव और विज्ञापनों की बड़ी भूमिका है। इंस्टाग्राम, यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म पर महंगे फोन को सफलता , सम्पन्नता और आधुनिक जीवनशैली से जोड़कर दिखाया जाता है। जब एक बच्चा अपने दोस्तों के हाथ में नया आई फोन देखता हैं तो उसके मन में भी वैसा ही फोन पाने की ललक पैदा होती है। कई बार यह इच्छा इतनी तीव्र होती है कि वह इसके लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाता हैं। वह चोरी, डकैती या कोई भी अपराध करने को भी तैयार हो जाता है। इस प्रकार जिद और सामाजिक दबाव में वह अपना विवेक खोकर किसी भी कीमत पर अपनी इच्छा की पूर्ति करना चाहता है।

इस प्रवृत्ति का असर केवल परिवार के बजट पर नहीं, बल्कि बच्चों की सोच पर भी पड़ता है। यदि बच्चा अपनी पहचान को सिर्फ महंगे फोन और ब्रांडेड वस्तुओं से जोड़ने लगे, तो उसमें दिखावे और तुलना की प्रवृत्ति बढ़ती है। ये हम सभी जानते है कि मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से पढ़ाई, नींद, एकाग्रता प्रभावित होती है।

इसका समाधान बच्चों को पूरी तरह तकनीक से दूर करना नहीं है, क्योंकि ऐसा कर पाना मुश्किल है। स्मार्टफोन आज शिक्षा, संपर्क और जानकारी का महत्वपूर्ण साधन है। जरूरत है कि माता-पिता, शिक्षक बच्चों को तकनीक और उपभोक्तावाद के बीच अंतर समझाएं। फोन खरीदते समय उसकी कीमत या ब्रांड के बजाय उसकी उपयोगिता, जरूरत और परिवार की आर्थिक क्षमता को देखे।इसका सीमित और जरूरत पूर्ति के लिए प्रयोग हो।

युवा डिजिटल दुनिया और दिखावे में इसलिए फंस रहे हैं क्योंकि आज सोशल मीडिया ने तुलना, लोकप्रियता और उपभोग को जीवनशैली का हिस्सा बना दिया है । सोशल मीडिया पर लोग अपनी जिंदगी का चमकदार पक्ष दिखाते हैं। इससे युवाओं में तुलना की प्रवृत्ति बढ़ती है। ये देखकर वे अपनी जिंदगी को कमतर समझने लगते हैं। वर्तमान समय में युवा लाइक और फॉलोअर्स की संख्या को ही सब कुछ समझ ने लगे है। यह डिजिटल लोकप्रियता युवाओं के आत्मसम्मान से जुड़ने लग रही है। ज्यादा लाइक और फॉलोअर्स को ही आज सफलता का पैमाना माना जा रहा है।

यह दिखावे की संस्कृति इस कदर युवाओं पर हावी हो गई है कि महंगे फोन, कपड़े, गाड़ियां, घूमने की जगहें और पार्टियां सोशल मीडिया पर नाम और प्रतिष्ठा के प्रतीक बन गए हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आते विज्ञापन लगातार ऐसी चीजें सामने लाते हैं जो युवाओं में खरीदने और बेहतर दिखने की इच्छा पैदा करती हैं। सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि और सफलता बहुत आसान दिखाई देती है। इससे मेहनत, धैर्य और वास्तविक उपलब्धियों का महत्व कम होने लगता है। इस डिजिटल दुनिया में हजारों की संख्या में फ्रेंड होने के बावजूद आज कई युवा अपनी जिन्दगी में अकेलेपन से जूझ रहे हैं।कई बार वास्तविक जीवन में संवाद की कमी को युवा डिजिटल दुनिया में समय बिताकर पूरा करने की कोशिश करते हैं।

आज असली चुनौती इस डिजिटल दुनिया के प्रभाव को समझना है जो एक नशे की तरह उन्हें अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। युवाओं को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली जिंदगी पूरी तरह से सच नहीं होती। जीवन की वास्तविक सफलता महंगे फोन, ब्रांडेड सामान, लाइक या फॉलोअर्स में नहीं, बल्कि परिश्रम, ज्ञान, चरित्र, परिवार और आत्म विश्वास में है।

वर्तमान में माता पिता बच्चे की हर जरूरत पूरी करने को ही अपनी पेरेंटिंग समझ रहे है। कही न कही परिवार में संवाद कम हुआ है। हर घर में मोबाइल संस्कृति इस कदर हावी है कि चार लोग एक कमरे में बैठ कर भी अपने- अपने मोबाइल में बिजी दिखते है।माता-पिता को बच्चों के साथ खुलकर बातचीत करनी चाहिए और उन्हें समझाना चाहिए कि किसी महंगे फोन, गैजेट्स का होना सफलता या श्रेष्ठता का पैमाना नहीं है। बच्चों को खेल, किताबों, रचनात्मक गतिविधियों और वास्तविक सामाजिक संबंधों के लिए भी पर्याप्त समय देना जरूरी है। स्मार्टफोन अपने आप में समस्या नहीं है;, समस्या तब पैदा होती है जब वस्तु जरूरत से बढ़कर मान सम्मान, प्रतिष्ठा और पहचान का प्रतीक बन जाती है। बच्चों को तकनीक का समझदारी और संयम से इस्तेमाल करना सिखाना ही इस बढ़ती सनक का सबसे बेहतर समाधान है। बच्चे का व्यक्तित्व और संस्कार ही उसकी असली पहचान है। संवाद, समझाइश, समय और संयम के साथ परिवार के संस्कार उसे इस प्रकार के एडिक्शन और आभासी दुनिया से दूर रखने में सहायक हो सकते है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कुरारा में एक सितंबर से महा साधना महोत्सव

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा निवासी समाजसेवी शिवनारायण तिवारी के आवास पर एक सितंबर से 17 सितंबर तक 24वां महा साधना महोत्सव आयोजित होगा। संयोजक शिवनारायण तिवारी ने बताया कि आयोजन में शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद देवी भागवत, आल्हा गायन और कवि सम्मेलन होंगे। ज्योतिष सम्मेलन के साथ शिक्षक, बुजुर्ग, नारी, ज्योतिष विद्वान, कन्या, ब्राह्मण व स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया जाएगा। विश्वकर्मा पूजा और विशाल भंडारा भी आयोजित होगा।

### जलभराव से तिल की फसल को नुकसान

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से खेतों में जलभराव हो गया है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने से खरीफ फसलें प्रभावित हैं। किसान चंद्रभान, कल्लू, बबलू और बद्री ने बताया कि रविवार रात हुई तेज बारिश से खेतों में खड़ी तिल की फसल जलमग्न हो गई, जिससे फसल खराब होने लगी है। इस वर्ष तिल का क्षेत्रफल अधिक होने से किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है।

### बाढ़ से निबटने को इमरजेंसी कंट्रोल रूम सक्रिय

**हमीरपुर।** बाढ़ और अतिवृष्टि की संभावित स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर एवं एकीकृत कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिया गया है। राहत एवं बचाव कार्यों के संचालन और लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए यहां कार्मिकों की ड्यूटी अग्रिम आदेशों तक लगाई गई है। कंट्रोल रूम में बाढ़ व अन्य आपदाओं से संबंधित सूचनाएं दर्ज कर संबंधित विभागों को तत्काल भेजी जाएंगी। समस्या का समाधान होने के बाद इसकी जानकारी भी पंजिका में दर्ज की जाएगी। आमजन बाढ़, जलभराव और अन्य आपदा संबंधी सूचना के लिए 05282–222330 पर संपर्क कर सकते हैं। मौदहा बांध कंट्रोल रूम के 05282–222365 और केंद्रीय जल आयोग के 05282–224309 नंबर से हर दो घंटे में जलस्तर की जानकारी लेने के निर्देश दिए गए हैं। यमुना–बेतवा का जलस्तर खतरे के निशान से 100 मीटर के भीतर पहुंचने पर अधिकारियों को तत्काल सूचना देने के निर्देश हैं।

### तेज बहाव में बही किशोरी का 27 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग



**सरीला (हमीरपुर)।** थाना जलालपुर क्षेत्र के पुरैनी गांव में नाला पार करते समय तेज बहाव में बही 15 वर्षीय किशोरी प्रियांशी का 27 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस, फायर सर्विस और बाढ़ राहत दल के गोताखोर लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। किशोरी के लापता होने से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।पुरैनी गांव निवासी साधुराम यादव के खेत उपरहक्का मौजा में नाला पार हैं। रविवार दोपहर करीब चार बजे उनकी पुत्री प्रियांशी खेत से घर लौट रही थी। रपटे पर नाला पार करते समय संतुलन बिगड़ने से वह तेज बहाव में बह गई। मौके पर मौजूद राघवेंद्र और दीना ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। स्थानीय गोताखोरों को सब्जी का थैला और दुपट्टा मिला, मगर किशोरी का पता नहीं चला। सोमवार सुबह से फायर सर्विस और बाढ़ राहत दल की टीमें तलाश में जुटी हैं। इंस्पेक्टर रवि कुमार ने बताया कि सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है।

### गर्भवती महिला को दी गई जान से मारने की धमकी

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की गर्भवती महिला ने तीन लोगों पर रास्ते में रोककर गाली–गलौज करते हुए गर्भ में पल रहे बच्चे को तमंचे से गोली मार देने की धमकी देने का आरोप लगाकर मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस उसकी शिकायत पर कार्यवाही नहीं कर रही है। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी नगमा खातून ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह 28 अगस्त की शाम 5ः00 बजे शौच के लिए जा रही थी तभी गांव के तीन लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करते हुए धमकी दिया कि गर्भ में पल रहे बच्चों को तमंचे से गोली मार देंगे। पिडिता का आरोप है कि उसने मामले की शिकायत पुलिस चौकी के साथ स्थानीय थाने में की थी लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से जान को खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### सांप के काटने से दो की मौत

**महोबा।** दो अलग–अलग स्थान पर जहरीले शार्प के काटने 2 की मौत हो गई है मृतकों में एक बुजुर्ग सहित एक मासूम शामिल है जिनकी सर्प के काटने से दर्दनाक मौत हो गई है जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लुहेड़ी गांव निवासी बाबूलाल चौबे (60) रात को खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी उसे किसी सांप ने डस लिया। घर लौटकर आने पर उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी। तब परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई शीतल प्रसाद ने बताया कि खेत पर काम करते समय सांप के डसने से भाई की मौत हुई है। मृतक अविवाहित था। उधर, थानाध्यक्ष सुभाषचंद्र का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे। दूसरी घटना मध्यप्रदेश के जनपद छतरपुर के बारीगढ़ गांव की है। यहां की निवासी किरन रक्षाबंधन पर्व के चलते 26 अगस्त को मासूम बेटे यश (03) के साथ मायके गई थी। रात को यश घर पर खेल रहा था। तभी किसी सांप ने उसे पैर में डस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे अचेत अवस्था में जिला अस्पताल लाने लगे लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### पिता से विवाद पर युवक ने फांसी लगा जान दी

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदाघाट के मजरा नन्ना का डेरा खैरीहार निवासी रमेश वर्मा (38) पुत्र शिवप्रसाद ने ने रविवार की रात घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ की डाल में कमरे की छत से चढ़कर प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को सुबह पिता ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पूर्व प्रधान विवेक सिंह ने बताया कि रमेश मजदूरी करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। थानाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि नशे में परिजन से झगड़ा कर फंदा लगाकर जान दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### उफनाए नाले में डूबकर किसान की मौत

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी ऋषिपाल पटेल (56) अपने पुरवा स्थित खेत से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित गांव में राशन सामग्री लेने गए थे। रास्ते में बारिश से उफनाए नाले को पार करते समय अचानक पैर फिसल जाने से वह नाले में डूब गए। रात तक जब वह घर नहीं आए तो परिजन व ग्रामीण उनकी तलाश में निकले, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। सोमवार को सुबह परिजन और ग्रामीणों की फिर खोजबीन की तो ऋषिपाल का शव नाले की झाड़ियों में फंसा मिला। मृतक के भतीजे जुगुल किशोर ने बताया कि ऋषिपाल किसानी करते थे। 12 बीघा जमीन है।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** हमीरपुर जिले इचौली थाना क्षेत्र के नायक पुरवा निवासी आरिफ(20) अपने मामा नासिर खान को दिल्ली जाने के लिए बांदा रेलवे स्टेशन पर छोड़ने के बाद रविवार की रात घर लौट रहा था। मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ़ पुलिस चौकी के पास अचानक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घबराया कार चालक ने मवेशी को कुचल दिया। मवेशी की भी मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से चालक गिरफ्तार करते हुए कार कब्जे में ले ली। मृतक के मामा कदीर की तहरीर पर कार चालक के खिलाफमटौंध थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के गांव देवरथा निवासी नीरज (19) रविवार को दोपहर गांव के बाहर स्थित तालाब के किनारे खेत जा रहा था। भीटे में बारिश की वजह से फिसलन होने से उसका पैर फिसल गया। वह तालाब में गिरकर डूब गया। चरवाहों ने घर वालों को जानकारी दी। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से काफी तलाश के बाद उसका शव तालाब से बरामद किया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विधि परास्नातक की उपाधि से नवाजे गए तुषार



**बांदा।** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया में लीगल एडवाइजर के पद पर कार्यरत विधि स्नातक तुषार दीक्षित ने अपनी मेधा का परचम लहराते हुए नेशनल लॉ कालेज नई दिल्ली से विधि परास्नातक (एलएलएम) की डिग्री हासिल की है। बता दें कि वर्ष 2025 में तुषार ने ऑल इंडिया लॉ प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करते हुए पूरे देश में 30वीं रैंक हासिल की थी और जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया था। रविवार को प्रतिष्ठित नेशनल लॉ कालेज दिल्ली में आयोजित 13वें दीक्षांत समारोह में तुषार को एलएलएम की उपाधि से नवाजा गया और उनकी प्रतिभा की जमकर सराहना की गई। बताते चलें कि जिला एवं सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश कुमार दीक्षित के सुपुत्र तुषार शुरू से ही प्रतिभावान छात्रों में शामिल रहे हैं। उन्होंने शहर के जीआईसी से हाईस्कूल व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से इंटरमीडिएट तक पढ़ाई करके जीएल्ए विश्वविद्यालय मथुरा से विधि स्नातक की डिग्री पूरी की और न्यायिक सर्विसेज की तैयारी शुरू कर दी। तुषार की कामयाबी पर उनके रिश्तेदारों व परिचितों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# विद्युत व्यवस्था पर डीएम नाराज, सुधार के दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इसमें बिजली आपूर्ति, लाइन लॉस, बुनियादी ढांचे, राजस्व वसूली और जनशिकायतों की समीक्षा की गई। अपेक्षित प्रगति और पर्याप्त आंकड़े प्रस्तुत न किए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल जल्द बदलने, झूलते तार दुरुस्त कराने और आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए। बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर टॉप-10 और टॉप-20 डिफॉल्टर्स के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। विद्युत, जल निगम और जल जीवन मिशन से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। दो सप्ताह में जिले के सभी सात विकासखंडों में ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्थानीय समस्याओं के स्थायी समाधान की कार्ययोजना बनाने को कहा। आईजीआरएस शिकायतों में जियो-टैग्ड फोटो अनिवार्य करने के निर्देश भी दिए।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में 57 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम




**हमीरपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के तहत राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर-14 और अंडर-19 बालक वर्ग की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ी राजकुमार त्रिवेदी ने किया। एकल और युगल वर्ग में कुल 57 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक एकल में सक्षम शुक्ला विजेता और अनुजकान्त उपविजेता रहे। युगल में अर्थव व अनुजकान्त की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि हर्ष व अंश उपविजेता रहे। अंडर-19 एकल में अभय सिंह विजेता और नवदीप उपविजेता रहे। युगल वर्ग में नवदीप व अनुजकान्त विजेता तथा हर्ष व अर्थव उपविजेता रहे। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने सहयोग किया।

### गौशाला में मवेशियों की दयनीय स्थिति का आरोप

**सरीला (हमीरपुर)।** गोहांड विकासखंड के अमूंद गांव स्थित गौशाला में संरक्षित मवेशियों के लिए पर्याप्त चारा–भूसा और पानी की व्यवस्था न होने का आरोप लगाते हुए बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि गौशाला में करीब 70 से 100 मवेशी संरक्षित हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है। इससे मवेशियों के भूख से तड़पने की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने गौशाला का स्थलीय निरीक्षण कराकर जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने और चारा–भूसा व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की। जल्द व्यवस्था न होने पर धरना–प्रदर्शन की चेतावनी दी। ज्ञापन में सत्येंद्र राजपूत, पुष्पेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, विपिन कुमार, भरत कुमार व धीरेन्द्र कुमार मौजूद रहे। एसडीएम विकास कुमार यादव ने जांच व उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### जीवन के रंग पुस्तक के विमोचन पर काव्य संध्या सम्पन्न



**झांसी।** सर्जन संवाद मंच की ओर से कार्यालय पर एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर प्रताप नारायण दुबे ने की। इस अवसर मुख्य अतिथि डॉक्टर पी के अग्रवाल पूर्व आईएएस,विशिष्ट अतिथि श्री आलोक शांडिल्य पूर्व उपप्राचार्य जीईसी, बाबूलाल शर्मा पूर्व प्रवक्ता खेर इंटर कालेज के रुप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन अतिथियों द्वारा किया गया एवं सभी काव्य मनीषियों ने मां शारदा के श्री चरणों में सुमनांजलि समर्पित की। ÷लेखिका झ कवयित्री रचना तिवारी की सद्य प्रकाशित पुस्तक ÷जीवन के रंग ÷ पुस्तक का विमोचन माननीय अतिथियों के द्वारा किया । लेखिका रचना तिवारी की इस तृतीय पुस्तक विमोचन के अवसर पर सभी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं गद्य पद्य के रुप में देते हुए पुस्तक की समीक्षा कर प्रशंसा की। इस आयोजन का सफल संचालन डा राजेश तिवारी मक्खन ने किया । इस अवसर साकेत सुमन चतुर्वेदी, निहालचंद शिवहरे, जी पी वर्मा मधुरेश, कामता प्रसाद प्रजापति,ब्रह्मा दीनबंधु, डॉक्टर सुनीता वर्मा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी, श्लोक, धर्मेंद्र सारांश , मान्या,रवि कुशवाहा, डॉक्टर राम बिहारी सोनी तुक्कड़, सेवाराम त्रिपाठी, अर्चना शांडिल्य, नवीन व्यास, नीलमा दुबे आदि रहे। कार्यक्रम के अंत में रसकेंद्र गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम में लगी भीषण आग, 21 स्कूटी और ई-रिक्शा जलकर राख, मचा हड़कंप



**राठ (हमीरपुर)।** कस्बा क्षेत्र के रामलीला मैदान स्थित इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर शोरूम में खड़ी करीब 21 इलेक्ट्रिक स्कूटी, ई-रिक्शा, फर्नीचर और अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।शोरूम से धुआं और आग की लपटें निकलती देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना शोरूम मालिक को दी। जानकारी मिलते ही मालिक मौके पर पहुंचे तो अंदर इलेक्ट्रिक वाहन धू-धूकर जल रहे थे। पड़ोसियों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती गई। शोरूम मालिक सिद्धांत दीप चौबे पुत्र संजय चौबे, निवासी चोबट्टा राठ ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने बताया कि आग में करीब 21 इलेक्ट्रिक स्कूटी, ई-रिक्शा समेत शोरूम का फर्नीचर और अन्य सामान पूरी तरह जल गया। शोरूम मालिक ने फायर ब्रिगेड की टीम पर करीब एक घंटे की देरी से पहुंचने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कई बार फोन करने के बावजूद दमकल की गाड़ी समय पर नहीं पहुंच सकी। आसपास के लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश की। दमकल टीम के पहुंचने तक शोरूम में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। राठ कोतवाली के उपनिरीक्षक संगम लाल ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

### भारी बारिश को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट बनाई 36 बाढ़ चौकियां

**हमीरपुर।** मानसून की भारी बारिश और संभावित बाढ़ के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। जिले में प्रभावित क्षेत्रों तक समय से चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए 36 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। इन चौकियों पर चिकित्सा टीमों की तैनाती कर उन्हें सक्रिय रखा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार आपदा की स्थिति में त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के समन्वय से स्वास्थ्य कर्मियों का मॉकड्रिल कराया जा चुका है। सभी ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों पर रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय कर दी गई हैं। चिकित्सा टीमों को जीवनरक्षक दवाएं, ओआरएस, जिंक व क्लोरीन टैबलेट, ब्लीचिंग पाउडर और एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध कराया गया है। जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में एंटी रेबीज वैक्सीन समेत आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा गया है।

## द्विदिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह



**हमीरपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर विवेक नगर में द्विदिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग समापन समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र, अतिथि के रूप में शारदा दीन जी विद्यालय समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, व्यवस्थापक रामबाबू, प्रधानाचार्य रमाकांत वर्मा जी एवं अन्य समिति के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे । इस अवसर पर प्रदेश निरीक्षक ने नई शिक्षा नीति पर विशेष प्रकाश डाला और शिक्षण व्यवस्था कैसे हो इसके बारे में विस्तार से बताया जिससे आज अध्यापक और बच्चों के मध्य अच्छा सामंजस्य स्थापित हो सके और बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। अंत में प्रधानाचार्य जी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

### दहेज को लेकर विवाहिता को घर से निकाला

**गरौठा।** दहेज मे अतिरिक्त दो लाख रूपये, चार पहिया कार की मांग का लेकर विवाहिता को घर से निकाल दिया। विवाहिता नें अपने पति, सास, ससुर के खिलाफ गरौठा कोतवाली में दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज कराया है। भदरवारा खुर्द निवासी मुस्कान पत्नी अभिषेक पटेल पुत्री रमेश पटेल ने गरौठा कोतवाली में प्रार्थना पद देते हुए बताया है कि उसकी शादी हिंदू रीति–रिवाज से 18 जुलाई 2025 को अभिषेक पटेल पुत्र सूरज पटेल निवासी बिजौली थाना प्रेम नगर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही मेरा पति एवं सास , ससुर अतिरिक्त दहेज में 2 लाख रुपए नगद तथा चार पहिया गाड़ी लाने की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर मेरा पति व सास– ससुर आए दिन प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपी पति अभिषेक पटेल , ससुर सूरज पटेल , सास मालती तीनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी, समय सीमा के बाद कार्य पूरा करने पर होगी रिकवरीः सीडीओ

- बंगरा में निर्मित सामुदायिक भवन की होगी क्रॉस चेकिंग, गुणवत्ता खराब मिलने पर होगी वसूली
- सीएमआईएस पोर्टल पर विकास कार्यों की समीक्षा, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन के नवीन सभागार में सीएमआईएस पोर्टल पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ ने समय सीमा बीतने के बाद भी निर्माण कार्य पूरे न होने पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने विभागीय कार्यों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष समय से पूरा करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण में कार्य मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के साथ वसूली भी की जाएगी।सीडीओ ने धीमी प्रगति वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की प्रगति सीएमआईएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने को कहा।

सामुदायिक भवन और बारात घरों के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कराने के निर्देश देते हुए सीडीओ ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के बाद कार्य पूरा होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था से रिकवरी की जाएगी। चिरगांव देहात में यूपीपीसीएल द्वारा निर्माणाधीन बारात घर की गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए।राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में 29 टाइप-4 आवासों के जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। आवासों में सीलन की शिकायत पर सीडीओ ने स्वयं तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण करने की बात कही। साथ ही मेडिकल कॉलेज में 500 बेड के अस्पताल और 100 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के लिए एसटीपी-ईटीपी कार्य की भी समीक्षा की।सीडीओ ने बंगरा में निर्मित सामुदायिक भवन की अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग दीपांकर चौधरी के साथ क्रॉस चेकिंग कराने के निर्देश दिए। यूपी सिडको द्वारा चकारा एवं रेवन के विद्यालयों में किए जा रहे उच्चीकरण कार्य का भी तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण किया जाएगा।

## किसानों की फसल नुकसान पर युवा नेता वासुदेव द्विवेदी ने एसडीएम गरौठा को सौंपा ज्ञापन




**समृद्धि न्यूज़, गरौठा(झांसी)।**

प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान को लेकर युवा नेता वासुदेव द्विवेदी ग्राम नागर निवासी ने किसानों की समस्या को उठाते हुए एसडीएम गरौठा को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों की फसलों का शीघ्र सर्वे कराया जाए तथा नुकसान का उचित आकलन कर पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाए।युवा नेता वासुदेव द्विवेदी ने कहा कि फसल नुकसान के कारण किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन को किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द राहत प्रदान करनी चाहिए। युवा नेता वासुदेव द्विवेदी हमेशा आमजन एवं किसानों के हितों के लिए आवाज उठाते रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर वे लगातार प्रशासन व सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं तथा जरूरतमंद किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इस दौरान क्षेत्र के किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## लहचूरा बांध में डूबने से युवक की मौत

- दिल्ली से रक्षाबंधन त्यौहार पर अपने दोस्त के गांव आया था



**समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी (महोबा)।**

जनपद की मध्य प्रदेश सीमा से सटे लहचूरा बांध में दोस्तों के साथ नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक चले बचाव अभियान के बाद पुलिस प्रशासन ने शव को बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान राहुल पुत्र दुर्जन सिंह (30 वर्ष) निवासी मंगलपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने दोस्तों के यहां थाना पनवाड़ी क्षेत्र के बेदों गांव आया हुआ था। इसी दौरान वह दोस्तों के साथ लहचूरा बांध पर नहाने गया था, जहां गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा। एक कड़ा बचाव अभियान चलाकर शव को बाहर निकाला गया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों के आने के बाद पंचनामा की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

### रक्षाबंधन से गायब, बुजुर्ग के वर्मा नदी किनारे मिले कपड़े व मोबाइल डूबने की आशंका



**पनवाडी (महोबा)।** महोबा के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के बिजरारी गांव से 29 अगस्त से लापता बुजुर्ग के मामले में सोमवार को सुबह नया मोड़ आ गया। गांव के बाहर बिरमा नदी के किनारे उनके कपड़े और मोबाइल फोन लावारिस हालत में मिले। सूचना पर पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और नदी में सघन तलाश अभियान शुरू किया। करीब तीन घंटे तक नदी के बड़े हिस्से को खंगाला गया, लेकिन बुजुर्ग का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका। कन्हैया लाल पुत्र कसिया 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दूसरे दिन घर से निकले थे। समय बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर बिरमा नदी के किनारे उनके कपड़े और मोबाइल फोन पड़े देखे। इसकी जानकारी परिजनों को दी गई, जिसके बाद उन्होंने पनवाड़ी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी के गहरे पानी में तलाश अभियान शुरू कराया। गांव के प्रधान प्रतिनिधि शेखर वर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और पुलिस व गोताखोरों के साथ तलाश में सहयोग किया।

## पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों में न बरती जाए लापरवाही

- बैठक में जिला पर्यावरण व गंगा समिति कार्यों की डीएम ने की समीक्षा




**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

जिलाधिकारी ने जिला पर्यावरण व गंगा समिति की बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन तथा नदियों के संरक्षण सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। कहा कि पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। सभी बीडीओ से रोपे गए पौधों का स्थलीय सत्यापन करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अमित आसेरी ने जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन तथा नदियों के संरक्षण सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने वन एवं अन्य विभागों द्वारा कराए गए वृक्षारोपण की सत्यापन रिपोर्ट की समीक्षा की। इसके बाद एक जिला, एक नदी थीम के अंतर्गत नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की समीक्षा की और यमुना नदी के किनारे चिन्हित 25 आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) के संरक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने ग्राम विकास, सहकारिता उद्योग एवं नगर विकास विभाग की प्रगति खराब पाए जाने पर स्पष्टीकरण मांगने के साथ ही कार्य में प्रगति लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को और प्रभावी एवं व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जनपद में अपशिष्ट के डंपिंग एवं प्रबंधन की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों एवं बाजारों में प्लास्टिक पॉलिथीन के उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि जनपद में प्राकृतिक एवं जैविक खेती के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

### एचटी लाइन शार्ट सर्किट से मकान में आग लगने से गृहस्थी खाक

**अतर्रा।** मकान के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन में हुए शार्ट सर्किट से मकान में आग लग गई। भीषण अग्निकांड में मकान और गृहस्थी खाक हो गई। घर पर बंधे पशुओं को बचाने की कोशिश में दो लोग बुरी तरह झुलस गए। दोनों को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। बिसंडा थाना क्षेत्र के थनैल गांव में रविवार की देर रात केला के पेड़ के तार से टकराने के बाद शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी रामलाल कुशवाहा पुत्र गितवा के मकान के ऊपर जा गिरी। आग लगने के समय परिवार के लोग सो रहे थे। अचानक आग देखकर दीपक पुत्र रामलाल और राजरानी पत्नी रामलाल की नींद खुल गई। शोर मचाने पर घर के अन्य लोग जाग गए। किसी तरह जान बचाकर घर के लोग भाग खड़े हुए।

### सूचना

अब्दुल राशिद खां व बाबू खां दोनों नाम मेरे ही है, इस नाम का और कोई व्यक्ति नहीं है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **अब्दुल राशिद खां उर्फ बाबू खां पुत्र अब्दुल मजीद खां निवासी मो0 काजम खां, कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

# अधूरा पड़ा अंडरपास लोगों के लिये बना मुसीबत

**सांसद के.एल शर्मा ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा**


अंडरपास का निरीक्षण करते सांसद के.एल शर्मा

**समृद्धि न्यूज, परसदेपुर-रायबरेली।**

छतोह-गांधी नगर मार्ग पर गांधी नगर रेलवे क्रासिंग के समीप निर्माणाधीन अंडरपास पिछले लगभग दो वर्षों से अधूरा पड़ा है। लंबे समय से निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि अंडरपास निर्माण के लिए गहरी खुदाई तो कर दी गई, लेकिन कार्य को आगे बढ़ाने की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से खुले छतोह गांधी नगर मार्ग पूरी तरह ठप हो गया है। सोमवार को अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने गांधी नगर पहुंचकर निर्माणाधीन अंडरपास का स्थलीय निरीक्षण किया। सांसद ने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधूरे पड़े कार्य की वास्तविक स्थिति देखी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद के.एल शर्मा ने मौके से ही फोन पर रेलवे के डीआरएम से वार्ता की और निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने को कहा। सांसद के निरीक्षण और अधिकारियों से वार्ता के बाद क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि करीब दो वर्षों से लंबित पड़ा अंडरपास निर्माण कार्य अब गति पकड़ेगा। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराए और खुदाई के कारण प्रभावित हुए आसपास के मकानों की स्थिति का भी संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करे। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुराग सिंह, अशोक सिंघल, अर्जुन पासी, प्रधान गुलाम वारिस,राम खेलावन, धनपती व सूरसती आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## प्रतीक राज पाण्डेय की सूझबूझ से शांत हुआ आक्रोश

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।**


कोतवाल से वार्ता करते प्रतीक राज पाण्डेय

लखनऊ-रायबरेली राजमार्ग पर बछरावां क्षेत्र के बगही जंगल में लापता युवक का शव मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने हाईवे पर जाम लगा दिया था। स्थिति धीरे-धीरे तनावपूर्ण होती जा रही थी। इसी बीच लखनऊ से रायबरेली लौट रहे कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय के बड़े पुत्र प्रतीक राज पाण्डेय ने मौके पर रुककर मामले को संभाला। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों से सीधे संवाद किया, उनकी बात को गंभीरता से सुना और शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उनकी इस पहल के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ और हाईवे पर लगा जाम खोल दिया गया। इतनी कम उम्र में भी उनकी सूझबूझ, संवेदनशीलता और परिस्थिति को संभालने की क्षमता की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रतीक राज पाण्डेय ने एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई।

## मत्स्य पालक कल्याण कोष की जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं उ.प्र. मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना अन्तर्गत 08 जून से 10 अगस्त 2026 तक विभागीय पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन कुल 70 आवेदनों के सापेक्ष कुल 47 (34.70 हेक्टेयर) पात्र आवेदकों का चयन किया गया। जिसके अंतर्गत चयनित आवेदकों को ग्राम सभा से पट्टे पर प्राप्त तालाबों में प्रथम वर्ष निवेश तथा मत्स्य बीज बैंक में मत्स्य बीज एवं मत्स्य आहार आदि क्रय किए जाने पर नियमानुसार अनुदान की धनराशि उनके बैंक खातों में डी.बी.टी. के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

## एसपी ने देर रात बन्धुआकला थाने का किया औचक निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जायसवाल ने शनिवार देर रात मॉडर्न थाना बन्धुआकला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मेस, बैरक और हवालात का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की।पुलिस अधीक्षक ने थाने पर रखे अपराध रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों और दस्तावेजों का अवलोकन कर उनके रख-रखाव एवं अद्यावधिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने हवालात की सुरक्षा और साफ-सफाई व्यवस्था को भी परखा।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए।

साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर थानाध्यक्ष प्रमोद पटेल के साथ थाने का पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## जिलाधिकारी ने पोषण सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर दिया जोर

**बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा**

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जाए। बैठक के दौरान निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों, निर्माणाधीन परियोजना कार्यालयों, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण वाटिका तथा गंभीर कुपोषित बच्चों की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए इनके संचालन एवं व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पोषण वाटिकाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पोषण संबंधी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों एवं सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने सैम बच्चों की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण संबंधी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने तथा संबंधित विभागों के समन्वय से उन्हें कुपोषण से बाहर लाने के निर्देश दिए।

# किसान पर गिरी आकाशीय बिजली, मौत

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।**



भारी बारिश के बीच शौच के लिए नहर पर गये किसान पर बज्रपात होने से मौत हो गई जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार की सुबह से हो रही भारी बारिश में पूरे काली पासी मजरे रोखा गांव निवासी भोलानाथ पासी उर्फ भीखम पुत्र मतन पासी 46वर्ष शौच क्रिया के लिए घर से गांव के पास बह रही डीह रजवहा नहर की पटरी पर गया था। तभी अचानक गड़गड़ाहट के साथ उसके ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे मौके पर ही उसकी झुलस कर मौत हो गई । जैसे ही बारिश कम हुई ग्रामीण जब नहर की पटरी की तरफ गए तब जानकारी हुई किसान भोलानाथ की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची देखते ही देखते ग्रामीणों का मौके पर तांता लग गया वहीं मौके पर पहुंची पत्नी उर्मिला व बेटे राजकरन का रोरोकर बुरा हाल है। ग्राम प्रधान वहीद खान की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया वहीं जानकारी होने पर नायब तहसीलदार ऋचा सिंह व लेखपाल अजय कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए परिजनों को ढाढस बाधायां और कहा शासन की जो भी मदद होगी दिलवाई जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने पर किसान की मौत हुई है जिसके शव को पी.एम के लिए भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### कच्चे मकान की दीवार पक्के मकान पर गिरने से मकान हुआ जमींदोज

**कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।** जनपद के भुपियामऊ चौकी अंतर्गत साराय बहेलिया निवासी रामबाबू के मकान पर उनके चाचा राम भवन का कच्चा मकान बारिश के कारण जर्जर हो चुका था और एक ही झटके में पक्की दीवाल पर जा गिरा जिससे घर के अंदर सो हर रहे रामबाबू उनकी पत्नी कुसुम तथा दो अबोध बच्चे देवांसी 7 वर्ष देवांश 5 वर्ष मालवे में दब गए तेज धमाके की आवाज सुनकर अगल-बगल के पड़ोसियों ने देखा कि रामबाबू का पूरा परिवार मलबे में दबा पड़ा है आनन फानन में लोगों ने मिट्टी तथा ईंटों को निकाल कर दबे हुए दंपति और बच्चों को 108 एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाए जहां पर देवांशी उम्र 7 वर्ष की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार घायल दम के चाचा राम भवन को कई बार जर्जर घर गिराने के लिए कहा गया था लेकिन उन्होंने बात को अनसुना कर दिया यह तो संजोग मात्र ही था कि लोगों की जान बच गई है लेकिन गंभीर हालत में कुछ कहा नहीं जा सकता स्थानीय लोग पड़ोसी चाचा को तरह-तरह की बातें कह रहे हैं।

### गंगा-यमुना के बढ़ते जलस्तर से मंडराया बाढ़ का खतरा

**प्रयागराज।** गंगा-यमुना के लगातार बढ़ते जलस्तर से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। फिलहाल दोनों नदियाँ अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। छोटा बघाड़ा जैसे निचले इलाकों में पानी भरना भी शुरू हो गया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को बाढ़ के दृष्टिगत बक्शी बांध एसटीपी एवं नागवासुकी रोड पहुंचकर बढ़ते जलस्तर को देखा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बाढ़ के सम्बंध में सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए साथ ही उप जिलाधिकारी सदर को बाढ़ के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाओं समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ का पानी धीरे धीरे बढ़ रहा है तथा खतरे के निशान से नीचे है। उन्होंने कहा कि अभी तक बाढ़ से आबादी प्रभावित नहीं हुई है। कहा कि नदी के किनारे क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है। एनडीआरएफ की टीम लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। सभी राहत शिविर क्रियाशील है। उन्होंने लोगो से अपील की कि यदि बाढ़ का पानी ज्यादा बढ़ता है तो वे बाढ़ राहत शिविरों में शिफ्ट हो जायें। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### कोइरीपुर में फॉल्ट से 19 घंटे गुल रही बिजली

**चांदा, सुलतानपुर।** नगर पंचायत कोइरीपुर स्थित 33/11 केवी पावर हाउस से जुड़ी 33 हजार वोल्ट की केबल में फॉल्ट आने से रविवार दोपहर से करीब 19 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे कोइरीपुर, कसईपुर, सोनावा, सिहौली, मूसेपुर और भुआ पठखौली समेत कई गांव प्रभावित रहे। बिजली गुल रहने से घरेलू कार्यों के साथ पानी की टंकी, पंपिंग सेट व अन्य विद्युत उपकरणों पर निर्भर लोगों को परेशानी हुई। विद्युत कर्मियों ने लगातार प्रयास के बाद फॉल्ट ढूंढकर उसे ठीक किया और आपूर्ति बहाल की। उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्या ने बताया कि 33 हजार की केबल में फॉल्ट के कारण आपूर्ति बाधित हुई थी, जिसे दुरुस्त कर दिया गया है।

### भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने नवागत एसपी से की मुलाकात

**सुलतानपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों ने नवागत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से परिचयात्मक मुलाकात की। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और बाजार क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने पर चर्चा हुई। व्यापारियों ने प्रमुख बाजारों, सराफा क्षेत्रों में पुलिस पिकेट, मोबाइल गश्त और सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता की मांग की। एसपी ने व्यापारियों को भयमुक्त होकर व्यापार करने का आश्वासन देते हुए उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता बताया। उन्होंने पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए नियमित बैठकें आयोजित करने की बात कही।बैठक में जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरि सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संतों का सानिध्य ही जीवन का मूल दर्शन : निष्ठा शर्मा

**सत्यधाम आश्रम पहुंचीं सरगम क्वीन, संतों से लिया आशीर्वाद**

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।**



कोइरीपुर नगर पंचायत के समीप सिंहौली स्थित सत्यधाम आश्रम में आयोजित मासिक सत्संग में बॉलीवुड गायिका एवं सरगम क्वीन निष्ठा शर्मा पहुंचीं। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सत्यधाम के गद्दीधीश सत्यसमदर्शी देवेंद्र कविराजदेव महाराज ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभा का सम्मान होना चाहिए, क्योंकि प्रतिभाएं ईश्वर प्रदत्त उपहार हैं। निष्ठा शर्मा ने कहा कि संतों का सान्निध्य जीवन का मूल दर्शन है। उन्होंने स्वयं को गुरु दीक्षित बताते हुए भजन प्रस्तुत किए, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो गए।कार्यक्रम में पूज्य संत शत्रुघ्न साहिब जी द्वारा रचित पुस्तक 'गुरु दया-2' का विमोचन किया गया। संत निर्मल जी ने आध्यात्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। संगीतविद् जय प्रकाश शर्मा ने गुरु महिमा और संगीत साधना पर विचार रखे। गद्दीधीश ने निष्ठा शर्मा को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।म्यूजिक डायरेक्टर हर्षित शर्मा ने भी भजन प्रस्तुत कर संतों का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में प्रबंधक सुधा देव जी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कलाकार और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भारत कौशल प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाने का युवाओं को सुनहरा अवसर

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** जिला समन्वयक, उ.प्र. कौशल विकास मिशन रायबरेली विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत कौशल प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल से जुड़े 63 क्षेत्रों में 16 से 23 वर्ष तथा कुछ सेक्टरों में 26 वर्ष तक के इच्छुक एवं पात्र युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए 15 सितम्बर 2026 तक स्किल इंडिया डिजिटल हब पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता चार चरणों- जनपद, मंडल, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होगी। प्रत्येक चरण में सफल प्रतिभागी ही अगले स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे।

# वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का मिलेगा लाभ

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी आर.वी. सिंह ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में शिक्षण संस्थानों से आवेदन अग्रसारित न होने, पी.एफएम.एस. से रिजेक्ट होने तथा अन्य कारणों से छात्रवृत्तिशुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को भुगतान हेतु पोर्टल खोले जाने की समय-सारिणी निर्गत की गई है। जिसके अनुसार शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने का कार्य 01 से 07 सितंबर 2026, विश्वविद्यालय एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 02 से 08 सितंबर, जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 03 से 09 सितंबर तथा विश्वविद्यालय एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा रिजल्ट अद्यतन करने का कार्य 03 से 10 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद एन.आई.सी. द्वारा स्क्रूटनी 11 से 15 सितंबर, त्रुटिपूर्ण आवेदनों का संस्थान स्तर से सुधार 16 से 18 सितंबर, शिक्षण संस्थाओं द्वारा सत्यापित एवं पात्र डाटा अग्रसारित करने का कार्य 17 से 19 सितंबर तथा एन.आई.सी. द्वारा पुनः स्क्रूटनी 20 से 22 सितंबर 2026 तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपदीय समिति द्वारा शुद्ध डाटा लॉक करने का कार्य 17 से 25 सितंबर, मांग सृजन 26 से 28 सितंबर तथा धनराशि का अंतरण 29 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा।

## कार की टक्कर से घायल शिक्षामित्र की भी इलाज के दौरान मौत

**दुर्घटना में दो की पहले हो चुकी है मौत**

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

नेशनल हाईवे पर रविवार को हुई कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार घायल शिक्षामित्र की भी इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गयी। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक रमाकान्त मिश्र की मौके पर ही मौत हो गयी थी। वहीं दुर्घटना में ई-रिक्शा पर बैठा मासूम आठ साल के बालक की भी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार की देर रात मौत हो गई थी। महिला की मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। घायल शिक्षामित्र रीना देवी पत्नी भरत लाल सरोज को गम्भीर दशा में जिला अस्पताल से देर रात प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी भी सांसें थम गयीं। शव पीएम के बाद देर रात घर पहुंचने की संभावना है। लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई पेट्रोल पम्प के पास बीते रविवार की शाम करीब चार बजे तेज रफ्तार से आ रही कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक अझारा निवासी रमाकान्त मिश्र की मौत के साथ ही इस पर बैठे नयापुरवा गॉव निवासिनी चालीस वर्षीय संगीता देवी पत्नी उमेश प्रजापति व उसका आठ वर्षीय पुत्र आत्दिय प्रजापति एवं डभियार निवासी सैतीस वर्षीय रानी देवी पत्नी भरतलाल सरोज घायल हो गये थे।

## बेहतरीन कार्य करने पर तीन मीटर रीडर हुए सम्मानित



**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**

विद्युत विभाग में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाने के लिए एसडीओ कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें उत्कृष्ट कार्य के लिए मीटर रीडर आशीष मौर्य, दुर्गेश कुमार और सूर्य भूषण को विद्युत विभाग के एसडीओ बल्दीराय एमपी सिंह ने सम्मानित किया।एसडीओ ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बिजली विभाग की सेवाओं में मीटर रीडिंग और बिलिंग व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका है।उपभोक्ताओं के घरों तक सही रीडिंग और पारदर्शी बिलिंग पहुंचाने में मीटर रीडरों की जिम्मेदारी अहम है।उन्होंने कहा कि कर्मचारी इसी तरह जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ काम करते रहें,ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो।सम्मान मिलने से कर्मचारियों में उत्साह नजर आया।विभागीय अधिकारियों ने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने से अन्य कर्मचारियों को भी अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में विद्युत विभाग के बड़े बाबू विजय रावत,जेई आनंद भारतीय और बिलिंग सुपरवाइजर सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## खड़ंजा मार्ग पर बोल्डर लगाने से आवागमन बाधित

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।** प्रतापपुर कमैचा विकास खंड के ग्रामसभा तमरसेपुर में खड़ंजा मार्ग पर पत्थर का बोल्डर लगाए जाने से चार पहिया वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है।


### सूचना

मैं मक्खन लाल सोनी सुत रामदास सोनी निवासी-ग्राम पचरास थाना व तहसील रानीगंज जनपद प्रतापगढ़। सशपथ बयान करता हूं कि:-

धारा 1-यह कि मैं पता उपरोक्त का मैं स्थायी निवासी हूं।

धारा 2- यह कि मेरा नाती सुमित सोनी सुत स्व0 अमित कुमार सोनी निवासी उपरोक्त जो गलत लोगों की सोहबत में पड़ गया है मेरे तथा मेरी पत्नी प्रेमा देवी के कहने सुनने में नहीं रहता है। उसका संबंध गलत व अराजक तत्वों से हो गया है जिससे मैं तथा मेरी पत्नी सुमित सोनी से बराबर हैरान व परेशान रहते है।

धारा 3- यह कि मेरा नाती सुमित सोनी नशेड़ी प्रवृत्ति का हो गया है जिसके कारण शपथकर्ता से पैसे की मांग करता रहता है। न देने पर मारने-पीटने की बराबर धमकी देता है। इसी क्रम में पुलिस शपथकर्ता एवं परिजनों को बराबर हैरान परेशान करती रहती है उसके इन कृत्यों से शपथकर्ता उसकी पत्नी पारिवारिक लोगों का जीना हराम हो गया है।

धारा 4- यह कि सुमित सोनी के उपरोक्त कृत्यों से आजिज आकर मैं अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य की जिम्मेदारी शपथकर्ता व परिजनों से नहीं होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

धारा 5- यह कि मैं शपथकर्ता खूब सोच-समझकर बिना किसी जोर दबाव के अपने पूरे होशोहवास में देकर सुमित सोनी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।

मैं शपथकर्ता उपरोक्त सशपथ बयान करता हूं कि शपथ पत्र की धारा 1 से 5 में वर्णित कथन सत्य है ईश्वर मेरी मदद करे।

दिनांक 31.08.2026

शपथकर्ता
मक्खन लाल सोनी (उपरोक्त)


## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पांच की मौत, 22 से अधिक घायल

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** प्रयागराज-कौशाम्बी बॉर्डर पर स्थित पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर (मादपुर गांव के समीप) में सोमवार को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई है। 22 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और पूरी फैक्ट्री जमींदोज हो गई। इसके प्रभाव से आसपास के लगभग 5 से 7 मकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त या ढह गए हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुँचकर घायलों का कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने घायलों के बेहतरीन इलाज के लिए निर्देश दिए। यह हादसा सोमवार दोपहर लगभग 12:00 से 12:30 बजे के बीच हुआ। इसके बाद करीब एक घंटे तक पटाखों में लगातार सिलसिलेवार धमाके होते रहे। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह पटाखा फैक्ट्री मनौरी गांव के निवासी आदिल की थी। मलबे से निकाले गए 22 से अधिक घायलों को इलाज के लिए प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पूरामुफ्ती और पिपरी थाने की पुलिस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तथा एयरफोर्स (मनौरी स्टेशन समीप होने के कारण) की टीमें राहत कार्य के लिए मौके पर पहुंच गई। मलबे में अभी भी कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है, जिसके लिए बुलडोजर बुलाकर युद्ध स्तर पर मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। कौशाम्बी और प्रयागराज के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा एसीपी रवि गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया है।

# शासन व प्रशासन की उपेक्षा का शिकार बना माध्यमिक शिक्षकः राकेश सिंह

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**




माध्यमिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में एकदिवसीय धरना आयोजित हुआ। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षक एवं प्रधानाचार्य धरने में शामिल हुए। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रादेशिक उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और पेंशन बहाली जीवन-मरण का प्रश्न है। उन्होंने एनपीएस से पुरानी पेंशन व्यवस्था में शामिल शिक्षकों की कटौती की धनराशि ब्याज सहित जीपीएफ खातों में स्थानांतरित करने तथा लेखापर्ची जारी करने की मांग की।प्रादेशिक कोषाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी ने शिक्षकों के उत्पीड़न पर नाराजगी जताते हुए कार्यालयों की कार्यशैली में सुधार की मांग की। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने वित्तविहीन शिक्षकों के लिए सम्मानजनक मानदेय की व्यवस्था तथा कार्यालयों में भ्रष्टाचार समाप्त करने की मांग उठाई।

## कटरा मेदनीगंज में आवास योजना में रिश्वतखोरी का आरोप, पीड़ित बुजुर्ग ने खोली पोल

**समृद्धि न्यूज़, कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।**

नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के धनीपुर निवासी बुजुर्ग श्यामलाल गौतम ने आवास योजना आवंटन की आड़ में धनउगाही का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित बुजुर्ग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिलाने के नाम पर अवैध वसूली की पूरी दास्तान बयां कर रहे हैं। पीड़ित श्यामलाल गौतम का कहना है कि उनकी बेटी दिव्यांग (विकलांग) है और उनका परिवार अत्यंत दयनीय एवं असहाय स्थिति में जीवन-यापन कर रहा है। आरोप है कि कॉलोनी पास कराने और दिलवाने का झांसा देकर उनसे पहले ही 20,000 रुपये ऐंठ लिए गए थे। इसके बावजूद जब वे अपनी आवास आवंटन की स्थिति जानने पहुंचे, तो उनसे 20,000 रुपये अतिरिक्त (कुल 40,000 रुपये) की और मांग की जा रही है। पीड़ित ने धनीपुर निवासी संतोष मौर्य नामक व्यक्ति पर आवास के नाम पर पैसे मांगने और लगातार चक्कर कटवाने के आरोप लगाए हैं। पीड़ित बुजुर्ग जिस झोपड़ी और कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं, उसकी हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। घर की छप्पर वाली छत ढह चुकी है और पूरा परिवार मलबे तथा टूटी-फूटी दीवारों के बीच असुरक्षित माहौल में दिन काटने को मजबूर है।

# पांच जिलों का संपर्क दांव पर, काली नदी पुल पर मंडराया खतरा

- 50 साल पुराने पुल की मरम्मत अधर में
- नया पुल बनाने का प्रस्ताव भी लटका



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ कन्नौज।

औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई और शाहजहांपुर को जोड़ने वाला काली नदी का पुल अपनी जर्जर हालत के कारण कभी भी धराशायी हो सकता है। 50 वर्ष पहले बने इस पुल की स्थिति पिछले चार सालों में लगातार बिगड़ती जा रही है। दो बार क्षतिग्रस्त होने के बावजूद केवल मरम्मत कर जिम्मेदारों ने इतिश्री कर ली। कई जगह टूटी रेलिंग और कमजोर संरचना के कारण यह पुल बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। उधरनपुर गांव के पास काली नदी पर बना यह पुल 50 साल से अधिक पुराना है। 4 फरवरी 2021 को पुल का स्प्रिंग रोलर बेयरिंग टूटने से वाहनों का आवागमन बंद करना पड़ा था। इससे पहले 2016 में भी पुल में दरारें आई थीं, जिसके कारण कई दिनों तक छिबरामऊ-फर्रुखाबाद मार्ग पर बसों का संचालन ठप रहा। विगत 14 जनवरी 2023 को फिर दरारें और टूटी रेलिंग की समस्या सामने आई, जिसके बाद भारी वाहनों पर रोक लगानी पड़ी। हर बार मरम्मत के बाद यातायात बहाल तो हुआ, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।

**नए पुल का प्रस्ताव अधर में:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले साल सभी जिलों से 50 साल से अधिक पुराने पुलों की सूची मांगकर उनके नवीनीकरण का आदेश दिया था। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) कन्नौज और फर्रुखाबाद ने नए पुल का प्रस्ताव शासन को नहीं भेजा। कन्नौज के अधिशासी अभियंता (निर्माण खंड-1) ने कहा कि यह पुल फर्रुखाबाद जिले की सीमा में आता है, इसलिए फर्रुखाबाद के अधिशासी अभियंता को प्रस्ताव भेजना चाहिए। वहीं, फर्रुखाबाद के अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा और बजट मिलने पर फोर-लेन पुल का निर्माण होगा।

**विधानसभा में उठेगा मुद्दा:** छिबरामऊ की विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगी और शासन के उच्चाधिकारियों से बात करेंगी। उन्होंने भोजपुर विधानसभा के विधायक नागेंद्र सिंह राठौर के साथ मिलकर छिबरामऊ-फर्रुखाबाद मार्ग को फोर-लेन करने और नए पुल की मांग रखने की बात भी कही।

**जिम्मेदारी का टालमटोल:** पुल की देखरेख की जिम्मेदारी सेतु निगम के पास है, लेकिन बार-बार मरम्मत के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोग और राहगीर इस पुल की स्थिति से चिंतित हैं। उनका कहना है कि अगर जल्द नया पुल नहीं बना, तो बड़ा हादसा तय है। काली नदी का यह पुल न केवल पांच जिलों की कनेक्टिविटी का अहम हिस्सा है, बल्कि हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही का जरिया भी है। शासन और प्रशासन को तत्काल इसकी सुध लेनी होगी, ताकि संभावित खतरे को टाला जा सके।

# बीईओ ने पठन कौशल बढ़ाने पर दिया जोर



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ कन्नौज।

- एफएलएन के चौथे बैच का समापन

फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन सेंटर में चल रहे एफएलएन -2026 चौथे बच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी आनंद दुबे ने पठन कौशल बढ़ाने पर जोर दिया।

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने पठन कौशल को विकसित करें तथा बच्चों को पठन की समझ के साथ विस्तारपूर्वक बताएं। उन्होंने स्क्रीन टाइम कम करने और पुस्तकों को पढ़ने की ओर बढ़ने की सलाह दी, जिससे बच्चों में भी पुस्तकों के प्रति रुझान बढ़ेगा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन आयोजित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में रश्मि राजपूत प्रथम, सौरभ माथुर द्वितीय तथा दिव्या तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। आज के डेमो सत्र का संचालन हेमंत कुमार ने किया, जबकि अंग्रेजी सत्र का संचालन रामेंद्र राजपूत ने किया। एचपीसी विषय पर राजेश गौतम ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में आए सभी प्रतिभागियों को अर्चना चतुर्वेदी ने शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर योगेश यादव, सुशील दुबे एआरपी सहित विजय बाबू, रवि कुमार, विनय राजपूत, राजेश द्विवेदी समेत सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने सुरक्षा अधिकारों पर दी जानकारी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ कन्नौज।



महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति के तहत कोतवाली पुलिस ने ग्राम बड़ेपुर स्थित बुद्ध बिहार में महिलाओं और बच्चियों के लिए महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर गांव की बुजुर्ग महिलाओं, युवतियों और बच्चियों को एकत्रित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में एसआई दीपांजलि वर्मा ने मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया और महिलाओं में होने वाली हार्मोनल बीमारियों के लक्षण व बचाव के उपाय विस्तार से बताए। उन्होंने परिवार नियोजन पर जोर देते हुए सलाह दी कि एक बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर अवश्य रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं बिना किसी डर के पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। महिला पुलिसकर्मी खुशबू और बबली ने लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा घरेलू हिंसा व महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। कार्यक्रम में पॉक्सो एक्ट के कड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई और आपात स्थितियों में पुलिस सहायता के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया। गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के संस्थापक प्रबंधक सचिव एवं संरक्षक डॉ अंबेडकर पार्क तीर्थराज बौद्ध ने पुलिस टीम को भगवान बुद्ध का चित्र देकर सम्मानित करते हुए कहा यह कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास साबित हुआ है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नेहा, आशा कांती देवी तथा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष स्नेहलता समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## दो बार फुंकी नलकूप की मोटर, कई मोहल्लों में पेयजल का हाहाकार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में नगर पालिका के नलकूप की मोटर लगातार दो बार फुंक जाने से कई मोहल्लों में पेयजल के लिए हाहाकार मच गया है। इस नलकूप से जुड़े ओवरहेड टैंक से इंदिरा आवास कॉलोनी, सीतापुरम कॉलोनी, गीतापुरम कॉलोनी, मोहल्ला बस्तीराम, कोलियान, ग्रेसिगंज और हनुमान गढ़ी सहित कई इलाकों में पानी की आपूर्ति होती है। रविवार सुबह पेयजल आपूर्ति के बाद जब ओवरहेड टैंक भरने के लिए मोटर चालू की गई, तो वह फुंक गई। रात करीब 9 बजे नई मोटर लगाई गई। सोमवार सुबह दूसरी मोटर भी खराब हो गई। इसके बाद प्लंबर संदीप कुमार उर्फ कल्लू, नितिन कुमार, बेचेलाल और अनुज कुमार ने देर रात तक काम करके तीसरी नई मोटर लगाई। नगर पालिका के जलकल प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह तक पेयजल आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

# छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ कन्नौज।



नेहरू महाविद्यालय में आयोजित महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी कपिल दुबे ने कहा कि महिला सुरक्षा एवं बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने छात्र छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया, फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग तथा डिजिटल ठगी जैसे अपराधों से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विशेष तौर से अपनी गलती और समस्याएं अपने परिवारजनों को बताएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दी जानी चाहिए। उपनिरीक्षक (एसआई) सुश्री दीपांजलि ने महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना भय के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस विभाग के सहयोगी सदस्यों ने भी साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा से जुड़े प्रमुख हेल्पलाइन नंबर 112 राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा (पुलिस सहित तत्काल सहायता), 1091 महिला हेल्पलाइन (महिला पुलिस सहायता), 181 महिला हेल्पलाइन (सहायता एवं परामर्श), 1090 वूमेन पावर लाइन (विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में महिला उत्पीड़न/ छेड़छाड़ संबंधी शिकायतों के लिए), 1098 बच्चों की सहायता हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध/ऑनलाइन वित्तीय ठगी हेल्पलाइन पर विस्तृत चर्चा की।विद्यार्थियों ने पुलिस अधिकारियों से साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे और उपयोगी जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह ने पुलिस प्रशासन की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं सभी सहयोगी सदस्यों को धन्यवाद दिया। कार्यशाला के आयोजक प्रोफेसर उदय पाल सिंह द्वारा ने कहा कि वर्तमान समय में महिला सुरक्षा और साइबर अपराध दोनों ही गंभीर सामाजिक चुनौतियां हैं।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में बाइक सवार की हालत गंभीर, रेफर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम असालताबाद निवासी युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा क्षेत्र के कुंवरपुर बनवारी गांव के पास उस समय हुआ, जब युवक बाइक से अपने घर लौट रहा था। पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों के अनुसार, असलताबाद निवासी अखिलेश शाक्य (22) पुत्र स्व.प्रीतम शाक्य रविवार शाम किसी काम से बाइक से छिबरामऊ आया था। रात करीब 11:30 बजे वह बाइक से वापस अपने गांव जा रहा था। जैसे ही वह कुंवरपुर बनवारी के पास पहुंचा, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे अखिलेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायल अखिलेश को छिबरामऊ स्थित सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया।

### डॉ. राजपाल कश्यप के कार्यक्रम में ताहिर हुसैन के न शामिल होने से असमंजस में मुस्लिम मतदाता



**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप के तीन दिवसीय कन्नौज दौरे के दौरान आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ सपा नेता ताहिर हुसैन सिद्दीकी के शामिल न होने से मुस्लिम मतदाताओं में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि पीडीए जन पंचायत के तहत आयोजित कार्यक्रमों के होर्डिंग-बैनर में कहीं भी पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी का नाम नहीं था, जिससे उनके समर्थकों में रोष व्याप्त है। सोशल मीडिया पर लोग फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि क्या डॉ. राजपाल कश्यप का यह दौरा पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव और ताहिर हुसैन सिद्दीकी समर्थकों के बीच अलगाव को और हवा दे गया है। फिलहाल सपा के कार्यक्रमों में ताहिर हुसैन सिद्दीकी को नजरअंदाज किया जाना मुस्लिम मतदाताओं को खटक रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते इस गुटबाजी को नहीं संभाला गया तो आने वाले समय में पार्टी को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### भाजपा ने जनता को लाइन में लगाया : डॉ. राजपाल कश्यप

**समधन।** क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर में रविवार देर शाम समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए जन चौपाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर जमकर निशाना साधा। नेताओं ने कहा कि महंगाई और अन्य जनसमस्याओं के चलते आम जनता परेशान है तथा सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार आम जनता के विकास के लिए किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता महंगाई की मार से परेशान है। सरकार ने जनता के विकास की जगह उसे बार-बार लाइनों में लगाने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को इसका मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के बीते साढ़े नौ वर्षों के कार्यकाल में विकास के बजाय जनता का शोषण हुआ है। आज लोग अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों को बताने का आह्वान किया।

## जीपीएफ का ब्योरा कल तक न दिया तो रुकेगा वेतन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने जनपद के सभी अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (श्री डालचन्द इंटर कॉलेज लुखरिया व सार्वजनिक किसान इंटर कॉलेज जगदीशपुर गौरापुर को छोड़कर) के प्रबन्धकों/ प्रधानाचार्यों को जीपीएफ की सूचना प्रस्तुत करने हेतु कड़े निर्देश जारी किए हैं। डीआईओएस ने कहा है कि शिक्षा निदेशक माध्यमिक उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में वित्तीय वर्ष 2002-2003 के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के जीपीएफ में दिनांक 01 अप्रैल 2002 तक के अग्रिम अवशेष तथा वर्ष 2002-03 से 2005-06 तक के ब्याज, अस्थायी/अंतिम निकासी व सेवानिवृत्त उपरान्त धनराशि का विवरण निर्धारित प्रारूप पर सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में 31 अगस्त तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। डीआईओएस पप्पू सरोज ने कहां कि यदि निर्धारित समय तक सूचना जमा नहीं की गई।

# कच्चे मकान की छत गिरी, सामान मलबे में दबा



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ कन्नौज।

क्षेत्र के ग्राम सराय गोपाल में रविवार रात करीब दो बजे एक कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। छत गिरने के तेज धमाके से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सदस्य मकान के आसपास थे और कोई भी मलबे की चपेट में नहीं आया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। गांव निवासी सर्वेश पुत्र छेदालाल ने बताया कि रात करीब दो बजे अचानक कच्चे मकान की छत ढह गई। आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ मलबा हटाने में जुट गए। मकान में रखा गृहस्थी का सामान छत के मलबे में दब गया। सर्वेश की पत्नी शालिनी ने बताया कि हादसे में चारपाई, बिस्तर, बक्सा, दो बोरी सरसों तथा करीब पांच कुंतल गेहूं दब गया। अचानक हुई घटना से परिवार को काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार ने करीब 25 से 30 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान जताया है। परिजनों के मुताबिक मकान पहले से ही जर्जर हालत में था। लगातार बारिश के कारण कच्ची छत और कमजोर हो गई थी, जिसके चलते रात में अचानक ढह गई। घटना के बाद परिवार के सामने गृहस्थी का सामान सुरक्षित रखने के साथ ही रहने की समस्या भी खड़ी हो गई है।

पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मौके पर जांच कराकर नुकसान का आकलन कराने तथा आर्थिक सहायता और मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत सचिव शिवम यादव ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। प्रधान से संपर्क कर लेखपाल को मौके पर भेजा जाएगा। लेखपाल द्वारा नुकसान का सर्वे कराए जाने के बाद नियमानुसार मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

## तिर्वा रोड पर नाला निर्माण से बनी जलभराव समस्या



**गुरसहायगंज।** मोहल्ला राजेंद्र नगर नगर मे निर्माणाधीन नाला की वजह से तिर्वा रोड पर प्रदूषित पानी विगत 15 दिनों से आम जनमानस के लिए समस्या उत्पन्न कर रहा है। समस्या निस्तारण के क्रम मे अधिशाषी अधिकारी व सभासद प्रतिनिधि शिवा गुप्ता के आदेश कामयाब होते नहीं दिखाई दे रहें है। जिससे लोगो की नाराजगी बढ़ रही है। पालिका अध्यक्ष के प्रयास से वार्ड न 2 राजेंद्र नगर मे जल निकासी की बेहतर सुविधा के लिए नाला निर्माण विगत कई दिनों से कछुआ चाल से चल रहा है। जन प्रतिनिधिओ के कृपा पात्र ठेकेदार ने नाला निर्माण कराने से पूर्व जल निकासी की समस्या पर शून्य प्रतिशत पर भी ध्यान नहीं दिया जबकि बरसात के मौसम मे इस बात का जागरूक ठेकेदार कों ध्यान रखना चाहिए था। निर्माणाधीन नाला के पास ही नगर पालिका द्वारा जनहित मे टूबवेल का भी निर्माण कराया जा रहा है। नाले का गन्दा पानी एवं बरसात के पानी मे सडक पर ठहराव करके आवागवन करने वाले लोगो ने नगर पालिका पर समस्या से निजात दिलाने की जब मांग की तो अधिशाषी अधिकारी एवं सभासद प्रतिनिधि शिवा गुप्ता ने प्रयास तो किये लेकिन अभी तक आवागमन करने वाली जनताजनार्दन वाहन चालकों, विधार्थियो कों समस्या से निजात नहीं दिला सके। पुनः जनताजनार्दन ने पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता,अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार एवं सभासद प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवा गुप्ता से समस्या समाधान की माँग की।

## पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने फॉर्च्यून हॉस्पिटल पहुंचकर वंदना यादव का हाल जाना



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कानपुर स्थित फॉर्च्यून हॉस्पिटल पहुंचकर विधानसभा महासचिव समाजवादी पार्टी छिबरामऊ व पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव की धर्मपत्नी वंदना यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वंदना यादव की विगत दिनों सर्जरी हुई थी। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक हॉस्पिटल पहुंचे और चिकित्सकों व हॉस्पिटल प्रबंधन से बात कर बेहतर उपचार के लिए सहयोग की बात कही। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहाकि वंदना यादव जी के स्वास्थ्य में अब तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने हॉस्पिटल प्रबंधन से वार्ता कर हरसंभव सहयोग का आश्वासन लिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। परिवार के सुख-दुख में खड़ा रहना ही हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, शिल्पी यादव, शान मोहम्मद, मुजफ्फर खान सहित समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रिश्तेदारी में आए युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर दी जान

**समृद्धि न्यूज़, समधन।** रिश्तेदारी में आए 27 वर्षीय युवक ने घर के बाहर पेड़ की टहनी में कपड़े का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह खेतों की ओर गए बच्चों ने युवक का शव पेड़ से लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समधन क्षेत्र की ग्राम पंचायत भुड़हा के मजरा नन्देपुर्वा निवासी चन्द्रशेखर के यहां जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम खजुरिया नगला निवासी सूरज कुमार (27) पुत्र हरिभान सिंह रिश्तेदारी में आया हुआ था। बताया गया कि रविवार रात वह अचानक घर से बाहर निकल गया और कुछ दूरी पर स्थित चांदनी के पेड़ की टहनी में कपड़े का फंदा लगाकर जान दे दी। सोमवार सुबह खेतों की ओर जा रहे बच्चों की नजर पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी।

# पूर्व विधायक ने जनता दरबार में सुनी फरियादें

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज।



पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के गांधीनगर स्थित आवास पर सोमवार को जनता दरबार लगा। दूर-दराज से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। पूर्व विधायक ने कई शिकायतों पर दोनों पक्षों को मौके पर बुलाकर आपसी सहमति से निस्तारण कराया और भाईचारे के साथ रहने की अपील की।

अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ दो हजार सत्ताईस के विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से जनता परेशान है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में मतदान का मन बना चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पीडीए गठबंधन बनाए जाने से भाजपा चिंतित है।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रमोद यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, वसीम उर्फ लल्ला दुबे, शिल्पी यादव, लाडले, मोहम्मद अकील खान, मोहम्मद मुजफ्फर खान, शान मोहम्मद, पूर्व चंदन नगर पंचायत अध्यक्ष नकीम खान, मोहम्मद अतीक, मोहम्मद आरिफ, रजनू खान मंसूरी, मोहम्मद चांद हुसैन सिद्दीकी, साजिद खान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# वित्त विहीन शिक्षकों को नकद रहित चिकित्सा सुविधा का लाभ

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को बड़ी सौगात मिली है। अब उन्हें भी मुख्यमंत्री शिक्षक नकद रहित चिकित्सा योजना का लाभ मिलेगा। शिक्षा निदेशक माध्यमिक, शिक्षा सामान्य प्रथम द्वितीय अनुभाग प्रयागराज की ओर से इस संबंध में पत्रांक सामान्य प्रथम द्वितीय 4396-4477 /2026-27 दिनांक 31-8-2026 को समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक उत्तर प्रदेश को आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि शासन के पत्र संख्या 1/1402796/2026 दिनांक 21 जुलाई 2026 के संदर्भ में शासनादेश संख्या 1728/15-8-2026/3098/2025 दिनांक 04 फरवरी 2026 के प्रस्तर-2 (5) में तय व्यवस्था के तहत वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को नकद रहित चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाना है। इस संबंध में 21 जुलाई 2026 को शासनादेश जारी कर विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

1- शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक नकद रहित चिकित्सा योजना के लिए विकसित जालस्थल https://cmtcts.upsdcv.gov.in पर पंजीकरण कराना होगा।

2- शिक्षक को स्वयं तथा अपने आश्रितों का विवरण जालस्थल पर आधार पत्रक के अनुसार दर्ज करना होगा। 3- शिक्षक का आवेदन प्रथम स्तर पर सत्यापन और अनुमोदन के लिए संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक-प्रधानाचार्य को भेजा जाएगा। 4- प्रधानाध्यापक-प्रधानाचार्य की ओर से शिक्षक की नियुक्ति नियमानुसार होने और लगातार कार्यरत होने की दशा में जांच के बाद आवेदन संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक को सत्यापन और अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। 5- यदि संबंधित शिक्षक किसी कारण से विद्यालय से अलग हो गया है तो प्रधानाध्यापक-प्रधानाचार्य की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक को तुरंत बताया जाएगा, ताकि उसे योजना से अलग किया जा सके। 6- संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक-प्रधानाचार्य की ओर से आवेदन को प्रमाणित करने के बाद अंतिम अनुमोदन के लिए संबंधित जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय स्तर को भेजा जाएगा।

# बंदियों को चिकित्सीय सुविधाओं में ना हो कमी: डीएम



समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद।

- नए आने वाले बंदियों का अवश्य हो स्वास्थ्य परीक्षण

बंदियों की सुविधाओं व स्वास्थ्य सेवाओं में कमी ना हो और नए आने वाले बंदियों को उनका स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराया जाए वहीं कारागार में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में किसी भी प्रकार की कमी ना हो यह बात कारागार निरीक्षण के दौरान डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कही। सोमवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार ने कारागार का औचक निरीक्षण कर बंदियों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली वहीं बैरिकों, स्वच्छता, लाइट, भोजन, चिकित्सीय सुविधाओं व वाच टॉवरों आदि स्थलों पर कर्मियों की नियमित तैनाती के निर्देश दिए वही एसपी विनोद कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी निगरानी व निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के लिए निर्देशित किया इस दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक रविंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर हुई चर्चा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर एवं जलालपुर सरवन में शैक्षिक सत्र 2026 - 27 के अंतर्गत प्रथम त्रैमासिक अभिभावक- शिक्षक बैठक का आयोजन विद्यालय प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष सुमन देवी के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल अबधनारायण ने डीबीटी योजना के माध्यम से अभिभावकों के खातों में भेजी जाने वाली 1200? की धनराशि को बच्चों के हित में शत प्रतिशत खर्च करने, निपुण भारत मिशन, दीक्षा एप , ऑपरेशन कायाकल्प, शारदा कार्यक्रम, समर्थ कार्यक्रम, नवीन विद्यालय प्रबंध समिति के गठन, दायित्वों एवं कर्त्तव्यों, प्री प्राइमरी शिक्षा, बच्चों के समग्र प्रगति पत्र आदि के सम्बन्ध में जानकारी को साझा करते हुए घर पर पढ़ाई का सकारात्मक वातावरण प्रदान करते हुए बच्चों में पठन पाठन की संस्कृति को विकसित करने तथा उनके सर्वांगीण विकास हेतु सक्रिय सहभागिता का निर्वहन करने के लिए अभिभावकों को उससे संबंधित शपथ को ग्रहण कराते हुए उनको प्रेरित किया। इस दौरान सहायक अध्यापक सिराज अहमद, एसएमसी सदस्य रीता सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## खाड़ेदेवर मार्ग के निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम पंचायत खाड़ेदेवर में जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने विकास खंड तालग्राम के खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष मकबूल अहमद ने बताया कि पूर्व रेलवे गुमटी वर्तमान अंडरपास से मुकेश सक्सेना के मकान तक करीब पांच सौ मीटर मुख्य मार्ग वर्ष उन्नीस सौ पचानवे में जिला पंचायत निधि से बनाया गया था। लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण मार्ग पूरी तरह खराब हो चुका है। बरसात में कीचड़ और जलभराव से स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों को आने-जाने में परेशानी होती है। संगठन ने मांग की है कि मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर तकनीकी जांच के बाद पुनर्निर्माण की स्वीकृति देकर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।

# सिविल अस्पताल लिंजीगंज के अधीक्षक ने सीएमओ पर लगाए आरोप

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज के अधीक्षक और मुख्य चिकित्साधिकारी सीएमओ के बीच का विवाद सामने आया है। लिंजीगंज अस्पताल के अधीक्षक ने सीएमओ पर निरीक्षण के दौरान रिवॉल्वर दिखाकर डराने, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और कर्मचारियों से अवैध वसूली का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। अधीक्षक ने इस संबंध में सीएमओ को पत्र लिखकर अपना स्थानांतरण रद्द करने की मांग की है।

अधीक्षक द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार 27 अगस्त के आदेश के तहत उनका स्थानांतरण नियम विरुद्ध तरीके से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर कर दिया गया है। अधीक्षक ने इस तबादले को तत्काल निरस्त कर उन्हें सम्मान सहित सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज में ही यथावत कार्य करने देने का अनुरोध किया है। 27 अगस्त को सीएमओ द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान अधीक्षक के चैंबर में आकर अभद्रता की गई।

सीएमओ पर आरोप है कि उन्होंने कर्मचारियों से प्रतिमाह अवैध वसूली कर पैसा देने के लिए कहा। जब अधीक्षक ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक भाषा का प्रयोग किया गया। इसके अलावा, निरीक्षण के दौरान रिवॉल्वर दिखाकर उन्हें भयभीत करने और जान-माल का खतरा पैदा करने का भी गंभीर आरोप लगाया गया है। अधीक्षक ने अपनी मानसिक स्थिति का जिक्र करते हुए लिखा है कि लगातार हो रहे मानसिक उत्पीड़न के कारण वे अत्यधिक अवसाद (डिप्रेशन) में हैं और उन्हें बार-बार आत्महत्या के विचार आ रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि उनके साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है, तो इसके पूर्ण रूप से जिम्मेदार स्वयं मुख्य चिकित्साधिकारी होंगे। उन्होंने डॉ. आर.सी. माथुर को लिंजीगंज का नया अधीक्षक बनाए जाने के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जिलाधिकारी और आईएमए जिलाध्यक्ष को भेजी गई है। इसी के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सिविल चिकित्सालय अधीक्षक डॉ0 राणा प्रताप के नेतृत्व में मुख्य अधिकारी से उनके कार्यालय में वार्ता हुई, जो की सार्थक रही। उन्होंने अधीक्षक का ट्रांसफर तत्काल प्रभाव से रोक देने को कहा तथा 5 और 6 तारीख को कर्मचारियों और अधिकारियों की अन्य समस्याओं के संबंध में वार्ता करने के लिए बुलाया है। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद दीक्षित, फार्मासिस्ट मनोज कुमार बाथम, जिला अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ अंकित दीक्षित, विजेंद्र फार्मासिस्ट, परितोष अवस्थी, गुलाब, सोनू, हरिओम, संजय कुमार, डॉ. आकांक्षा, नैना श्रीवास्तव, निधि मिश्रा, अनामिका चरन, सोनी, लता, पिंकी, रीना मौजूद रहे।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते कर्मचारी

# कालेश्वरनाथ मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**


भागवत कथा में पूजन करते डॉ. राजीव पाठक

**कलश यात्रा से गूंजा गंगा तट**

भैरोघाट स्थित ऐतिहासिक कालेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में माँ गंगा के पावन सम्मुख श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन और माँ गंगा के जयकारों के बीच इस धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारम्भ हुआ। अनुष्ठान में नगर के प्रमुख समाजसेवी डॉ. राजीव कुमार पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी विनीता पाठक ने मुख्य यजमान के रूप में पूजन-अर्चन संपन्न किया। आश्रम के महंत संजीव गिरि महाराज ने व्यासपीठ व मंच को सुशोभित किया और कथा में पधारे सभी भक्तों को आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद वितरित किया। कथा व्यास पंडित अम्बुज त्रिपाठी महाराज ने कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महापुरुषों और धर्मग्रंथों के अनुसार पतित-पावनी गंगा के तट पर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से उसका आध्यात्मिक फल 10 गुना बढ़ जाता है। गंगा मैया के सम्मुख कथा सुनने से जीव के कष्टों का निवारण होता है और भक्ति मार्ग प्रशस्त होता है। श्रीमद्भागवत कथा 31 अगस्त प्रारम्भ हुई और 06 सितंबर को कथा का विश्राम होगा और 07 सितंबर को विशाल महायज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक आयोजित, नई कार्यकारिणी का गठन


बैठक में मौजूद अभिभावक व शिक्षक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** रखा बालिका इंटर कालेज में शिक्षक–अभिभावक संघ की आमसभा की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह ने की। बड़ी संख्या में अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नई कार्यकारिणी समिति का गठन करना और शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाना था। बैठक में सर्वसम्मिति से नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष रीना, उपाध्यक्ष डॉ0 नीतू मसीह, कोषाध्यक्ष सोनी गुप्ता को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही कु0 वीना एडवर्ड को मन्त्री, भावना लाल को उपमन्त्री, सदस्य बबली, शीरीन, प्रीती देवी, नेहा मिश्रा, सुदामा, ममता, सुनील को बनाया गया। कु0 पूजा यादव अध्यापक सदस्य व कु0 लक्ष्मीअध्यापक सदस्य मनोनीत किया गया। नीतिका सनी प्रबन्ध समिति सदस्य मनोनी हुई। शिक्षक और अभिभावक प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल कर एक मजबूत कार्यकारिणी बोर्ड का निर्माण किया गया।

# बंद मकान से लाखों की नकदी व जेवरात चोरी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**


चोरों द्वारा फैलाया गया सामान

- पड़ोसियों के दरवाज़े बाहर से बंद कर दिया वारदात को अंजाम
- बाथरूम में बने लॉकर का भी ताला तोड़ा, रेकी की आशंका

शहर कोतवाली क्षेत्र के सधवाड़ा मोहल्ले में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफकर दिया। चोरों ने शातिराना अंदाज में वारदात को अंजाम देते हुए पड़ोसियों के मकानों की कुंडी बाहर से बंद कर दी थी। सोमवार को घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, मकान मालिक राजेश कुमार साध शनिवार को अपने बेटे, बहू और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किसी काम से देहरादून गया हुआ था और मकान बंद था। सोमवार को पड़ोसियों को चोरी की भनक लगी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जब पड़ोसी बाहर निकलने लगे तो पता चला कि चोरों ने पड़ोसी राजेश के भाई के बेटे के मकान समेत एक अन्य घर के बाहर से गेट बंद कर दिए थे, ताकि चोरी के दौरान कोई बाहर न आ सके। परिजनों व पड़ोसियों के अनुसार, चोरों ने घर के अंदर बने लॉकरों को निशाना बनाया। हैरत की बात यह रही कि चोरों ने बाथरूम में बने गुप्त लॉकर का भी ताला तोड़ दिया। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने पहले से मकान की रेकी की थी और उन्हें घर के हर लॉकर की सटीक जानकारी थी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मौके का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस की टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का सुराग लगाने में जुटी है। देहरादून गए परिजन वापस लौट रहे हैं, उनके आने और सामान का मिलान करने के बाद ही चोरी हुई सटीक नकदी और जेवरात की कीमत का सही आकलन हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## अप्रेन्टिसशिप मेले में 21 अभ्यर्थियों का हुआ चयन


प्रशिक्षण देते अभ्यार्थी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** ठण्डी सड़क स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को प्रातः 10 बजे से अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में 04 प्रमुख कंपनियों ने प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया और उन्हें शिशिक्षु अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण हेतु चयनित किया। आयोजित मेले में कुल 250 रिक्तियों के सापेक्ष 45 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा गहन साक्षात्कार के उपरांत कुल 21 योग्य अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। महाले आनन्द फिल्टर सिस्टम प्रा.लि. गुरूग्राम हरियाणा 08 अभ्यर्थी, बंसल स्टील एण्ड पावर लि0 हरियाणा 07 अभ्यर्थी, कृष्णा मारूति लि0 वालासर गुजरात 06 अभ्यर्थी का चयन हुआ। संचालन और व्यवस्था में संस्थान के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार, अप्रेन्टिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, राजकिशोर महतो तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का समस्त स्टाफप्रमुख रूप से उपस्थित रहा।

## खबरें एक नजर में

### कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक फिसली, युवक घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अताईपुर जदीद निवासी अभय प्रताप 30 वर्ष पुत्र राजीव कुमार सोमवार को किसी कार्य से बाइक द्वारा नवाबगंज जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम कुतुबुद्दीन नगर के समीप पहुंचे, तभी अचानक सड़क पर सामने से एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में अभय प्रताप ने बाइक से नियंत्रण खो दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल, रेफर

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर सिरौली में अनियंत्रित तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। नाजुक हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, पहाड़पुर सिरौली निवासी श्याम कुमार पाठक सोमवार दोपहर लगभग 12:30 बजे अपनी साइकिल से सिरौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दवा लेने गए थे। दवा लेने के बाद वह जैसे ही मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी मोहम्मदाबाद की दिशा से आ रही अज्ञात बाइक ने उनकी साइकिल में सीधी टक्कर मार दी। जिससे श्याम कुमार उछलकर साइकिल समेत सड़क पर जा गिरे और चोटिल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों ने एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना उन्हें निजी वाहन से तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने श्याम कुमार की स्थिति को गंभीर पाया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए कानपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से भागने में सफल रहा।

### गैर इरादतन हत्या में तीन को दस-दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद।** गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट तरुण कुमार सिंह ने तीन लोगो को दस दस वर्ष का कठोर करावास व 50,000 हजार रूपये से दंडित किया। थाना अमृतपुर के गाँव हमीरपुर वादी लालाराम कटेरिया ने थाना अमृतपुर में दी तहरीर में कहा कि मेरे जानवर महेन्द्र यादव पुत्र रामनाथ के खेत में चले गये थे, जो कि महेन्द्र यादव का खेत मेरे घर के सामने है, इसी बात को लेकर दो या तीन दिन बाद जब महेन्द्र यादव, जगराम यादव, विश्राम यादव पुत्रगढ़ रामनाथ खेत पर आये और मेरे बेटे मोरपाल को बुलाया और गली–गलौज करने लगे। जब मेरे बेटे ने गाली देने से मना किया तो हाथ में लिये लाठी डंडो से मार पीट करने लगे। जब मेरी बेटी रेनू बचाने गयी उसको भी मारा। सोर गुल कि आवाज सुनकर पड़ोसी लोग आ गये, उन लोगों को देख यह सब बहा से चले गये और जाति सूचक गालिया देते हुए चले गये। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज न्यायाधीश ने अभियुक्त विश्राम सिंह यादव, जगराम, जसवीर सिंह उर्फ कारे को दस–दस वर्ष का कठोर करावास व 50,000 हजार जुर्माना लगया।

### पिता-पुत्री को पीटने में दंपति पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव पकरिया निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र फतेह सिंह ने गांव के ही हरिनंदन पुत्र साहब सिंह व हरिनंदन की पत्नी नाम नामालूम व बड़े पुत्र नाम नामालूम के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 30 अगस्त समय करीब 11 बजे मैं अपने घर के बाहर खड़ा था कि तभी उपरोक्त सभी आरोपित गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे जब मेरी 8 वर्षीय पुत्री सौम्या ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की जिससे उसके सिर में चोट आ गई। उपरोक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

# गृह कलह से तंग आकर युवक ने लगायी फांसी, मौत

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया में सोमवार सुबह 35 वर्षीय युवक ने गृह कलेश और मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला बजरिया निवासी 35 वर्षीय उमर मियां ने गृहकलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के चाचा अफरोज ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र और डायल 112 पर दी गई सूचना के अनुसार, उमर का अपनी पत्नी से बीते कई वर्षों से विवाद चल रहा था। स्थानीय चर्चाओं और परिजनों के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच जारी इस विवाद के संबंध में लगातार कानूनी व आधिकारिक नोटिस आ रहे थे। कोर्ट-कचहरी और पारिवारिक कलह के कारण उमर पिछले काफी समय से गहरे मानसिक तनाव से गुजर रहा था। इसी अवसाद के चलते सोमवार सुबह लगभग 9 बजे उसने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। सूचना मिलते ही मऊदरवाजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष अजब सिंह ने बताया कि युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मायके आई महिला को सोते समय सांप ने डसा, मौत

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** पिता के निधन के शोक में मायके आई एक महिला की सोते समय जहरीले सांप के काटने से दुखद मौत हो गई। महिला को आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, जनपद मैनपुरी के थाना बिछुआ क्षेत्र के गांव वीलो निवासी अनीता 40 वर्ष पत्नी फूलवारीलाल अपने पिता के देहांत के बाद मायके आई हुई थीं। रविवार की रात वह परिजनों के साथ सो रही थीं, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन तुरंत उन्हें इलाज के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालांकि, वहां तैनात डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद अनीता को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एएनएम को दिया डायरिया रोकथाम का प्रशिक्षण

- बचाव और उपचार के बताए गए तरीके

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**


प्रशिक्षण में मौजूद स्वास्थ कर्मी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज परिसर में विकासखंड क्षेत्र के सभी एएनएम सेंटरों की एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने क्षेत्र में डायरिया दस्त के प्रकोप को रोकने, मरीजों के त्वरित उपचार और बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान डॉ0 धर्मेंद्र कुमार ने एएनएम को बच्चों व वयस्कों में होने वाले डायरिया के लक्षण, बचाव और प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय रहते सही देखभाल और ओआरएस व जिंक का सही प्रयोग डायरिया से होने वाले खतरों से बचा सकता है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, साफ-सुथरा खाना खाने और उबला या शुद्ध पानी पीने के प्रति जागरूक करें, ताकि भविष्य में कोई भी बच्चा या मरीज इस बीमारी से प्रभावित न हो सके। कार्यक्रम में मौजूद डॉ0 पीयूष पवन दीक्षित ने भी एएनएम और स्टाफ नर्सों को फील्ड में मरीजों की पहचान करने और समय पर इलाज उपलब्ध कराने के तरीके बताए।

इस मौके पर डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. पीयूष पवन दीक्षित, सीएचसी की स्टाफ नर्सें और नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के सभी एएनएम सेंटरों की एएनएम उपस्थित रहीं।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**


निरीक्षण करती डीएम एसपी


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 3 सितंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने ने इटावा-बरेली हाईवे स्थित थाना राजेपुर क्षेत्र के डबरी में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को देखते हुए प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, मंच और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम और एसपी ने कार्यक्रम स्थल के आसपास पैदल घूमकर व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों से आयोजन को लेकर जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान आने वाली भीड़ और वाहनों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित किए जाने की संभावना है।

बाढ़ पीड़ितों की बड़ी संख्या में मौजूदगी को देखते हुए प्रशासन सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को पुख्ता करने में जुटा है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने मातहत कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। समस्त तैयारी संपूर्ण ढंग से होनी चाहिए। सारी व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित होनी चाहिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. गिरीश कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म मामले में दो आरोपियों को 20-20 वर्ष का कारावास

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायालय/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेराज अहमद की अदालत ने 6 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ हुए जघन्य अपराध में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने दोनों आरोपियों विमलेश और अभय जाटव को दोषी ठहराते हुए 20–20 वर्ष के कठोर कारावास और 20–20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।
घटना 16 अप्रैल 2024 की है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह भट्ठे पर मजदूरी करने गया था। शाम को जब वह और उसकी पत्नी काम से घर लौटे, तो 6 साल की मासूम बेटी ने चारपाई पर पेशाब कर दी। इस पर जब माता–पिता ने डांट लगाई, तो बच्ची ने पेट में तेज दर्द होने की बात कही। गहनता से पूछताछ करने पर बच्ची ने बताया कि जब वह शाम को शौच के लिए गई थी, तभी स्कूल के पास से विमलेश उसे उठाकर करौंदे की झाड़ियों में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसका मुंह दबा रखा था और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के समय दूसरा आरोपी अभय जाटव भी मौके पर मौजूद था और अपराध में शामिल रहा। घर लौटने पर जब मां ने बच्ची के कपड़े उतारे, तो उसमें खून लगा हुआ था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने मजबूत साक्ष्य और दलीलें पेश कीं। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और गवाहों के बयानों को सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो एक्ट मेराज अहमद ने अभियुक्त विमलेश और अभय जाटव को दोषी पाया। कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को 20–20 वर्ष के सश्रम कारावास और 20–20 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# छात्राओं को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण


प्रशिक्षण देती एनडीआरएफ टीम

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

लोहाई रोड स्थित नारायण आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कालेज में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल गाजियाबाद के कमांडेंट सुदेश कुमार के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के समन्वय से आयोजित हुआ। जिसमें छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सहायक उप निरीक्षक रमाकांत यादव के नेतृत्व में आई एनडीआरएफटीम ने बाढ़, भूकंप, अग्निकांड, आकाशीय बिजली और हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों से बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए। टीम ने सुरक्षित प्रतिक्रिया के लिए ड्रॉप, कवर एवं होल्ड तकनीक, आपातकालीन स्थिति में उपयोगी सीपीआर बेसिक लाइफसपोर्ट, फर्स्ट एड प्राथमिक उपचार तथा गले में सांस या भोजन अटकने पर जीवन बचाने के उपायों का लाइव प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या इन्दु मिश्रा ने एनडीआरएफटीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि छात्राएं इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान के जरिए अपने जीवन, परिवार और समाज की सुरक्षा में पूर्ण आत्मविश्वास के साथ सहयोग करें और सुरक्षा की कड़ी को मजबूत बनाएं।

# शाहनवाज हत्याकांड में पिता और दो बेटों को आजीवन कारावास

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिला न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 01 ने वर्ष 2009 के बहुचर्चित शाहनवाज उर्फशानू हत्याकांड मामले में अहम फैसला सुनाते हुए पिता और उसके दो बेटों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है, जिसे न देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के अंतर्गत 4/13 हाता मझलेखाँ भीकमपुरा का है। वर्ष 2009 में दर्ज मुकदमा धारा 302/34, 504, 506 भादंवि में पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया था। फुरकान उर्फअच्छे कातिब उम्र लगभग 74 वर्ष, पुत्र अब्दुल रहमान, इमरान उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र मोहम्मद फुरकान, फरहान उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र मोहम्मद फुरकान निवासी 4/13 हाता मझलेखाँ भीकमपुरा, थाना मऊदरवाजा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायालय ने 25 अगस्त को दिए गए निर्णय के आधार पर दंडादेश का वारंट जारी किया है। धारा 302/34 भादंवि के तहत तीनों दोषियों फुरकान, इमरान और फरहान को आजीवन कारावास और 20–20 हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया गया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इमरान को धारा 4/25 आयुध अधिनियम में 3 वर्ष का कारावास और 5,000 रुपये का अर्थदंड भी दिया गया है अदा न करने पर 2 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 504 भादंवि में 2 वर्ष का साधारण कारावास और धारा 506 भादंवि में 5 वर्ष का साधारण कारावास सुनाया गया है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि अभियुक्तों से वसूले गए अर्थदंड की पूरी धनराशि मृतक शाहनवाज उर्फशानू के विधिक उत्तराधिकारियों को क्षतिपूर्ति धारा 357 दंड प्रक्रिया संहिता के रूप में दी जाएगी।

# पुठरी मंदिर महंत व उनके बेटे समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

- पुठरी शिव मंदिर में जंजीर गायब होने का है मामला
- पीड़िता ने एसपी से शिकायत कर महंत जताई थी आशंका

थाना क्षेत्र के गाँव पुठरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जल चढ़ाने आई एक महिला की सोने की जंजीर चोरी होने के मामले में पुलिस ने मंदिर के महंत समेत चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर मंदिर के महंत पर जंजीर गायब करने की आशंका जताई थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गाँव नगला मन्न निवासी मौसमी यादव पत्नी राधेश्याम यादव गत 24 अगस्त को सावन मास के अंतिम सोमवार पर सुबह लगभग 10:30 बजे पुठरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक करने गई थीं। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। जलाभिषेक के दौरान भीड़ के धक्के से उनके गले में मौजूद लगभग 16 ग्राम वजनी सोने की जंजीर टूटकर गिर गई। घटना वाले दिन ही पीड़िता ने रात करीब 10 बजे नवाबगंज थाने पहुंचकर मामले की लिखित सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मंदिर के गर्भगृह को बंद कराकर वहां मौजूद संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार भी एसओजी टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे। हालांकि, गहन छानबीन के बाद भी जंजीर बरामद नहीं हो सकी। स्थानीय पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता मौसमी यादव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मंदिर के महंत पर जंजीर गायब कराने का संदेह व्यक्त किया और न्याय की गुहार लगाई।

एसपी के निर्देश पर रविवार शाम करीब 7:30 बजे पुलिस ने सुरेश भारती महंत पुठरी शिव मंदिर, शिवम गिरी महंत के पुत्र, विनोद भारती महंत के भाई, देवेंद्र भारती निवासी पुठरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की अग्रिम विवेचना बबना चौकी प्रभारी अभिलाख सिंह को सौंपी है।

# मेधावी छात्रों-शिक्षकों व समाजसेवियों का किया सम्मान

**तहसीलदार सदर ने समाज के निरक्षर लोगों को शिक्षित करने की दी सलाह**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के कार्यालय स्टेट बैंक के पीछे में मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा पर्यावरण एवं योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा रत्न सम्मान जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार व डॉ. कमला तिवारी को मिला। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प. काली चरण शैक्षिक सम्मान डॉ. विनीता तिवारी को नोबल शिक्षक अवार्ड डॉ0 संदीप शर्मा को राष्ट्रीय योगा सम्मान शिवांगी चौहान को, शिवप्यारी देवी राष्ट्रीय ग्रीन वृक्ष क्रांति सम्मान मुस्कान सक्सेना को दिया गया।

भाजपा नेता रूपेश गुप्ता, राजेपुर ब्लॉक प्रमुख पक्ष्व सोमवंशी और तहसीलदार सदर विक्रम सिंह चाहल ने छात्रों को निरंतर अध्ययन करने तथा समाज के निरक्षर लोगों को शिक्षित करने की सलाह दी। अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और सरकारी योजनाओं से अवगत रहने की प्रेरणा दी।

युवा महोत्सव समिति



सम्मानित मेधावी

शिक्षण संस्थानों के मेधावियों पार्थिका रस्तोगी, शौर्य दीक्षित, मो0 अली उद्दीन, आंचल गुप्ता, नैशी राठौर, नित्या रस्तोगी, नवनीत दुबे, अनामिका तिवारी और सोबिया अतीक को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कई विद्यालयों के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

पर्यावरण एवं योग जागरूकता के लिए अनिल गंगवार, संजीव गंगवार, माला कटियार, मानसी पाठक, प्रियंका यादव, धैर्य गंगवार, प्रतिभा गंगवार आदि को भी सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. कविता पांडेय ने किया। व्यवस्था में कार्यक्रम प्रभारी हर्ष दुबे, डॉ0 कृष्णकान्त त्रिपाठी, हर्षित मिश्रा व कुशाग्र सक्सेना का सहयोग रहा।

# छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता में लिया भाग




प्रतियोगिता में मेंहदी दिखातीं छात्राएं

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज लोहिया पुरम आवास विकास में सावन के अंतिम दिनों में रक्षाबंधन पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभागार में चारों ओर मेंहदी की खुशबू और छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था। छात्राओं ने भारतीय संस्कृति को उजागर करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक चिन्ह कलश मोर स्वास्तिक इत्यादि का आश्रय लिया। इसके अतिरिक्त भी छात्राओं ने विभिन्न फूल पत्तियों से सुसज्जित मेहंदी भी अपने या दूसरे बच्चों के हाथों पर लगाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। पुरस्कार का निर्णय करने के लिए महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्रा बीएससी की मुस्कान रही। द्वितीय स्थान पर बीए की छात्रा गोसियां रही। जिसने अपनी मेहंदी में कलश मोर इत्यादि संस्कृत चिह्नों का प्रयोग किया था। तृतीय स्थान पर फूल पत्तियों से सुसज्जित अत्यधिक सुंदर मेहंदी लगाने वाली इल्मा आई है। इसके अतिरिक्त अक्षिता, अरसला, सानिया, इकरा, स्वाति, आशना इत्यादि छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता बहुत ही शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न की गई।

# सपा नेता ने 30 रुपये किलो बेंची समाजवादी चीनी



चीनी बेंचते सपा नेता युनुस अंसारी

**युनुस अंसारी ने साधा भाजपा पर निशाना**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद युनुस अंसारी के नेतृत्व में फतेहगढ़ चौराहे पर जनता को 30 प्रति किलो की दर से समाजवादी चीनी बेची गई। इस अनूठे प्रदर्शन के माध्यम से सपा नेताओं ने संदेश दिया कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर आम जनता को 30 प्रति किलो की दर से चीनी उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव मोहम्मद युनुस अंसारी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ने देश की जनता से वादा किया था कि कमल का बटन दबाओ और 13 किलो चीनी पाओ, लेकिन वह वादा हवा-हवाई साबित हुआ। उन्होंने कहा, हमने पहले काम करके दिखाया है, फिर जनता से वादा किया है। समाजवादी सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होता और जो सपा कहती है, उसे अक्षरशः पूरा करती है।

चीनी वितरण की व्यवस्था मोहम्मद यूसुफ अंसारी द्वारा संभाली गई, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे आम लोगों ने सस्ती दर पर चीनी खरीदी। इस अवसर पर राजा खान, जाहिद उर्फ जुम्मन, साजिद साहिब, अमन, असलम, दीपक कुमार, सुरेंद्र, हनीफ , हाजी अलादीन, सय्यद अजहर, तलत, शाहनवाज, साबिर सहित कई सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सबका विश्वास व सबका प्रयास की प्रेरणा



मनोनयन पत्र प्राप्त करते अंकित तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के कैम्प कार्यालय नोएडा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए फर्रुखाबाद निवासी अंकित तिवारी उर्फप्रशांत तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अंकित तिवारी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक त्यागी की उपस्थिति में राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकान्त त्यागी की अनुशंसा पर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी इं0 मनोज त्यागी ने अंकित तिवारी को प्रदेश का महासचिव नियुक्त किया गया और मनोनयन पत्र सौंपा। अंकित तिवारी ने कहा पार्टी नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूँगा। संगठन को मजबूत बनाना और राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल की जनहितकारी नीतियों एवं विचारधारा को उत्तर प्रदेश के कोने-कोने में जन-जन तक पहुँचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। बड़ी संख्या में समर्थकों व स्थानीय लोगों ने बधाई दी।

# डीएन कालेज में एनएसएस के तहत नशा मुक्त अभियान का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



गोष्ठी में मौजूद विद्यार्थी

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वावधान में सोमवार को दुर्गा नारायण महाविद्यालय प्रांगण में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने की तथा संयोजन डॉ. मो. अमीन के निर्देशन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता सुल्तान सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार, डॉ0 जवाहर सिंह गंगवार, हरि नन्दन सिंह यादव, सत्येन्द्र सिंह राठौर, अरविन्द कुमार सक्सेना एवं गीता राजपूत ने छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक किया। वक्ताओं ने नशे से बचाव के विभिन्न उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं को एक स्वस्थ और नशा-मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया। अतिथियों, प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी, प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त अभियान के तहत जीवन में कभी नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। संचालन विनय कुमार बाथम ने किया। इस अवसर पर डॉ. सत्येन्द्र कुमार, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. पंचम कुमार, सरस पाठक, प्रियान्शु सिन्हा, अनामिका मिश्रा उपस्थित रहे।


## खबरें एक नजर में

### कानपुर से लखनऊ शिफ्ट हुए यूपी टी-20 लीग के प्लेऑफ और फाइनल



**कानपुर।** लगातार बारिश और खराब मौसम के चलते यूपी टी-20 लीग सीजन-4 के प्लेऑफ और फाइनल मुकाबले अब कानपुर के ग्रीन पार्क की जगह लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने ग्रीन पार्क में प्रेस वार्ता कर इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और बेहतर खेल परिस्थितियां लीग प्रबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। लगातार बारिश से ग्रीन पार्क की आउटफील्ड प्रभावित होने और मुकाबले पूरे कराने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। लीग प्रबंधन चाहता है कि प्लेऑफ में पहुंचने वाली सभी टीमों को पूरे 20 ओवर खेलने का समान अवसर मिले। डॉ. कपूर ने कहा कि यह फैसला किसी टीम के पक्ष या विपक्ष में नहीं, बल्कि खेल की निष्पक्षता और खिलाड़ियों के हित में लिया गया है। गीली आउटफील्ड से चोट का खतरा और लगातार मैच बाधित होने से खिलाड़ियों पर पड़ने वाला शारीरिक-मानसिक दबाव भी निर्णय का अहम कारण है। प्लेऑफ और फाइनल की पूर्व निर्धारित तारीखों में कोई बदलाव नहीं होगा, सभी मुकाबले अब लखनऊ के इकाना स्टेडियम में ही आयोजित किए जाएंगे। लीग प्रबंधन ने कानपुर चरण में दर्शकों, खिलाड़ियों, टीमों और अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया।

### विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री




**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने सोमवार को ग्राम पंचायत फरीदपुर कट्टर के मजरा पूराहास, मल्लाहन पुरवा व कुशाल पुरवा और ग्राम पंचायत कटरी गदनपुर आहार के मजरा धन्ना पुरवा, भिखार पुरवा, दुल्ला पुरवा व हरीगंज के बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की और उनसे गंगा बाढ़ से हुए नुकसान के बाबत जानकारी हासिल की। भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने बाढ़ पीड़ितों को बताया कि खाद्य सामग्री की जरूरत की चीजें प्रदेश की योगी सरकार उपलब्ध करा रही है। योगी सरकार गरीबों की सेवा और सहायता के लिए अनवरत काम कर रही है। वह स्थानीय प्रशासन के जरिए गंगा बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। किसी को घबराने और डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों के साथ हूँ हर पीड़ित की मदद होगी यदि आप लोगों को किसी भी कोई भी परेशानी हो तो आप लोग हमें फोन द्वारा भी अपनी समस्या बता सकते हैं। उन समस्याओं का निराकरण जरूर किया जायेगा। राहत सामग्री वितरण के समय तहसील के उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला, तहसीलदार अखिलेश मौर्य, लेखपाल प्रवीण पटेल, प्रधान मनोज कुमार व प्रधान नवदीप राठौर मौजूद रहे।

### किशोर को सांप ने डंसा, रेफर

**बांगरमऊ, उन्नाव।** पड़ोसी जनपद हरदोई के ग्राम आलापुर निवासी एक किशोर को सोते समय उसके हाँथ ऊँगली में सांप ने काट लिया। उसकी चीख सुनकर परिजनों की आँख खुल गई और सांप को पकड़ कर डिब्बे में बन्द कर किशोर को गंभीर हालत में रात लगभग एक बजे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद किशोर की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कूड़ा कलेक्शन वाहनों को चेयरमैन ने किया रवाना

**फतेहपुर का हर वार्ड स्वच्छ और साफ दिखे इसीलिए किए जा रहे हैं संसाधन एकत्रित**

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



मलाका स्थित एमआरएफ सेंटर में कूड़ा कलेक्शन के वाहनों को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान अपने संबोधन में बोलते हुए अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा कि प्रत्येक वार्डो में कूड़ा कलेक्शन के लिए 85 लाख कीमत के 9 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। अब नगर पालिका परिषद फतेहपुर में 36 कूड़ा कलेक्शन के वाहन उपलब्ध है जो सभी 34 वार्डो में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कूड़ा कलेक्शन वाहनों को दिया गया है उनकी कोशिश है कि फतेहपुर का हर वार्ड स्वच्छ और साफ दिखे इसी के चलते तमाम संसाधन एकत्रित किए जा रहे हैं ताकि किसी भी वार्ड में वार्ड वासियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर एमआरएफसेंटर के इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य का माल्यार्पण कर व बुके देकर सम्मानित किया तो वही सभासद विनय तिवारी, संजय लाला, पवन द्विवेदी, संतोष पटेल, ऋतिक पाल, अतीश पासवान का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान इंचार्ज राघवेंद्र सिंह ने कहा की उनकी कोशिश है की सुबह हर घर में समय से कूड़ा कलेक्शन के वाहन पहुंचकर कूड़ा को कलेक्ट कर ले ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### बंदरों के आतंक से किसान परेशान, फसलों को पहुंचा रहे भारी नुकसान

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत बंगालपुर में बंदरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीण और किसान परेशान हैं। बंदरों के झुंड खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि बंदरों के हमले का खतरा राहगीरों और बच्चों के लिए भी बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले लंबे समय से गांव और आसपास के खेतों में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। झुंड के रूप में पहुंचने वाले बंदर खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद कर देते हैं। किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए खेतों में निगरानी करनी पड़ रही है। इसके अलावा गांव में आने-जाने वाले लोगों को भी बंदरों से खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं जिला वन अधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर वन विभाग की विशेष टीम भेजने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जिला कारागार(जेल) का औचक निरीक्षण निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम, पाकशाला (रसोईघर), पुरुष/महिला बंदीगृह, आगनवाड़ी केंद्र, चिकित्सालय, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) आदि को देखा। कंट्रोल रूम में सभी एक्स सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील पाए गए, रसोईघर में मीनू के अनुसार भोजन बनाया जा रहा था जिसका जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए की निरुद्ध बंदियों को आवश्यकतानुसार विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाय। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी, जेलर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# कलक्टरगंज पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

कमिश्नरेट कानपुर नगर के पूर्वी जोन में वांछित, एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) एवं वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे तीन दिवसीय धरपकड़ अभियान के तहत कलक्टरगंज पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के मामले में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, लाला सिंह पुत्र महेश सिंह, निवासी 82/270 सीपीसी कॉलोनी, थाना कलक्टरगंज, कानपुर नगर, उम्र करीब 30 वर्ष, के खिलाफ न्यायालय जेएम प्रथम, कानपुर नगर द्वारा मुकदमा संख्या 68338/21, अपराध संख्या 25/2020, धारा 294 भादवि, थाना कलक्टरगंज से संबंधित गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने अभियुक्त को 30 अगस्त 2026 की रात करीब 8-15 बजे सीपीसी कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे 31 अगस्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक, वारंटी अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी दर्ज है और उसके खिलाफ थाना कलक्टरगंज में धारा 294 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, चौकी प्रभारी नयागंज उपनिरीक्षक दिवेश चंद्र मिश्र और कांस्टेबल बबलू शामिल रहे।

# 56 वें जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा आयोजित

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**



भरावन के प्रसिद्ध सिद्धनाथ बाबा मंदिर प्रांगण में सोमवार को संत अवधेश दास जी महाराज का 56वां जन्मदिवस व मंदिर में अनवरत चल रहे सीताराम संकीर्तन के पांच वर्ष पूर्ण होने पर भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कश्यप मित्र मंडल सेवा समिति के अध्यक्ष गोकुल कश्यप के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हवन पूजन कर सिद्धनाथ बाबा को भोग लगाया गया। सर्वेश शास्त्री (माधव) ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन संपन्न कराया। हवन कुंड में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बारी बारी से आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक जयघोष से गूंज उठा। हवन में भाजपा नेता अजय कुमार सिंह, अध्यक्ष गोकुल कश्यप, भोला शुक्ला, दिनेश चौहान, प्रधान संतराम कश्यप, प्रधान श्रीराम कश्यप, सुमित अर्कवंशी, प्रधान दिनेश सिंह (कल्लू), टिंकू बाजपेई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति दी।

सिद्धनाथ बाबा मंदिर में पिछले पांच वर्षों से लगातार सीताराम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विशेष संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और भगवान के नाम का स्मरण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक करने के साथ सीताराम नाम और ' नमः शिवाय' का जाप किया। धार्मिक कार्यक्रम के बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### ट्रक व ट्रैक्टर की टक्कर, चालक घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ लखनऊ मार्ग आसत गांव के सामने रविवार देर शाम लखनऊ की ओर से बांस लादकर आ रहे ट्रक की सामने से आ रहे तेजरफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की जोरदार टक्कर से जहां ट्रक के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर द्वारा नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं ट्रैक्टर की ट्राली के पलट गई और चालक मौके से फरार हो गया।
बताया जाता है रविवार शाम लगभग सात बजे लखनऊ की और से बांस लादकर एक ट्रक बांगरमऊ की ओर आ रहा था तभी ग्राम आसत मोहिउद्दीन पुर के सामने बांगरमऊ की ओर से जा रहे तेजरफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की ट्रक से आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। ट्राली की टक्कर से ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गया।

# जीटी रोड जाम कर पुलिस पर हमला, सात गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**



चकेरी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग (जीटी रोड) जाम करने, एंबुलेंस में तोड़फोड़ करने और पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 पुरुषों और 2 महिलाओं समेत कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से घटना में प्रयुक्त ईंट-पत्थर, गिट्टी और चप्पलें बरामद की हैं।

पुलिस के मुताबिक, 30 अगस्त 2026 को महाराजपुर थाना क्षेत्र की एक मृतका के पोस्टमार्टम के बाद परिजन और ग्रामीण शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। रास्ते में असामाजिक तत्वों के उकसावे में करीब 50 से 60 लोगों की भीड़ ने एंबुलेंस चालक से अभद्रता करते हुए तोड़फोड़ की और शव को कानपुर-प्रयागराज जीटी रोड पर हवाई महल ढाबे के सामने रखकर दोनों तरफ का यातायात बाधित कर दिया। सूचना पर चकेरी और महाराजपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने करीब दो घंटे तक भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ उग्र बनी रही। इसी दौरान उपद्रवियों ने लाठी-डंडे, लोहे की सरिया और ईंट-पत्थरों से पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में चकेरी थाना प्रभारी निरीक्षक तथा महाराजपुर क्षेत्र के एक चौकी प्रभारी निरीक्षक को गंभीर चोटें आईं। वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया और शव को अंतिम संस्कार के लिए भेजा गया। मामले में चकेरी थाने में मु.अ.सं. 572/2026 के तहत बीएनएस की गंभीर धाराओं और 7 सीएलए एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। वीडियो रिकॉर्डिंग और स्थानीय पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही थी।

# जल निकासी की व्यवस्था न होने से इलाका हुआ जलमग्न

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

क्षेत्र के ग्राम आशयस में जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते क्षेत्र की ग्राम पंचायत अशायस सहित आसपास का इलाका जलमग्न हो गया है। लगातार जलभराव के कारण खेतों में पानी भर जाने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल डूबकर बर्बाद हो गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है और उनके सामने परिवार के भरण - पोषण के साथ ही अगली फसल की तैयारी को लेकर भी संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने अधिवक्ता अमित यादव के नेतृत्व में तहसील के उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला को पत्र देकर जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकासी के लिए नालियों, नालों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाना बेहद जरूरी है, ताकि बारिश का पानी खेतों में लंबे समय तक जमा न रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर जलनिकासी की प्रभावी व्यवस्था कराने, बंद पड़े नालों की सफाई कराने तथा आवश्यकतानुसार नए जलनिकासी मार्ग विकसित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में किसानों को और अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**



सोमवार को पं. राम शंकर त्रिपाठी सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइन्स, उन्नाव में चल रहे 39 वें त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव का दूसरे दिन के आयोजन का शुभारम्भ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य श्री रमाकांत त्रिपाठी जी ने किया कार्यक्रम में बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई जिसमें प्राइमरी वर्ग में केला दौड़ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय (अर्पिता शुक्ला, शार्थक बाजपेई समृद्धि), गुब्बारा युद्ध में प्रथम, द्वितीय, तृतीय(सौम्या गौतम, आरोही सिंह, आग्रह सैनी), पासिंग बाल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय(लावण्या, गौरी, वृषांक), कुर्सी दौड में प्रथम, द्वितीय, तृतीय(आस्था तिवारी आरुषी शुक्ला, अनीषा शुक्ला), तीन टांग दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम (पियूष, आदित्य), द्वितीय (जिगर, वरुण राज), तृतीय (शिवांश, प्रखर) कंचा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय( अध्वर्यु, तेजस,नैतिक) निशाने बाजी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय (उमंग, निखिल, दिग्विजय) तथा सूई धागा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय(अंशिका अग्निहोत्री, आयुषी पाल, रूही शुक्ला) स्थान पाकर विजयी रहें। जूनियर वर्ग, हायर सेकेंड्री वर्ग एवं सीनियर सेकेंड्री वर्ग में ऐतिहासिक प्रश्नोत्तरी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं गणित दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं प्रबंधक विभाष मिश्र, निदेशक स्वामी नाथ द्विवेदी एवं प्रधानाचार्य अशोक कुमार शुक्ल के समक्ष सकुशल संपन्न हुई।

## खबरें एक नजर में

### ओवरस्पीडिंग वाहनों की अब खैर नहीं, कार्रवाई जारी



**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु 31 अगस्त 2026 को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा थाना फरेंदा क्षेत्रान्तर्गत फरेंदा-सोनौली अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर आधुनिक इंटरसेप्टर वाहन में लगे स्पीड राडार गन के माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों की गति की सघन चेकिंग/माप की गई। चेकिंग के दौरान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले तथा यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन संचालित करने वाले चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालान व अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।पुलिस ने समस्त वाहन चालकों से अपील किया है कि वे निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं तथा यातायात नियमों का पूर्णतया पालन करें, जिससे उनकी व दूसरों की जीवन रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### अनुशासन, ईमानदारी व कड़ी मेहनत से प्राप्त होगा लक्ष्य



**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में आज जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज, महराजगंज में अधिकारी-विद्यार्थी संवाद एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया तथा प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, और लक्ष्य निर्धारण के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, डिजिटल जागरूकता और यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया। श्री सिद्धार्थ ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी व कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और सही दिशा में किया गया प्रयास उन्हें सफलता के नए आयाम तक पहुंचा सकता है।कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रशासन, प्राध्यापकगण, पुलिस बल के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिम से युवाओं को व्यायाम का मिलेगा अवसरः डॉ. पुष्प लता मंगल

**महाराजगंज।** नगर के उद्योग चौराहे पर आज ब्रदर्स फिटनेस ओपन जिम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल ने फीता काटकर ओपन जिम का उद्घाटन किया।इस दौरान डॉ पुष्पलता मंगल जी ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में स्वास्थ्य एवं फिटनेस का विशेष महत्व है। नगर में इस प्रकार के ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध होने से युवाओं सहित आम नागरिकों को नियमित व्यायाम के लिए बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम करने की अपील की।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि 318 विधानसभा सदर समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी निर्मेश मंगल, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पशुपतिनाथ गुप्ता एवं सम्मानित जनता मौजूद रहे।

### कजरी महोत्सव का आयोजन

**सादात/ग़ाज़ीपुर।** 'मंगल मैत्री सेवा मंडल' के तत्वावधान में नगर में रविवार को 'कजरी महोत्सव' का आयोजन किया गया । जिसमें कजरी के महत्व पर गायकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इसके ग्रामीण क्षेत्रों से विलुप्त होने पर चिंता जताई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं चंदौली के बिरहा सम्राट बालचरन यादव ने कहा कि कजरी हमारे देश की एक अद्भुत लोक विधा है। यह वर्षा के आगमन से लेकर सावन भादों के महीने में गाई जाती है। धान की रोपनी करते समय और झूला पर बैठ कर झुलते हुए खूब चाव से महिलाएं इस गीत को गाती है। इसे गाकर प्रेम और विरह के भाव को प्रकट करती है। कहा कि झूला झूलते समय महिलाएं राधा कृष्ण की लीलाओं, परदेश गए पति के प्रेम- विरह वेदना का भाव प्रकट करते हुए कजरी गीत गाती है ।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों से इसके पलायन पर चिंता जताते हुए इसको पुनर्जीवित करने पर बल दिया।




# 50 हजार का इनामी बदमाश घायल

▸ दरोगा की छीनी गई सरकारी पिस्टल व कारतूस बरामद

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**



तरयासुजान थाना क्षेत्र में पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गयी। पुलिस की जबाबी कारवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गयी। पुलिस हिरासत से पेट दर्द का बहाना बनाकर दरोगा की सरकारी पिस्टल छीनकर फरार हुए इस इनामी बदमाश को पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। मौके से लूटी गई सरकारी पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 30 अगस्त को तरयासुजान पुलिस ने 50,000 रुपये के इनामी वांछित अपराधी आशु कुमार यादव (पुत्र रामइकबाल यादव, निवासी बिन्दवलिया, थाना कुचायकोट, जिला गोपालगंज, बिहार) को गिरफ्तार किया था। थाने पर पूछताछ के दौरान उसने पेट में दर्द होने का नाटक किया और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उपनिरीक्षक रविकान्त सिंह के होल्स्टर से सरकारी पिस्टल निकालकर फरार हो गया था। घटना के तुरंत बाद एसपी केशव कुमार और एएसपी सिद्धार्थ वर्मा के निर्देशन में तरयासुजान, तमकुहीराज और स्वाट टीम की संयुक्त टीमों ने सघन घेराबंदी की।

# 93 लाख की धोखाधड़ी व जानलेवा हमले का आरोप

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

> अदालत के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जमीन, गोदाम और कारोबार में ठेका दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से करीब 93 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने और रकम वापस मांगने पर उस पर जानलेवा हमला करने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर कसया थाने की पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है । यह मुकदमा अदालत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2), 318(4), 191(2), 115(2), 351(3), 352 और 126(2) के तहत दर्ज हुआ है । मिली जानकारी के अनुसार तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा मुरलीधर गांव के निवासी फतेह बहादुर पुत्र अब्दुल लतीफ ने न्यायालय में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के तहत इस आशय का प्रार्थना पत्र दाखिल किया था कि वर्ष 2022 में कारोबार के सिलसिले में कसया आने पर उसकी मुलाकात कसया थाना क्षेत्र के भलुही मदारीपट्टी गांव ( जो कुशीनगर नगरपालिका क्षेत्र में शामिल है ) के निवासी जमाल अहमद और एकबाल अहमद से हुई थी । उसने साझे में कारोबार करने, ठेका दिलाने, गोदाम खुलवाने और नगरपालिका में काम दिलाने का भरोसा दिया। फतेह बहादुर का आरोप है कि गोदाम के लिए जमीन उपलब्ध कराने की बात कहकर 28 मार्च , 2022 को नोटरी के माध्यम से एग्रीमेंट कराया गया। जमीन की कीमत 46 लाख रुपये तय हुई। दो चेकों के माध्यम से एक लाख रुपये एडवांस देने के बाद शेष 45 लाख रुपये आरटीजीएस और नकद के जरिए अलग-अलग खातों में दिए गए। एक वर्ष बीतने के बाद न तो जमीन की रजिस्ट्री की गई और न ही गोदाम बनवाया गया। इसके बाद भी कारोबार और ठेका दिलाने के नाम पर रकम ली जाती रही। फतेह बहादुर का आरोप है कि उसने जमाल और एकबाल के कहने पर उनके पुत्रों सुहेल, फरीद, नूर मोहम्मद, खातिब खान और आशिफ खान को भी नकद व बैंक खातों के माध्यम से रकम दी। इस तरह उससे कुल करीब 93 लाख रुपये ले लिए गए। रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने 20 अप्रैल , 2023 को भारतीय स्टेट बैंक के चार चेक दिए, जिनमें सात लाख, 30 लाख, पांच लाख और सात लाख रुपये की रकम अंकित थी।

# निर्भय राजभर व श्वेता यादव ने बढ़ाया महाविद्यालय का गौरव

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



गोपीनाथ पीजी कॉलेज, देवली-सलामतपुर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के छात्र निर्भय राजभर एवं श्वेता यादव ने भूगोल विषय में यूजीसी नेट-जेआरएफ (हृश्वञ्ज-छ्वक्रस्न) परीक्षा उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

दोनों विद्यार्थियों की इस सफलता से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रबंधक, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुधा त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। यूजीसी नेट-जेआरएफ जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना निश्चित रूप से गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी भीषण आग की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।**

जमानियां कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवढ़ी गांव में सोमवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण घर में भीषण आग लग गयी जिमसे दो मासूम बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। देवड़ी गांव में घर में गैस सिलेंडर रिसाव होने की वजह से अचानक भीषण आग भड़क उठी। कमरे में फंसे दो बच्चे आग लगने के वक्त घर के कमरे के अंदर ही मौजूद थे और आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। जिसमें सुंदरम यादव पुत्र मुन्नी लाल यादव उम्र 14 वर्ष, और विशाल शर्मा पुत्र संजय शर्मा उम्र 14 वर्ष की मौके पर ही सुलझ कर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर तहसीलदार राम नारायण वर्मा सहित क्षेत्रीय लेखपाल के साथ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया।

# गंगा नदी के टापू पर फंसे 12 चरवाहों व 2000 से अधिक भेड़ों का पुलिस व प्रशासन ने किया सकुशल रेस्क्यू



**समृद्धि न्यूज, गाज़ीपुर।**

जनपद गाजीपुर में बाढ़ के खतरे के बीच पुलिस और नागरिक प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

दिनांक 30.08.2026 की रात्रि को सूचना प्राप्त हुई कि गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने के कारण ग्राम डुहिया सरैया (थाना सुहवल) के पास नदी के टापू पर कई भेड़ चरवाहे अपनी भेड़ों के साथ फंस गए हैं।

सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के नेतृत्व में एडीएम, एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी नगर तथा पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ददरी घाट पहुंची।

रात के अंधेरे में फंसे लोगों की सटीक स्थिति का पता लगाने के लिए नाइट विजन ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया गया, जिससे 12 चरवाहों और लगभग 2000 से 2500 भेड़ों की लोकेशन चिन्हित की गई।

फलड कंपनी, पुलिस टीम, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय नाविकों की मदद से तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया।

लगभग 6 घंटे तक चले जोखिम भरे और अथक रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी 12 चरवाहों और 2000 से अधिक भेड़ों को बिना किसी जनहानि के सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

स्थानीय ग्रामीणों और चरवाहों ने गाजीपुर पुलिस व प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई और जीवन रक्षा के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

# विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के शुभ अवसर पर हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचन्द जी के जन्म दिवस (29 अगस्त) के उपलक्ष्य में जूनियर बालिकाओ की खो-खो प्रतियोगिता एवं सब-जूनियर बालको की कुश्ती एवं सन्डे आन साईकिल दौड़ प्रतियोगिता आज दिनांक 30-08-2026 नेहरु स्टेडियम गाजीपुर के प्रांगण में किया गया। तीनो प्रतियोगिता के उद्घाटन के मुख्य अतिथि विनोद जोशी उप जिलाधिकारी सदर गाजीपुर के कर कमलो द्वारा एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ0 संगीता बलवंत जी के कर कमलो द्वारा किया गया। देवी प्रसाद क्रीड़ाधिकारी गाजीपुर द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया गया। खो-खो प्रतियोगिता में कुल 08 टीमों ने प्रतिभांग किया।

जिसका पहला सेमीफाइनल मैच नेहरु स्टेडियम (ए) बनाम नेहरु स्टेडियम (बी) के मध्य खेला गया, जिसमें नेहरु स्टेडियम (ए) 04-00 से विजयी रही, दुसरा सेमीफाइनल मैच बी0एस0डी0 पब्लिक स्कूल रेवतीपुर बनाम मॉ भगवती पब्लिक स्कूल रेवतीपुर के मध्य खेला गया। जिसमें बी0एस0डी0 पब्लिक स्कूल रेवतीपुर 06-00 से विजयी रही। खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मैंच नेहरु स्टेडियम (ए) बनाम बी0एस0डी0 पब्लिक स्कूल रेवतीपुर के मध्य खेला गया, जिसमें नेहरु स्टेडियम (ए) गाजीपुर 06-04 से विजयी रही।

## डीएम ने किया इवीएम गोदाम का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, गाजीपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने आज जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम गोदाम में सुरक्षा एवं संरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा गोदाम में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की वैधता एवं कार्यशीलता, तैनात सुरक्षा गार्ड, निगरानी हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सभी उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं सही एवं संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ बनाए रखने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

# राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर के खिलाफ कांग्रेस का विरोध मार्च

▸ निष्पक्ष कार्रवाई की मांग


**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी कुशीनगर के तत्वावधान में सोमवार शाम एक विशाल व अनुशासित विरोध मार्च निकाला गया। जिलाध्यक्ष रविन्द्र विश्वकर्मा 'राधे' के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पडरौना के सुभाष चौक से गांधी प्रतिमा कठकुइया मोड़ तक मार्च कर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी असहमति दर्ज कराई। यह विरोध उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संदर्भ में हुई घटना के बाद दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर के विरोध में था। समापन स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रविन्द्र विश्वकर्मा 'राधे' ने कहा कि संविधान हर नागरिक को सामाजिक समरसता और समानता का अधिकार देता है। कांग्रेस अध्यक्ष के सम्मान से जुड़े प्रकरण में विधि सम्मत कार्रवाई की मांग करना विपक्ष के नेता का लोकतांत्रिक दायित्व है, लेकिन विडंबना यह है कि कानून के अनुपालन की बात कहने वाले नेता प्रतिपक्ष पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया। यह निर्णय लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मर्यादाओं के सर्वथा विपरीत है, जिसका पार्टी वैधानिक व नैतिक तरीके से विरोध करेगी। वरिष्ठ नेता मोहम्मद जहिरूद्दीन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्याय और समानता की बात उठाने वाले विपक्ष के शीर्ष नेता के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। कांग्रेस नेता धनंजय पहलवान ने अपने संबोधन में कहा कि जनहित और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है और इस प्रकार के दबाव की राजनीति का लोकतांत्रिक ढंग से जवाब दिया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी देशदीपक मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में न्याय की वाजिब मांग को मुकदमों के जरिए दबाना स्वस्थ शासन व्यवस्था का संकेत नहीं है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद महराजगंज, जनपद महराजगंज





स्वच्छ महराजगंज, स्वच्छ भारत सुन्दर महराजगंज

## नगर पालिका परिषद महराजगंज के समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



-:: अपील ::-

1.कूड़ा पृथक्करण में नगर पालिका के सफाई मित्रों का सहयोग करें और कूड़ा इधर-उधर न फेंके।
2. स्वच्छ सर्वेक्षण में सकारात्मक प्रतिक्रिया देकर नगर को स्वच्छता रैंकिग में उच्च स्थान दिलाने में सहयोग करें।
3. नगर को कूड़ा मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें तथा प्रतिबन्धित पॉलीथिन का उपयोग न करें।
4. नगर पालिका की भूमि नाला, नाली, पोखरियों पर तथा सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण न करें।
5. डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए अपने आस-पास पानी न जमा होने दें और साफ-सफाई रखें।
6. गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग करके स्वयं खाद बनाये।
7.04 डस्टबिन हरा-गीला कचरा, नीला सूखा कचरा, लाल-सैनिटरी वेस्ट, पीला-ई-वेस्ट हेतु उपयोग करें और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्रों को दें।
8. शौचालय का करें उपयोग, दरवाजा बंद तो बीमारी बंद, खुले में शौच को पूरी तरह समाप्त करें।

## सम्मानित सदस्यगण

1. श्री दीपक, 2. श्रीमती सुराती देवी 3. श्री ब्रज किशोर सिंह 4. श्रीमती जानिता 5. श्री जितेन्द्र कुमार 6. श्री गोरखनाथ 7. श्री राजेन्द्र गौतम 8. श्री ऋषिकेश 9. श्रीमती रोहिणी 10. श्री अजय कुमार गुप्ता 11. श्रीमती रीनू 12. श्रीमती दुर्गावती 13. श्री अमितेश कुमार गुप्त 14. श्री बृजेन्द्र पटेल 15. श्रीमती संगीता 16. श्री राहुल पाण्डेय 17. श्री सदरे आलम 18. श्री राणा पटेल 19. श्रीमती रहमतुन निशा 20. श्री लालजी गुप्ता 22. श्री सिद्धार्थ नाथ शुक्ल 21. श्री गोरख 22. श्रीमती प्रमिला 23. श्रीमती सावित्री

## मनोनीत सम्मानित सदस्यगण

1. श्री मुरारीलाल निगम 2. श्री जगदीष निषाद 3. श्री अभय कुमार जायसवाल 4. श्री राजीव द्विवेदी 5. श्री मेवा लाल

पत्रांक 1181/न.पा.प.मह./2026-27
दिनांक- 12.08.2026

**अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद महराजगंज
जनपद-महराजगंज।**